संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, बुधवार, 21 जून 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 08 अंक: 168 पृष्ठ: 12 RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

## बंगाल पंचायत चुनाव में सेंट्रल फोर्स तैनात होंगी

### सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को दिया निर्देश, कहा-हाईकोर्ट के फैसले में दखल नहीं देंगे



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पश्चिम बंगाल** में 8 जुलाई को होने वाले पंचायत चुनाव में सेंट्रल फोर्सेस की तैनाती का रास्ता साफ हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले में दखल देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने बंगाल सरकार और राज्य चुनाव आयोग की याचिका भी खारिज कर दी। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस मनोज मिश्रा की वेकेशन बेंच ने मंगलवार को सुनवाई करते हुए कहा- बंगाल में चुनाव के दौरान हिंसा का पुराना इतिहास रहा है। हिंसा के साथ चुनाव नहीं हो सकते। राज्य सरकार और चुनाव आयोग को सेंट्रल फोर्स की तैनाती पर क्या एतराज है। कोर्ट ने राज्य चुनाव आयोग से कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराना आपकी जिम्मेदारी है। फोर्स कहां से आएगी, इसकी चिंता आपको नहीं करनी है। ऐसे में आपकी याचिका तो सुनने लायक ही नहीं है। कोर्ट ने यह कहते हुए याचिका खारिज कर दी।

### टीएमसी को झटका

= बंगाल में चुनाव के दौरान हिंसा का पुराना इतिहास रहा है। हिंसा के साथ चुनाव नहीं हो सकते

बंगाल सरकार की ओर से एडवोकेट सिद्धार्थ अग्रवाल, राज्य चुनाव आयोग की ओर से मीनाक्षी अरोड़ा और भाजपा की ओर से वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे ने दलीलें पेश कीं।
**जस्टिस नागरत्ना: अभी ग्राउंड सिचुएशन क्या है?**
**सिद्धार्थ अग्रवाल :** 8 जुलाई को चुनाव होना है। आज नाम वापस लेने की आखिरी तारीख है। राज्य भर में 189 मतदान केंद्र संवेदनशील हैं। हम सुरक्षा को लेकर पूरी तरह से तैयार हैं।
**जस्टिस नागरत्ना:** चुनाव कराना हिंसा का लाइसेंस नहीं हो सकता।

# अब भारत का टाइम आ गया: मोदी

## अमेरिकी दौरे से पहले पीएम मोदी का इंटरव्यू: वॉल स्ट्रीट जर्नल से कहा: रूस-यूक्रेन जंग पर बोले- हम निष्पक्ष नहीं

### संप्रभुता

= सभी देशों को अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का पालन करना चाहिए और दूसरे देशों की संप्रभुता का सम्मान करना चाहिए: मोदी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रूस-यूक्रेन जंग पर कहा- भारत निष्पक्ष नहीं है। भारत शांति के समर्थन में है। सभी देशों को अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का पालन करना चाहिए और दूसरे देशों की संप्रभुता का सम्मान करना चाहिए। विवाद बातचीत के जरिए सुलझाए जाने चाहिए, न कि जंग से। भारत इस जंग को रोकने की हर संभव कोशिश करेगा। पीएम मोदी ने यह बातें अमेरिका विजिट से पहले अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल को दिए इंटरव्यू में कहीं। एक घंटे के इंटरव्यू में



उन्होंने ग्लोबल पॉलिटिक्स से लेकर इकोनॉमी में भारत की लगातार बढ़ती भूमिका पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा- ग्लोबल लेवल पर भारत का अहम भूमिका निभाने का समय आ चुका है। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने जो इंटरव्यू छापा है उसमें पीएम मोदी से पूछे गए सवाल नहीं बताए गए हैं। उसे बातचीत के तौर पर पब्लिश किया गया है। पीएम की इंटरव्यू देते हुए कोई तस्वीर भी सार्वजनिक नहीं की गई है। बस यह बताया गया है कि उन्होंने पीले रंग का कुरता और लाइट ब्राउन कलर की जैकेट पहनी थी।
**भारत ग्लोबल साउथ देशों का लीडर:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत ग्लोबल साउथ देशों का लीडर तो है ही, बल्कि सालों से नकारे जा रहे दूसरे विकासशील देशों के मुद्दों को भी उठा रहा है।
यूएन में बदलावों की मांग करते हुए पीएम मोदी ने कहा भारत वैश्विक स्तर पर बड़ा रोल निभाने का हकदार है।

### चीन पर बोले- बॉर्डर पर शांति जरूरी

**पीएम मोदी** ने कहा कि भारत और चीन के बीच रिश्ते सुधारने के लिए बॉर्डर पर शांति होना जरूरी है। हम संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करते हैं। हम विवाद और मतभेदों को कानून और शांतिपूर्ण तरीकों से सुलझाने में यकीन करते हैं। पीएम मोदी ने ये भी कहा कि इन सब के साथ हम अपने सम्मान और अखंडता की सुरक्षा के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

## एलन मस्क समेत 24 दिग्गजों से मिलेंगे पीएम मोदी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी 20 जून से 23 जून तक अमेरिका दौरे पर हैं। पीएम मोदी के इस दौरे को दोनों देशों के बीच के द्विपक्षीय रिश्ते के लिए बेहद अहम माना जा रहा है। गौरतलब है कि पीएम मोदी के चार दिवसीय दौरे में दोनों देशों के बीच कई अहम समझौते होंगे। अपनी इस यात्रा के दौरान पीएम मोदी लगभग 24 लोगों से मुलाकात करेंगे।
**इन 24 दिग्गजों से मिलेंगे पीएम मोदी:** पीएम मोदी अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान टेस्ला के सह-संस्थापक एलन मस्क, एस्ट्रोफिजिसिस्ट नील डेग्रसे टायसन, ग्रैमी पुरस्कार विजेता भारतीय-अमेरिकी गायक फालू (फाल्गुनी शाह), पॉल रोमर, नसीम निकोलस तालेब, रे डालियो, जेफ स्मिथ, माइकल फ्रोमैन डेनियल रसेल, एलब्रिज कोल्बी, डॉ. पीटर आग्रे, डॉ. स्टीफन क्लास्को और चंद्रिका टंडन से मुलाकात करेंगे। अपने अमेरिका दौरे में पीएम मोदी इन हस्तियों से बातचीत करके दोनों देशों के बीच आपसी सहयोग मजबूत करने को लेकर भी चर्चा करेंगे।
**अपने क्षेत्र में खास है सबकी उपलब्धियां:** यह सभी अपने-अपने क्षेत्र के महान दिग्गज है। इसमें नोबेल पुरस्कार विजेता, अर्थशास्त्री, कलाकार, वैज्ञानिक, विद्वान, उद्यमी, शिक्षाविद, स्वास्थ्य क्षेत्र के विशेषज्ञ आदि शामिल हैं। माना जा रहा है कि मुलाकात के बाद पीएम मोदी इन सभी दिग्गजों को भारत आमंत्रित भी कर सकते हैं। इस खबर में हम आपको इन दिग्गजों के बारे में बताएंगे कि आखिर कौन व्यक्ति किस क्षेत्र में उपलब्धि हासिल कर चुके हैं और यह किस तरह से भारत के लिए अहम हैं।

## नकली दवाओं पर भारत की जीरो टॉलरेंस नीति: मंडाविया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा है कि भारत नकली दवाओं पर जीरो-टॉलरेंस की नीति का पालन करता है और भारत में बने दूषित कफ सिरप के कारण होने वाली मौतों के बारे में चिंता जताने के बाद 71 कंपनियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है और उनमें से 18 को अपनी कंपनी बंद करने के लिए कहा



गया है। एक विशेष साक्षात्कार में केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि देश में गुणवत्तापूर्ण दवाओं के उत्पादन को सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक जोखिम-आधारित विश्लेषण लगातार किया जाता है। साथ ही सरकार और नियामक हमेशा यह सुनिश्चित करने के लिए सतर्क रहते हैं कि नकली दवाओं से किसी की मृत्यु न हो। उन्होंने कहा कि हम दुनिया की फामेर्सी हैं और हम सभी को आश्वस्त करना चाहते हैं कि हम दुनिया की 'गुणवत्ता वाली फार्मेसी' हैं।

## पंजाब विधानसभा में आरडीएफ पर केंद्र के खिलाफ प्रस्ताव पास



**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**
**पंजाब** विधानसभा के स्पेशल सेशन के दूसरे दिन की कार्यवाही 3 प्रस्तावों की मंजूरी के साथ खत्म हुई। इस दौरान रूरल डेवलपमेंट फंड (आरडीएफ) जारी न करने पर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रस्ताव पास किया गया। गुरुद्वारा एक्ट 1925 संशोधन बिल भी विपक्षियों के विरोध के बाद पास हो गया। वहीं पंजाब यूनिवर्सिटीज लॉ एमेंडमेंट बिल पास किया गया, जिसमें गवर्नर की जगह सीएम चांसलर होंगे। दूसरे दिन की शुरूआत में ही कांग्रेस ने वॉकआउट कर दिया। सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने ऐतराज जताते हुए कहा कि पहले ये मकसद बताया जाए कि सेशन क्यों बुलाया है?। वहीं, भाजपा ने भी इस सत्र को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को खुश करने के लिए बुलाए जाने की बात कह कर विरोध जताया।



केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने 1690 करोड़ रुपये की करनाल ग्रीनफिल्ड 6 लेन रिंगरोड परियोजना के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। कार्यक्रम का आयोजन करनाल के कुटेल गांव में हुआ। इस दौरान हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला भी मौजूद रहे।

## 'ढाई हजार लाख करोड़ रुपये की इकोनॉमी बनाने की ओर अग्रसर है देश'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्रीय वाणिज्य** मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि देश ढाई हजार लाख करोड़ रुपये की इकोनॉमी बनाने की ओर अग्रसर है। हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एकजुट होकर इस दिशा में काम कर रहे हैं। हम भारत की ढाई सौ लाख करोड़ रुपये की इकोनॉमी को अगले 25 वर्ष में ढाई हजार लाख करोड़ रुपये की इकोनॉमी बनाने की ओर अग्रसर हो रहे हैं। वाणिज्य मंत्रालय के तहत दो साल में 38 लाख करोड़ का निर्यात 2020-21 में था जो अब 62 लाख करोड़ का निर्यात हो गया है।

## 'अध्यादेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगे'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी सिविल सेवा प्राधिकरण (एनसीसीएसए) की पहली बैठक हुई। इसमें दिल्ली सरकार में तैनात फॉरेंसिक अधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई का फैसला लिया गया। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने प्रेस वार्ता कर फिर अध्यादेश और उसके तहत इस अथॉरिटी को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार इस अध्यादेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगी, हमें उम्मीद है कि वहां से राहत



### रूख साफ किया

= इस अथॉरिटी में केंद्र सरकार ने मुख्यमंत्री के ऊपर दो अफसरों को बैठा दिया है: सीएम केजरीवाल

मिलेगी। केजरीवाल ने कहा कि इस अथॉरिटी में केंद्र सरकार ने मुख्यमंत्री के ऊपर दो अफसरों को बैठा दिया है। केंद्र सरकार अफसरों के जरिए दिल्ली सरकार को चला रही है। उन्होंने कहा कि हमारा देश एक जनतंत्र है। जनतंत्र भारत के संविधान की मूल आत्मा है। चुनी हुई सरकार से सारे अधिकार छीन लिये गए हैं। केंद्र सरकार अफसरों के जरिए दिल्ली सरकार चला रही है। अफसर केंद्र सरकार को रिपोर्ट करते हैं। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि दुनिया के इतिहास में पहली बार भाजपा ने ऐसा षड्यंत्र रचा है। अफसरशाही चुनी हुई सरकार के ऊपर होगी, क्योंकि अफसरों के ऊपर केंद्र सरकार होगी।

## 5 राज्यों में विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी की रणनीति



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मध्यप्रदेश**, राजस्थान, छत्तीसगढ़ समेत 5 राज्यों में होने वाले चुनाव को लेकर भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने रणनीति तैयार कर ली है। इसमें दो बातें अहम हैं। पहली यह कि पांचों राज्यों में चुनाव सामूहिक नेतृत्व में लड़ा जाएगा। यानी किसी भी नेता को सीएम फेस के रूप में प्रोजेक्ट नहीं किया जाएगा। दूसरी बात यह कि स्थानीय मुद्दों पर फोकस रहेगा। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि छग, राजस्थान और तेलंगाना में सीएम प्रोजेक्ट नहीं किया जाएगा। मप्र और मणिपुर में भाजपा की सरकार है, इसलिए वहां सीएम का चेहरा प्रोजेक्ट करने की जरूरत नहीं है। क्या मप्र में शिवराज के नेतृत्व में चुनाव लड़ा जाएगा? इस सवाल पर भाजपा के एक महासचिव ने कहा कि सामूहिक नेतृत्व में सीएम, पूर्व सीएम और सभी बड़े नेता आते हैं।

## अगले 15 दिन में 16 राज्यों में बारिश होगी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मानसून** को लेकर एक अच्छी खबर है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 15 दिनों में देश के आधे से ज्यादा राज्यों में बारिश होने लगेगी। इसकी शुरूआत कुछ राज्यों में सोमवार से हो गई। दिल्ली, बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल के तटवर्ती इलाकों में बारिश हुई और दिन में बादल भी छाए रहे। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 24 घंटों के दौरान असम, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम, पश्चिम मध्य प्रदेश में मध्यम से भारी बारिश हो सकती है।

## पुरी में शुरू हुई जगन्नाथ रथ यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/पुरी/अहमदाबाद**
**ओडिशा** के पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा शुरू हो गई है। सबसे आगे भगवान बलभद्र का रथ तालध्वज है। उनके पीछे देवी सुभद्रा का रथ दर्पदलन चल रहा है। आखिर में भगवान जगन्नाथ का रथ है, जिसे नंदीघोष या गरुड़ध्वज के नाम से जाना जाता है। रथ यात्रा में करीब 25 लाख लोगों के शामिल होने का अनुमान है। भगवान बलभद्र, सुभद्रा और



जगन्नाथ के रथ करीब ढाई से तीन किमी दूर गुंडिचा मंदिर तक जाती है। यात्रा में शामिल लोग रस्सियों के जरिए इन रथों को खींचते हैं।
गुंडिचा मंदिर को भगवान की मौसी का घर माना जाता है।

### भगवान जगन्नाथ

= आखिर में भगवान जगन्नाथ का रथ है, जिसे नंदीघोष या गरुड़ध्वज के नाम से जाना जाता है

इसीलिए रथ यात्रा को गुंडिचा जात्रा भी कहते हैं। हिंदू कैलेंडर के मुताबिक आषाढ़ महीने में शुक्ल पक्ष की दूज को भगवान जगन्नाथ के साथ उनके भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की रथ यात्रा निकाली जाती है।

## ट्राइफेड ने योग दिवस के लिए 34 हजार योग मैट की आपूर्ति की

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आदिवासी** कारीगरों और उनकी कलात्मकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ट्राइबल कोऑपरेटिव मार्केटिंग डेवलपमेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (ट्राइफेड) ने आयुष मंत्रालय को 34 हजार योग मैट की आपूर्ति की है।
जनजातीय कार्य मंत्रालय के अनुसार आदिवासी कारीगरों से ट्राइफेड द्वारा खरीदे गए योग मैट का उपयोग आयुष मंत्रालय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों, कार्यशालाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए करेगा। मैट उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेंगे, योग के प्रति उत्साही और आदिवासी कारीगरों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के बीच गहरे संबंध को बढ़ावा देंगे।
यह पहल न केवल आदिवासी समुदायों की आर्थिक संभावनाओं को मजबूत करती है बल्कि उनकी अनूठी कलात्मक परंपराओं के संरक्षण और प्रचार को भी सुनिश्चित करती है।

**उपलब्ध होंगी** कुंभ भले ही 2025 में लगने जा रहा है। लेकिन भारतीय रेलवे ने दो साल पहले ही तैयारियां शुरू कर दी है

## महाकुंभ: श्रद्धालुओं के लिए रेलवे चलाएगा 800 स्पेशल ट्रेनें

**टीम एक्शन इंडिया/प्रयागराज**
**उत्तर** प्रदेश के प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ की तैयारियां तेजी से शुरू हो गई। कुंभ भले ही 2025 में लगने जा रहा है। लेकिन भारतीय रेलवे ने दो साल पहले ही तैयारियां शुरू कर दी है। रेलवे की योजना है कि इस दौरान महाकुंभ मेले के लिए 800 मेला स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएगी। इसमें खास बात यह है कि यह ट्रेन केवल प्रमुख स्नान पर्व के लिए ही उपलब्ध होंगी। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार, कुंभ स्पेशल ट्रेन शुरू होने से देश भर से श्रद्धालुओं को धर्म नगरी




प्रयागराज में आने-जाने में सुविधा और सहूलियत होगी। हाल ही में महाकुंभ की तैयारियों को लेकर रेल मंत्री ने अफसरों के साथ अहम बैठक की। इस बैठक में स्टेशन की व्यवस्थाओं से लेकर ट्रेनों की मौजूदा स्थिति को लेकर विस्तार से समीक्षा की गई। महाकुंभ के लिए उत्तर-मध्य रेलवे को नोडल बनाया गया है। यह प्रयागराज में उत्तर रेलवे व पूर्वोत्तर रेलवे के स्टेशनों से संचालित होने वाली सुविधा व महाकुंभ को लेकर चल रही योजनाओं की निगरानी व अगुवाई भी कर रहा है।
प्रयागराज जंक्शन, सूबेदारगंज, छिवकी, नैनी, पूर्वोत्तर रेलवे के राम बाग एवं उत्तर रेलवे के प्रयागराज संगम, प्रयाग व फाफामऊ रेलवे स्टेशन से महाकुंभ से संबंधित यात्री सुविधाओं का संचालन किया जाएगा। वर्ष 2025 में होने वाले महाकुंभ में 15 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने के आसार हैं।

## 'आदिपुरुष' पर रोक की मांग को लेकर कोर्ट 30 जून को करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली।** फिल्म आदिपुरुष पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका को हिंदू सेना की ओर से दिल्ली हाई कोर्ट में रजिस्ट्रार के सामने उठाया गया। हाई कोर्ट की रजिस्ट्री के मुताबिक आदिपुरुष फिल्म पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट 30 जून को सुनवाई करेगा। हिंदू सेना की ओर से कल यानी 21 जून को दिल्ली हाई कोर्ट से इस मामले पर जल्द सुनवाई की मांग करते हुए मेंशन किया जाएगा। याचिका में हिंदू सेना ने आदिपुरुष फिल्म को बैन करने की मांग की है।

## कुकी जनजाति ने आर्मी प्रोटेक्शन की मांग

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा- यह कानून-व्यवस्था का मामला, 3 जुलाई को सुनवाई होगी

**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**
**मणिपुर** में 3 मई से कुकी और मैतेई समुदाय के बीच आरक्षण को लेकर हिंसा जारी है। इस बीच कुकी जनजाति को आर्मी प्रोटेक्शन देने की मांग वाली याचिका पर जल्द सुनवाई से कोर्ट ने इनकार कर दिया। जस्टिस सूर्यकांत और एम एम सुंदरेश की वैकेशनल बेंच ने कहा- राज्य में हिंसा कानून-व्यवस्था का मामला है। कुकी जनजाति को आर्मी प्रोटेक्शन देने वाली याचिका पर हम 3 जुलाई को सुनवाई करेंगे। यह याचिका मणिपुर ट्राइबल फोरम ने लगाई है। इस बीच मणिपुर हाई कोर्ट ने 27 मार्च को दिए गए



अपने फैसले पर रिव्यू पिटीशन स्वीकार कर ली है। उस आदेश में कोर्ट ने राज्य सरकार से मेइती समुदाय को एसटी में शामिल करने की सिफारिश का निर्देश दिया था। उधर केंद्र का कहना है कि सुरक्षा एजेंसियां जमीन पर हैं और स्थिति को नियंत्रित करने की पूरी कोशिश कर रही हैं। राज्य में 49 दिनों से जारी हिंसा में अब तक 100 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। 300 से ज्यादा लोग घायल हैं। 50 हजार से ज्यादा लोग सेल्टर होम में रह रहे हैं। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने राहत कैम्पों का दौरा किया।

# भाजपा को लठतंत्र है में विश्वासः अरोड़ा

## कुरुक्षेत्र में आयुष विश्वविद्यालय के नाम पर केवल आवुर्येद की ही दी जा रही शिक्षा

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** **हरियाणा** के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अशोक अरोड़ा ने कहा है कि भाजपा का लोकतंत्र में नही बल्कि लठतंत्र में विश्वास है। अपने निवास स्थान पर पत्रकारों से वातालर्लाप करते हुए अरोड़ा ने कहा कि आज प्रदेश में यह हालात हैं कि कोई भी कर्मचारी, व्यापारी, किसान, सरपंचों सहित जो भी लोकतांत्रित ढंग से अपने हकों की आवाज उठाता है उसे सरकार द्वारा लठतंत्र से दबा दिया जाता है। उन्होने कहा कि आज भाजपा नेताओं को सपने में भी भूपेंद्र सिंह हुड्डा नजर आते हैं। भाजपा नेता भूपेंद्र हुड्डा की बढती लोकप्रियता से बौखला गए हैं। सिरसा की रैली में जिस प्रकार से देश के गृह मंत्री अमित शाह ने भूपेंद्र हुड्डा पर ही निशाने साधे रखा उससे यह बात साबित हो गई कि भाजपा ने हुड्डा को प्रदेश का अगला मुख्यमंत्री मान लिया है। भाजपा नेता बौखला गए हैं और उन्हे सपने में भी भूपेंद्र सिंह हुड्डा नजर आते हैं।

एक अन्य प्रश्न के उत्तर में अरोड़ा ने कहा कि



किसी भी राजनैतिक दल का संगठन बनाना एक निरंतर प्रक्रिया है। कांग्रेस में एआईसीसी का निर्वाचन हो चुका है। प्रदेश के अध्यक्ष का चुनाव हो चुका है। पिछड़ा वर्ग दलित वर्ग, किसान वर्ग सहित कई प्रकोष्ठों का गठन हो चुका है। शीघ्र ही जिला व ब्लॉक स्तर पर भी संगठन की घोषणा की दी जाएगी। सिरसा की जनसभा में गृह मंत्री शाह द्वारा कुरुक्षेत्र के श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय को अपने सरकार की उपलब्धि बताने पर अरोड़ा ने कहा कि आयुष में पांच पद्धति आती हैं, आयुर्वेद, योगा, यूनानी, सिद्धा और होम्योपैथी लेकिन कुरुक्षेत्र में केवल आयुर्वेदिक पद्धति की शिक्षा ही दी जा रही है, जो कॉलेज 1972 में स्व. गुलजारी लाल नंदा जी

**8 अमित शाह का कुरुक्षेत्र में आयुष की उपलब्धि बताने का दावा खोखला साबित हो रहा है, आज प्रदेश की जनता भाजपा-जजपा के शासन से दुखी है**

द्वारा स्थापित किया गया था। उस कॉलेज में केवल आयुर्वेद की ही पढाई चल रही है और केवल मात्र आयुर्वेद में ही एमडी है। जबकि शेष अन्य पद्धतियों की कोई शिक्षा यहां नही दी जा रही। आयुष विश्वविद्यालय के नाम पर फतुहपुर गांव में जमीन का अधिग्रहण तो कर लिया गया लेकिन आज तक चारदीवारी तक भी नही बनी है। पिछले तीन महीनों से इस विश्वविद्यालय में पुर्णकालीक कुलपति भी नही है। इस प्रकार अमित शाह का कुरुक्षेत्र में आयुष की उपलब्धि बताने का दावा खोखला साबित हो रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक अरोड़ा ने कहा कि आज प्रदेश की जनता भाजपा-जजपा के शासन से दुखी है।

# 9 साल के मोदी राज में देश कर्ज में डूबा : सतपाल शर्मा

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )** कांग्रेस नेता सतपाल शर्मा ने कहा कि अपने हर भाषण में नरेंद्र मोदी एक ही रोना रोते हैं कि 70 साल में कांग्रेस ने देश में क्या किया है अब दैनिक भास्कर की एक रिपोर्ट के अनुसार इस साल के अंत तक देश पर 155 लाख करोड रुपए का कर्जा हो जाए जाएगा। जहां 2014 तक देश पर 55 लाख करोड का कर्ज था वही बीते 9 साल में बढ़कर 155 लाख करोड़ का कर्ज देश पर हो गया है। आजादी से लेकर 2014 तक कांग्रेस पार्टी ने देश को फर्श से उठाकर अर्श तक पहुंचाया जहां देश में परमाणु,एआईएमएस, एयरपोर्ट,रेलवे, आईआईटी, पीजीआई, सड़के, नहरो का जाल बिछाया और भारत को विकश्सील देशों की लाइन में सबसे आगे खड़ा दिया। आज देश के अंदर बेरोजगारी,मंहगाई और भ्रष्टाचार का बोलबाला है और कर्ज में डूबा हुआ है। मात्र 9 साल में 100 लाख करोड़ का कर्ज.देश को बबार्दी की ओर



ले जा रहा है।अगर भाजपा देश में दोबारा सरकार बनाती है तो देश गुलाम हो जाएगा और मोदी का क्या वो तो फकीर है झोला उठा कर चला जायेगा। कांग्रेस ही एकमात्र एसी पार्टी हैं जो देश को विकसित देशों की लाइन में सबसे आगे ले जा सकती हैं।

# आमजन की भागीदारी से लगेगा नशे जैसी बुराई पर लगामः डीएसपी पवन कुमार

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )**
**नशे** जैसी बुराई, यातायात नियमों की जानकारी व साईबर जागरुकता के बारे में आमजनको जागरूक करने के लिए जिला पुलिस द्वारा लगातार जागरुकता अभियान चलाऐ जा रहे हैं। इसी कडी मे सोमवार देर शाम को थाना सदर पेहवा के अंतर्गत गांव अरनैचा मे एक जागरुकता सेमिनार का आयोजन किया गया। हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम मे डीएसपी कुरुक्षेत्र पवन कुमार ने ग्रामवासियों के साथ अपने विचार साँझा किये। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार ने बताया कि दिनांक 19 जून 2023 को देर शाम



हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत डीएसपी कुरुक्षेत्र पवन कुमार ने गांव अरनैचा में ग्रामवासियों के साथ अपनी पुलिस की पाठशाला लगाई। इस पाठशाला में डीएसपी पवन कुमार ने ग्रामवासियों के साथ समाज से नशे को मिटाने के लिए विचार-विमर्श किया । पाठशाला में डीएसपी ने कहा कि देश व समाज की तरक्की के लिए नशा जैसी समाजिक बुराई के खिलाफ जहां सामाजिक आंदोलन की जरुरत है वहीं समाज के प्रत्येक व्यक्ति की

# डा. आर.आर. सूरी बने सहायक क्षेत्रीय अधिकारी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला** (मनीष कुमार) शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए मुरलीधर डी.ए.वी. स्कूल के प्रिंसिपल डा. आर. आर. सूरी को डी.ए.वी. कालेज प्रबंधन कमेटी नई दिल्ली ने डा. आर. आर. सूरी। पदोन्नत करते हुए सहायक क्षेत्रीय अधिकारी (असिस्टैंट रीजनल ऑफिसर, ए.आर.ओ.) नियुक्त किया गया है डा. आर. आर. सूरी ने अपनी इस नियुक्ति पर डी.ए.वी. कालेज प्रबंधन कमेटी, पर डी.ए.वी. कालेज प्रबंधन कमेटी नई दिल्ली की सराहना की।

वहीं, अब डा. आर.आर. सूरी के अधीन जहां 7 स्कूल होंगे, वहीं स्कूल प्रिंसीपल के साथ अब उनके पास कुल 3 पद्धार रहेंगे। प्रिंसीपल ए.आर.ओ. और मैनेजर। 5 स्कूलों



के क्षेत्रीय अधिकारी व 2 स्कूलों का मैनेजर उन्हें बनाया गया है।- एच.आर. जोन डी के तहत आने वाले सोहन लाल डी.ए.वी. स्कूल, के.पी.ए.के. महाविद्यालय, आर्य पब्लिक स्कूल, मुरलीधर डी.ए.वी. स्कूल व छावनी के स्कूल का उन्हें ए.आर.ओ. नियुक्त किया गया है।

# संदीप गर्ग ने गांव सम्भालखा में गांव के लिए दी लाइटें व सरपंच व पंचों को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/लाडवा (दलबीर मलिक)** लाडवा ब्लॉक के गांव सम्भालखा में मंगलवार को नवनिर्वाचित सरपंच सोहन लाल द्वारा गांव में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर ग्रामीणों ने समाजसेवी संदीप गर्ग का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इतना ही नहीं संदीप गर्ग द्वारा कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों की लाइटों की समस्या को देखते हुए लाइटें दी गई। मुख्यातिथि समाजसेवी संदीप गर्ग ने ग्रामीणों से कहा कि गांव की हर समस्या उनकी अपनी समस्या है और वह समस्याओं को



दूर करने की पूरी कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि आज लाडवा हल्के के प्रत्येक गांव में लाइटें न होने की भारी समस्या है। जिसको दूर तो वह सरकार में रहकर कर सकते है, लेकिन अपनी ओर से वह कुछ लाइटें गांवो में दे रहे हैं। जिससे ग्रामीणों को दिक्कत न हो। वहीं उन्होंने कहा कि वह पूर्ण रूप से हल्के के लिए समर्पित है, अब जनता ने ही 2024 के विधानसभा चुनावों में फैसला करना है कि जनता को काम करने वाला व्यक्ति चाहिए या केवल वाहवाही लूटने वाला। वहीं नवनिर्वाचित सरपंच सोहन लाल ने कहा कि समाजसेवी संदीप गर्ग के सहयोग व ग्रामीणों के आशीर्वाद से वह गांव के सरपंच बने हैं और अब पूरे पांच साल तक वह ग्रामीणों की सेवा करेंगे।

# विधानसभा में क्लर्क लगवाने का झांसा दे हड़पे 11 लाख 17 हजार

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**
**शहर थाना न**रवाना पुलिस ने चंडीगढ़ विधानसभा में क्लर्क लगवाने का झांसा देकर 11 लाख 17 हजार हडपने पर 4 लोगों के खिलाफ मंगलवार को धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। भगत सिंह कॉलोनी निवासी सोनू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह निजी स्कूल में अकाउंटेंट के पद पर कार्यरत है। उसकी पत्नी अन्नू बीएड है। पड़ोस में रहने वाले चिरंजीलाल ने कहा कि उसका बेटा योगेश जीआरपी में सब इंस्पेक्टर है। पूर्व में गृह मंत्रालय रेलवे तथा कोर्ट में भी सरकारी नौकरी कर चुका है। योगेश की बड़े अधिकारियों के साथ जान पहचान है। विधानसभा चंडीगढ़ में क्लर्क वैकेंसी निकली हुई है। वह उसकी पत्नी अन्नू को वहां नौकरी लगवा देगा। जिसके लिए 11 लाख रुपये की डिमांड की गई। हालांकि उस दौरान फार्म अप्लाई करने की डेट जा चुकी थी।

# विधायक के इशारे पर मेयर शक्तिरानी को कर रहे गुमराह

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अंबाला श**हर नगर निगम के डीएमसी सहित अन्य अधिकारी विधायक के इशारे पर लगातार अंबाला की मेयर शक्तिरानी शर्मा को गुमराह करने में लगे हैं। हालात यह है कि बरसाती सीजन शुरू होने को है और मेयर शक्तिरानी शर्मा द्वारा अधिकारियों से लगातार जवाब मांगा जा रहा था कि आखिर नालों की सफाई का ठेका दिया गया है उसपर काम कब शुरू होगा। इस पर निगम के डीएमसी ने मेयर को बताया कि कमीश्नर के न होने की वजह से



वर्क आर्डर नहीं दिया जा रहा। जिसके कारण अंबाला के लोगों की परेशानी बढ़ना तय है। शक्तिरानी शर्मा ने सवाल उठाया कि जब डीएमसी टैंडर नहीं दे सकते थे, तो टैंडर को खोला क्यों गया। यदि टैंडर 31 तारीख को खोल दिया गया तो उसी समय वर्क ऑर्डर भी देना चाहिए था, ताकि समय पर सफाई कार्य शुरू हो सके। शक्तिरानी शर्मा ने कहा कि मुझे पता चला है कि नालों की सफाई का ठेका दिया जा चुका है, लेकिन फिर भी अधिकारी उन्हें लगातार यह बात कहकर टालते रहे हैं कि कुछ प्रोब्लम आ रही है। अंबाला नगर निगम कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए शक्तिरानी शर्मा ने कहा कि पहले विधायक असीम गोयल के इशारे पर हाउस की मीटिंग में भाजपा के पार्षदों ने हंगामा किया और अंबाला शहर के विकास में बाधा बनने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि बरसाती सीजन को देखते हुए उन्होंने अंबाला शहर के सभी मुख्य नालों की सफाई का निरीक्षण किया था और अधिकारियों ने कहा था कि 31 मई 2023 को टैंडर खोल दिया जाएगा।

# 58 लाख रूपए की लागत से होगी शहर के नालों की सफाई



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अम्बाला** नगर निगम के अन्तर्गत आने वाले सभी नालों की सफाई व्यवस्था दुरूस्त हो, मानसून सत्र में जल भराव की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके द्दष्टिगत आज स्थानीय विधायक असीम गोयल नन्यौला ने 58 लाख रूपए की लागत से नालों की सफाई का जो कार्य किया जाएगा उसका निरीक्षण किया। इस मौके पर उनके साथ नगर निगम कमीश्रर अंजू चौधरी व नगर निगम के अन्य अधिकारीगण मौजूद रहें। स्थानीय विधायक असीम गोयल नन्यौला ने इस मौके पर निरीक्षण उपरान्त पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि मानसून सत्र में जल भराव की स्थिति उत्पन्न न हो इसके लिए नगर निगम के अन्तर्गत आने वाले सभी नालों की सफाई का कार्य करवाया जाएगा। इस कार्य के लिए 58 लाख रूपए की लागत से तीन बार नालों की सफाई का कार्य होगा, जो भी गाद होगी उसे वहां से निकालने का काम किया जाएगा, यदि बारिश में भी किसी नाले की सफाई सम्बधी कार्य होगा उस कार्य को करवाने का काम किया जाएगा। इस कार्य के लिए टेंडर हो चुके है और चार महीनों में इस कार्य को किया जाना प्रस्तावित हैं। उन्होंने कहा कि मानसून सत्र में अम्बाला शहर के कई क्षेत्रों में जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, इसी को ध्यान में रखते हुए मानसून सत्र से पहले सभी नालों की सफाई व्यवस्थ दुरूस्त हो, इसके लिए इस कार्य का आज शुभारम्भ किया गया हैं। उन्होनें यह भी कहा कि उनका पूरा प्रयास रहता है कि कहीं पर भी जल भराव की स्थिति उत्पन्न न हो इसके लिए समय-समय पर अधिकारियों के साथ चर्चा करके जो भी समस्या उनके संज्ञान में आती है उसको दूर करने का काम किया जाता हैं।

# आज दादरी में डिप्टी सीएम, करीब 30 कार्यक्रमों में लेंगे हिस्सा

**चंडीगढ़ :** हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला बुधवार 21 जून को चरखी दादरी जिले के दौरे पर रहेंगे। वे वहां चरखी दादरी शहर में करीब 30 सार्वजनिक और निजी कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। इस दौरान डिप्टी सीएम पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन भी करेंगे। दुष्यंत चौटाला दादरी शहर में नई सब्जी मंडी, जाट धर्मशाला, वार्ड नंबर 3, वार्ड नंबर 2, रेलवे रोड, मोबाइल मार्केट, लोहारू रोड, हरी नगर, पुरानी सब्जी मंडी, 8, काठ मंडी, सुभाष चौक और रामदास मंदिर आदि जगहों पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम शहरवासियों से रूबरू होंगे।

# एमएमयू मुलाना में अपराधों व नशे से दूर रहने बारे किया जगारूक

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**पुलिस** अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस ने सहायक पुलिस अधीक्षक अम्बाला दीपक कुमार के नेतृत्व में उप-पुलिस अधीक्षक बराड़ा अनिल कुमार, प्रबन्धक थाना मुलाना निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार व पुलिस टीम ने एमएमयू मुलाना में हरियाणा उदय कार्यक्रम पुलिस की पाठशाला के माध्याम से छात्र/छात्रओं/शिक्षकों को अपराधों व नशे से दूर रहने बारे किया जागरूक। इस कार्यक्रम के दौरान लगभग 500 छात्र/छात्राओं/शिक्षकों ने भाग लिया।

हरियाणा उदय कार्यक्रम पुलिस की पाठशालाह्ल के दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक अम्बाला दीपक कुमार व अन्य पुलिस अधिकारियों ने उपस्थित छात्र/छात्रओं/शिक्षकों को अपराधिक गतिविधियों/नशे से दूर रहने, नशे के दुष्परिणामों के साथ-साथ साईबर अपराध से बचने, अपने व दूसरों के अमूल्य जीवन की सुरक्षा के लिए यातायात के नियमों की पालना करने, किसी भी अपराधिक प्रवृति के व्यक्ति व नशा तस्कर की सूचना तुरन्त पुलिस को देने बारे जागरूक किया। उन्होंने कहा कि युवा पढ़ाई में मन लगाकर अपने राष्ट्र व परिवार का नाम रोशन करें। कुसंगति से बचे क्योंकि बुरी संगत में पड़कर युवा बुरी आदतों का शिकार हो जाता है और अपना




भविष्य अन्धकारमय बना लेता है। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों व प्रबन्धक थाना को निर्देश दिए हैं कि वह हरियाणा उदय कार्यक्रम पुलिस की पाठशाला, राहगिरी, खेलकूद प्रतियोगिता व सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के माध्यम से थानाधिकार

**8 किसी भी अपराधिक प्रवृति के व्यक्ति व नशा तस्कर की सूचना तुरन्त पुलिस को देने बारे जागरूक किया**

क्षेत्रों में अपराधों व नशें की रोकथाम के लिए आमजन से सम्पर्क कर नशा बेचने/खरीदने वालों व अपराधिक प्रवृति के व्यक्ति का पता लगाकर उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही करें और आमजन विशेषकर युवाओं को नशे से दूर रहने, उसके दुष्परिणामों बारे जागरूक कर उन्हें खेलकूद प्रतियोगिता बारे प्रेरित करें जिससे समाज नशा व अपराध मुक्त हो सके।

# 9वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत हर घर आंगन योग थीम के तहत लोगों को किया जागरूक

## अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस हर साल मनाया जाता हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यह उपलब्धि है कि उन्होंने योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचकर मान्यता दिलाने का काम किया

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**गृह एवं स्वास्थ्य मं**त्री अनिल विज ने कहा कि 9वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत हर घर आंगन योग थीम के तहत जहां हर घर तक योग की महत्वता बारे लोगों को जागरूक करते हुए इससे जोड ?া हैं, अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों हम सबकी भागीदारी भी होनी चाहिए। गृह मंत्री आज सोमवार को चण्डीगढ़ से आयोजित वीसी अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य के तहत उपायुक्तों व सम्बधिंत अधिकारियों के साथ तैयारियों बारे समीक्षा कर रहें थे। इस मौके पर उनके साथ हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल, डीजीपी हरियाणा पीके अग्रवाल, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. जी. अनुपमा, आयुष विभाग के महानिदेशक डॉ. साकेत कुमार, हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डॉ जयदीप आर्य एवं रजिस्ट्रार डॉ हरीश चंद्र विशेष के साथ-साथ अन्य उच्च अधिकारीगण भी उपस्थित रहें।

गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस हर साल मनाया जाता हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यह उपलब्धि है कि उन्होंने योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचकर मान्यता दिलाने का काम किया हैं। अब योग दिवस पूरे विश्व में मनाया जाता है। देश व प्रदेशों में भी इसे मनाने का काम किया जाता हैं। उन्होंने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफलता पूर्वक आयोजन को लेकर विभाग द्वारा पहले से ही दिशा-निर्देश जारी किए जा चूके हैं। इस वर्ष की थीम हर घर आंगन योग हैं। हर गांव में योगशाला बनाने का संकल्प लेते हुए कार्य किए जा रहें हैं। लगभग 600 योगशालाएं खोली जा चूकी हैं। 900 योग सहायक भी नियुक्त किए गए हैं। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में योग सहायकों की डियूटी भी लगाई गई हैं।

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफलतापूर्वक आयोजन



को लेकर हम सबकों अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि 21 जिलों में जिला स्तर पर तथा 121 ब्लॉकों में ब्लॉक स्तर पर योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए जाएगें

**8 इन कार्यक्रमों के द्दष्टिगत जितने प्रतिभागी अपेक्षित है उन्हें कार्यक्रम में शामिल करते हुए अन्य को भी योग से जोडने का काम करना हैं।**

और इन कार्यक्रमों के द्दष्टिगत जितने प्रतिभागी अपेक्षित है उन्हें कार्यक्रम में शामिल करते हुए अन्य को भी योग से जोडने का काम करना हैं। इन कार्यक्रमों में स्कूलों, कॉलेजों, पंचायतों, पुलिस, आईटीबी, खिलाड़ी तथा अन्य को शामिल करना हैं।

गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने इस मौके पर यह भी कहा कि हर शहर व हर क्षेत्र में योग कक्षाएं चल रहीं हैं। ऐसी सभी संस्थाओं को कार्यक्रम के लिए निमंत्रण देते हुए एक सामुहिक रूप से कार्यक्रम करवाने हैं। ऐसा होने से सभी को प्रोटोकॉल के तहत योग क्रियाओं का पता चलेगा और इसका अच्छा प्रभाव पड़ेगा। सरकार का भी ध्येय है कि सभी को योग से जोड ?া हैं। गृह मंत्री ने इस मौके पर यह भी कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत जहां पर भी कार्यक्रमों का आयोजन होगा वहां पर मंच पर प्रशिक्षित ही योग क्रियाओं को करवाएं। उन्होंने सभी को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को सफलता पूर्वक आयोजन बारे आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

उपायुक्त डॉ. शालीन ने इस मौके पर बताया कि जिला अम्बाला में जिला स्तर पर तथा ब्लॉक स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर अधिकारियों बैठक लेकर उन्हें दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं। सभी जगहों पर तैयारियां चल रही हैं।

इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. विवेक भारती, निशा यादव, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शशिकांत शर्मा के साथ-साथ सम्बधिंत मौजूद रहें।

# केंद्रीय मंत्री गडकरी ने करनाल को दी सौगात

## 1690 करोड़ की करनाल ग्रीन फील्ड रिंग रोड परियोजना का किया शिलान्यास, देश का किसान अन्नदाता है उसे अब ऊर्जादाता बनना चाहिए: , दिसम्बर, 2024 तक हरियाणा में 2 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं पर होगा कार्य, हरियाणा के सडक रास्ते अमेरिका के बराबर होंगे: नितिन गडकरी

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**

**केंद्रीय** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को 1690 करोड़ रुपये की करनाल ग्रीनफिल्ड 6 लेन रिंगरोड परियोजना के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। कार्यक्रम का आयोजन करनाल के कुटेल गांव में हुआ। इस दौरान हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला भी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नितिन गडकरी ने कहा कि यह बड़ी खुशी की बात है कि करीब 1700 करोड़ की लागत से तैयार होने वाली 35 किलोमीटर लंबी रिंग रोड परियोजना का शिलान्यास किया जा रहा है। यह रोड करनाल के एनएच-44 पर शामगढ़ से शुरू होकर बड़ौता गांव तक होगी। इससे न केवल करनाल शहर की भीड़ कम होगी बल्कि वाहनों को चलाने की लागत भी कम होगी।

**हरियाणा को समृद्ध बनाने में मुख्यमंत्री मनोहर लाल का विशेष योगदान:** केंद्रीय मंत्री ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि हरियाणा को समृद्ध बनाने में मुख्यमंत्री मनोहर लाल का विशेष योगदान है। उनके नेतृत्व में हरियाणा बेहतर विकास कर रहा है। गरीब के कल्याण को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी निरंतर कार्य कर रहे हैं। 9 साल में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इतना कार्य हुआ है] जितना कांग्रेस के 60 साल में भी नहीं हुआ। सुशासन और विकास हमारा संकल्प है। केंद्र की मोदी सरकार और हरियाणा सरकार अंत्योदय के भाव से कार्य कर रही है। हर क्षेत्र में विकास कार्य किए जा रहे हैं।

**देश का किसान अन्नदाता है उसे अब ऊर्जादाता** बनना चाहिए: नितिन गडकरी ने कहा कि देश का किसान अन्नदाता है उसे अब ऊजार्दाता बनने की जरूरत है। पानीपत में इंडियन ऑयल ने पराली से 1 लाख टन बायो एथनॉल और 150 टन बायो बिटुमिन उद्योग शुरू किया है। अब आगे बिटुमिन की जगह बायो एविएशन फ्यूल बनाने वाले हैं। हवाई जहाज में 2 प्रतिशत बायो एविएशन फ्यूल डालने का कानून बना है। हम 16 लाख करोड़ का फोसिक फ्यूल एक्सपोर्ट कर रहे हैं। किसान की गरीबी गेहूं, चावल और गन्ना उत्पादन से दूर नहीं होगी बल्कि किसान को ऊजार्दाता बनना होगा। एक नए युग की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुई है। आज मक्के व बांस से एथनॉल बनाया जा रहा है। गन्ने के जूस से एथनॉल बन रहा है।

किसान को इसके लिए आगे आना चाहिए और ऊजार्दाता की भूमिका निभानी चाहिए। किसान एथनॉल और सीएनजी बनाएगा तो 16 लाख करोड़ रुपये जो इम्पोर्ट पर खर्च किया जा रहा है, उसमें से 10 लाख करोड़ भी किसान की जेब में आएंगे तो किसान समृद्ध होगा।





## सीएम मनोहर ने बदली हरियाणा की तस्वीर: गडकरी

**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत**

केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पिछले साढ़े आठ वर्षों में ईमानदारी से कार्य कर हरियाणा की तस्वीर बदलने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल की मुक्त कंठ से प्रशंसा की और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए हरियाणा केन्द्र सरकार से जो भी सहयोग मांगेगा, उनका मंत्रालय उसे पूरा करेगा। नितिन गडकरी सोनीपत में केन्द्र सरकार के 9 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित गौरवशाली भारत रैली को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने 890 करोड़ रुपये की दिल्ली से पानीपत तक एनएच-44 पर 8 लेन के 11 फ्लाईओवर्स का लोकार्पण किया, जिसमें दोनों और 6 लेन की सर्विस रोड़ भी शामिल है। नितिन गडकरी ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा हरियाणा को रेलवे फाटक मुक्त बनाने के लिए आरओबी व आरयूबी के निर्माण हेतु सेतू भारतम योजना के तहत 300 करोड़ रुपये की रखी गई मांग को मौके पर ही मंजूरी प्रदान की। इसी प्रकार, गडकरी ने जींद के विधायक डॉ. कृष्ण मिड्ढा द्वारा जींद में नरवाना रोड से रोहतक रोड तक बाईपास व जींद से ईक्कस तक रिंग रोड के निर्माण की मांग को भी मंजूर करने की घोषणा की।



**दिसम्बर, 2024 तक हरियाणा में 2 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं पर होगा कार्य, हरियाणा के सडक रास्ते अमेरिका के बराबर होंगे:** नितिन गडकरी ने कहा कि दिसम्बर 2024 तक उनका मंत्रालय हरियाणा में 100 प्रोजेक्ट पर कार्य कर रहा है। जिनमें से 2200 किलोमीटर की 47,000 करोड़ रुपये की 51 परियोजनाएं पूरी हो चुकी है, 830 किलोमीटर की 35,000 करोड़ रुपये की 30 परियोजनाओं पर कार्य प्रगति पर है तथा 756 किलोमीटर की 20,000 करोड़ रुपये की 19 परियोजना अन्य परियोजनाएं हैं जिनमें 14 परियोजनाओं की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जा रही है। कुछ काम टेंडर प्रक्रिया में है।

उन्होंने मुख्यमंत्री को विश्वास दिलवाया कि दिसम्बर, 2024 तक हरियाणा में 2 लाख करोड़ रुपये के परियोजनाओं पर कार्य होगा। इन परियोजनाओं से हरियाणा की तस्वीर बदलेगी और हरियाणा के सडक रास्ते अमेरिका के बराबर होंगे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आत्मनिर्भर भारत का सपना निश्चित रूप से पूरा होगा।

उन्होंने कहा कि जब उनके पास जल संसाधन मंत्री का कार्यभार था तब मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने किसानों के हक में मांग की थी कि हमें किसानों को फसलों के सही दाम देने है और खेत को पानी भी देना है। उस समय की तस्वीर यह थी कि हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल, उत्तर प्रदेश व दिल्ली के पानी के झगड़े 40 साल से चले आ रहे थे। गडकरी ने कहा कि उसमें से अधिकांश झगड़ों का निपटान करने के लिए उत्तराखंड और हिमाचल के प्रोजेक्ट क्लियर किए ताकि हरियाणा को उसके हिस्से का पानी मिल सके।

## 'हरियाणा की बराबरी अमेरिका के राष्ट्रीय राजमार्गों से'

**कल्याण ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस क्षेत्र के विकास के लिए बहुत सी परियोजनाएं दी हैं। यह उनके लिए हर्ष की बात है कि इस रिंग रोड परियोजना का 70 प्रतिशत हिस्सा घरौंडा विधानसभा में आता है**

**केंद्रीय** मंत्री ने कहा कि आज हरियाणा की बराबरी अमेरिका के राष्ट्रीय मार्गों के साथ होती है। पूरे देश में सड़कों को लेकर बहुत काम किया जा रहा है। दिल्ली में रिंग रोड बना रहे हैं। दिसंबर के बाद यहां से जयपुर जाने के लिए महज 3 घंटे लगेंगे। मेरठ से दिल्ली पहले साढ़े 4 घंटे लगते थे अब 45 मिनट लगते हैं। दिल्ली से देहरादून के लिए 2 घंटे लगेंगे, दिल्ली से हरिद्वार डेढ़ घंटे में जाया जा सकेगा। घरौंडा के विधायक हरविंदर कल्याण ने कहा कि हम सभी के लिए हर्ष का ऐतिहासिक दिन है जो इतनी बड़ी परियोजना का शिलान्यास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के नेतृत्व में राष्ट्रीय राजमार्गों का नेटवर्क तेजी से खड़ा हुआ है। न केवल हरियाणा में बल्कि पूरे देश में तेजी से कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि 1700 करोड़ की रिंग रोड परियोजना के शिलान्यास के लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का क्षेत्र की जनता की तरफ से कोटि-कोटि धन्यवाद। हरविंदर कल्याण ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस क्षेत्र के विकास के लिए बहुत सी परियोजनाएं दी हैं। यह उनके लिए हर्ष की बात है कि इस रिंग रोड परियोजना का 70 प्रतिशत हिस्सा घरौंडा विधानसभा में आता है। इससे यह क्षेत्र विकास की नई बुलंदियां छुएगा। इसके लिए बहुत बहुत आभार। इस मौके पर करनाल के सांसद संजय भाटिया, इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप, पानीपत ग्रामीण के विधायक महिपाल ढांडा, जिला प्रशासन से उपायुक्त अनीश यादव व अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## कांग्रेस ने 60 साल तक देश को गुमराह करने का काम किया

**नितिन** गडकरी ने कहा कि आज हमारे देश को आजाद हुए 75 साल पूरे हो गए हैं। यह अमृत महोत्सव काल है।

इन 75 सालों में भारतीय जनता पार्टी को जन सेवा को जो अवसर मिला, वह बहुत कम रहा है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के ये 10 साल और अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के चार, साढ़े चार साल। इस प्रकार 15 साल के लगभग भारतीय जनता पार्टी की सरकार रही। वो समय छोडकर 60 वर्ष तक इस देश में कांग्रेस पार्टी को राज करने का मौका मिला। कांग्रेस ने 60 साल में देश को गुमराह करने का काम किया। उन्होंने गरीबी हटाओ का नारा दिया था पर गरीबों की गरीबी दूर नहीं हुई।

## बेरोजगार व भूमिहीन युवा मशरूम उत्पादन को स्वरोजगार के रूप में अपनाएं

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**चौधरी च**रण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण में हरियाणा प्रांत के विभिन्न जिलों जैसे हिसार, फतेहाबाद, जींद, भिवानी, करनाल, पानीपत, रोहतक, रेवाड़ी के प्रशिक्षणार्थियों ने भी भाग लिया। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि मशरूम एक ऐसा व्यवसाय है जिसे कम से कम लागत में शुरू किया जा सकता है। भूमिहीन, शिक्षित एवं अशिक्षित युवक व युवतियां इसे स्वरोजगार के रूप में अपना सकते है तथा सारा वर्ष भी मशरूम की विभिन्न प्रजातियों जिनमें सफेद बटन मशरूम, ओयस्टर या ढींगरी, मिल्की या दूधिया मशरूम, धान के पुवाल की मशरूम इत्यादि उगाकर सारा साल मौसम के हिसाब से इसका उत्पादन किया जा सकता है। सरकार द्वारा भी किसानों तथा बेरोजगार युवाओं को इसे एक व्यवसाय के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मशरूम एक संतुलित आहार है इसमें कई तरह के पौष्टिक तथा औषधीय गुण मौजूद होते हैं, जिसके फलस्वरूप इसके नियमित सेवन से मनुष्य में रोगों एवं विकारों से बचाव में सहायक होती है। मशरूम उत्पादन के लिए कृषि अवशेषों का इस्तेमाल किया जाता है जिससे खाद्य सुरक्षा की सुनिश्चिता के साथ-साथ वायु प्रदूषण से भी निजात मिलेगी। उन्होंने बताया कि अभी हाल ही में हरियाणा में 21500 मैट्रिक टन मशरूम का उत्पादन हुआ, जिसमें लगभग 99 प्रतिशत से ज्यादा उत्पादन सफेद बटन मशरूम का ही है। दिल्ली, लुधियाना, चंडीगढ़ के अलावा कई अन्य छोटे बड़े शहरों के साथ-साथ गावों में भी इसकी मांग बनी रहती है।




## बुजुर्गों की तर्ज पर उम्रदराज पेड़ों को मिलेगी पेंशन

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा सरकार ने बुजुर्ग लोगों को दी जाने वाली पेंशन की तर्ज पर 75 वर्ष से ज्यादा आयु के पेड़ों को भी पेंशन देगी। यह पेंशन 2500 रुपये प्रतिवर्ष होगी। इस संबंध में सरकार ने द हरियाणा प्राण वायु देवता पेंशन स्कीम तैयार करके अधिसूचित भी कर दी है। अब लोग अपने घर के आंगन और खेत में लगे हुए 75 वर्ष से अधिक आयु के पेड़ों की पेंशन के हकदार होंगे। हरियाणा के वन एवं पर्यावरण मंत्री कंवरपाल ने मंगलवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रयासरत है।

उन्होंने पेड़ों को प्राण वायु देवता की संज्ञा देते हुए कहा कि पेड़-पौधों से ही हमें जीवन-रक्षक ऑक्सीजन मिलती है।

## सरकार ने थ्री-सी और थ्री-डी पर किया प्रहार: सीएम मनोहर लाल

### गडकरी ने दिल्ली से पानीपत तक आठ लेन राष्ट्रीय राजमार्ग पर 11 फ्लाई ओवरों का किया लोकार्पण

**प्रोजेक्ट पाइपलाइन में**

= हरियाणा सरकार केंद्र सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर योजनाओं को लागू कर रही है

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत/संजीव कौशिक**

**केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री** नितिन गडकरी ने हरियाणा को सौगात देते हुए सोनीपत में दिल्ली से पानीपत तक आठ लेन राष्ट्रीय राजमार्ग पर 11 फ्लाई ओवरों का लोकार्पण किया। यह परियोजना 24 किलोमीटर लंबी है और इस पर लगभग 900 करोड़ रुपए की लागत आई है। इस अवसर पर आयोजित गौरवशाली भारत रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का स्वागत करते हुए हरियाणा को सड़क परियोजनाओं की सौगात देने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री नेशनल हाईवे पर दिल्ली से पानीपत तक 11 फ्लाईओवर का उद्घाटन करने के साथ साथ करनाल बाईपास तथा अंबाला शहर के लिए नए बाईपास का भी शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं की लागत लगभग 3700 करोड़ रुपये है। मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश में अभी तक 17 नेशनल हाईवे बन चूके हैं और विशेष बात यह है कि हरियाणा शायद एकमात्र ऐसा प्रदेश है, जिसके सब जिला केंद्र नेशनल हाईवे से जुड़ गए हैं। इसके अलावा भी भविष्य में कई प्रोजेक्ट पाइपलाइन में हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार को 9 साल पूरे हो गए हैं। साढ़े 8 सालों से हरियाणा में भी डबल इंजन की सरकार ने विकास की नई इबादत लिखी है। सड़क और रेल तंत्र को मजबूत करने के साथ-साथ आज हवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई यात्रा कर रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार केंद्र सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर योजनाओं को लागू कर रही है। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले सभी जानते हैं कि प्रदेश में किस प्रकार का भय, भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद की सरकार थी। हमने इन बुराईयों को जड़ से समाप्त किया है। इन साढ़े 8 सालों में निडर होकर सब लोग अपना काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने बिना किसी पर्ची खर्ची के, बिना भेदभाव के मिशन मैरिट पर सरकारी नौकरियां दी। आज युवा शिक्षा की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार एक सिद्धांत पर कार्य करती है। हमारी सरकार थ्री-सी पर प्रहार करती है, जिसमें करप्शन, क्राइम और कास्ट से जुड़ी राजनीति पर हमने गहरी चोट की है। सरकार ने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई है। उन्होंने कहा कि 3-सी पर प्रहार करने के साथ ही प्रदेश सरकार ने 5-एस शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वाभिमान, सुरक्षा और स्वालंबन पर जोर दिया है। हरियाणा में परिवार पहचान पत्र के माध्यम से पात्र नागरिकों को हर योजना का लाभ घर बैठे ही मिल रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी गत दिवस कहा था कि पहले हरियाणा में थ्री-डी यानी दरबारी, दामाद और डीलरों की सरकार चलती थी और वर्तमान राज्य सरकार ने इस थ्री-डी को समाप्त किया और भय, भ्रष्टाचार मुक्त सरकार जनता को उपलब्ध करवाई है।



## फाइलों पर हस्ताक्षर करते समय पूरा नाम लिखेंगे अधिकारी, मुख्य सचिव के आदेश

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने अधिकारियों को फाइलों पर हस्ताक्षर के नीचे अपना पूरा नाम लिखने के निर्देश दिए हैं।

इसके अलावा, सहायक/डीलिंग-हैंड को अपने नाम के साथ हस्ताक्षर करने तथा नोट के बाईं ओर पूरी तारीख (दिन/महीना/वर्ष) लिखने के भी निर्देश दिए हैं। यह संज्ञान में आया है कि कुछ अधिकारी/कर्मचारी इन निर्देशों का पालन नहीं कर रहे हैं।

वे टिप्पणियों व पत्राचार पर संक्षिप्त हस्ताक्षर का उपयोग कर रहे हैं और उच्च अधिकारियों को फाइलें भेजते समय फाइल पर हस्ताक्षर के साथ अपने नाम का उल्लेख नहीं करते हैं। इसलिए उपरोक्त निदेर्शों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। इन निदेर्शों का पालन न करने पर संबंधित व्यक्तियों/कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की जाएगी।

## 'रेवाड़ी एम्स का शिलान्यास अक्टूबर तक'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने कहा कि सरकार की सामाजिक समरसता की कार्यशैली सराहनीय है और सभी समाज के लोगों को परस्पर सहयोग के साथ समाज हित में कार्य करने की प्रेरणा देती है। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री बावल में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता की कार्यशैली का धरातली स्वरूप सिद्ध हुआ है। सरकार ने विभिन्न वर्गों के लोगों को परस्पर सहयोग के जरिये समाज हित की दिशा में कार्य करते हुए सभी वर्गों के महापुरुषों के संदेश को जन जन तक पहुंचाया है।



**अतिरिक्त टैंकर से होगी गर्मियों में पानी की किल्लत दूर:** जनस्वास्थ्य मंत्री ने गर्मी के मौसम में होने वाली पानी की कमी पर बोलते हुए कहा कि गर्मियों में स्वभाविक तौर पर पानी की खपत बढ़ जाती है।

ऐसे मौसम में होने वाली पानी की किल्लत को दूर करने के लिए प्रदेश भर में पंचायत भूमि पर अतिरिक्त जल घर बनाये जा रहे है जिससे अधिक मात्रा में पानी का भण्डारण किया जा सकेगा।

## संत सम्मेलन में संत युवाओं को नशीली दवाओं के सेवन के विरुद्ध संदेश देंगे

**चण्डीगढ़, 20 जून-** हरियाणा सरकार द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 26 जून, 2023 को नशीली दवाओं के सेवन व अवैध तस्करी के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस (इंटरनेशनल डे अंगेस्ट ड्रग अबयूज एंड ईलीसीट ट्रैफिकिंग) मनाया जा रहा है। पंचकूला में आयोजित इस संत सम्मेलन में संत महात्मा युवाओं को नशीली दवाओं के सेवन के विरुद्ध संदेश देंगे। उल्लेखनीय है कि 5 मई, 2023 को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर संत महात्माओं से समाज में फैली सामाजिक बुराइयों को दूर करने के लिए सरकार का सहयोग करने की अपील की थी और इसी कड़ी में पंचकूला के इंद्रधनुष सभागार में नशीली दवाओं के सेवन व अवैध तस्करी के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज जी अगुवाई में होगा। मुख्यमंत्री कहते हैं कि आदिकाल से ही संत महापुरुषों ने सदैव सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जन- जन को जागरूक करने का काम किया है। समाज संत महापुरुषों के विचारों और शिक्षाओं को मानते हुए सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने में सदैव सहयोग देता आ रहा है। इसलिए मुख्यमंत्री ने संत महापुरुषों का जल संरक्षण और नशा मुक्ति अभियान में राज्य सरकार के साथ सहयोग करने का आग्रह किया था। नशा मुक्ति के लिए हरियाणा सरकार नशा तस्करों पर कर रही सख़्त कार्रवाई हरियाणा सरकार नशा तस्करों पर सख़्त कार्रवाई कर रही है। इसके लिए सरकार ने स्पेशल टास्क फोर्स का गठन किया है। जिला, रेंज और राज्य स्तर पर एंटी नारकोटिक्स सैल्स बनाए हैं और हरियाणा में 5 हजार से अधिक गिरफ्तारियां की गई है। दवाओं की अवैध बिक्री को रोकने हेतु मोबाइल ऐप साथी बनाया है। आपराधिक गतिविधियों के डेटाबेस के लिए सॉफ्टवेयर हॉक विकसित किया है तथा पंचकूला में अन्तर्राज्यीय ड्रग सचिवालय की स्थापना की गई है। उन्होंने बताया कि नशा मुक्ति के लिए हरियाणा सरकार ने विशेष कार्य योजना तैयार की है।

**एमओयू**

= प्रदेश में 52 नशा मुक्ति केंद्र खोले गए हैं। सरकारी मेडिकल कालेजों में भी नशा मुक्ति वार्ड खोले गए हैं

नशा मुक्ति व पुनर्वास हेतु प्रदेश में 52 नशा मुक्ति केंद्र खोले गए हैं। सरकारी मेडिकल कालेजों में भी नशा मुक्ति वार्ड खोले गए हैं और 13 जिलों के सिविल अस्पतालों में नशा मुक्ति केंद्र बनाए गए हैं।

इसके अलावा, राज्य सरकार सरकार जन जागृति के लिए विशेष जागरूकता अभियान चला रही है। इसके लिए ग्राम से राज्य स्तर तक मिशन टीमों का गठन किया है। टोल फ्री एंटी - ड्रग हेल्पलाइन नंबर 9050891508 शुरू किया गया है, जिस पर नागरिक सूचनाएं दे सकते हैं। ऐसी सूचनाओं को गोपनीय रखा जायेगा। प्रदेश के युवाओं को नशे से बचाने के लिए कार्यक्रम धाकड़ भी चलाया जा रहा है।

## न्यूज फ्लैश

### अफीम व गांजा फूल पत्ती सहित एक आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला पुलिस** की एंटी नारकोटिक्स सैल की टीम द्वारा आरोपी बीरभान उर्फ भाना पुत्र माईराम वासी गांव बांसा जिला करनाल को विश्वसनीय सूचना पर गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 50 ग्राम अफीम व एक डोलू में से 500 ग्राम गांजा फूल पत्ती बरामद की गई। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना निसिंग में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।
पुलिस पूछताछ में आरोपी द्वारा खुलासा किया गया कि वह सस्ते दाम पर अफीम व गांजा खरीदकर मंहगे दाम पर बेचने का काम करता है। आरोपी ने बताया कि वह उपरोक्त नशीले पदार्थों को जींद के दोली शरडा गांव के पास जीटी रोड पर बने एक ढाबे से एक व्यक्ति से खरीदकर लाया था। आरोपी को आज अदालत में पेश करके एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। दौराने रिमांड आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी व नशे के सप्लायर को गिरफ्तार किया जाकर मामले का खुलासा किया जाएगा।

### 900 कैप्सूल ट्रामाडोल के बरामदगी के मामले में सप्लायर काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला** पुलिस की स्पेशल यूनिट असंध की टीम द्वारा 17 जून को आरोपी बख्शीश सिंह उर्फ गौरी पुत्र गुरचरण सिंह वासी पक्का खेड़ा थाना असंध जिला करनाल को प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल ट्रामाडोल बेचने की विश्वसनीय सूचना पर 900 कैप्सूल ट्रामाडोल सहित पक्का खेडा मोड़ से गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में आरोपी बख्शीश सिंह ने बताया था कि वह उपरोक्त ट्रामाडोल कैप्सूलों को इपंजाब सिंह उर्फ पंजाबू पुत्र अमर सिंह वासी गांव बांसा जिला करनाल से खरीदकर लाता था। जिसके बाद कल पुलिस टीम द्वारा आरोपी पंजाब सिंह उपरोक्त को बांसा गांव से गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में आरोपी द्वारा खुलासा किया गया कि वह निसिंग में एक मेडिकल स्टोर पर प्रेक्टिस करता है और वह प्रतिबंधित नशीली दवाईयां सस्ते दाम पर खरीदकर मंहगे दाम पर बेचने का काम करता है।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला (मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत (बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत (संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पंचकूला (मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**कुरुक्षेत्र दलबीर सिंह**
(मो. नं. : 94162 71181)

# 'आदिपुरुष' पर बैन लगाने को लेकर एडीसी को सौंपा ज्ञापन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**विवादास्पद फिल्म** आदिपुरुष पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर मेरा गांव मेरा मिशन तथा दर्जन से अधिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने आज राष्ट्रपति के नाम अतिरिक्त उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा को ज्ञापन दिया। भगवान राम के साथ देवी देवताओ के कथित अपमान को लेकर घिरी फिल्म आदिपुरुष के विरोध में ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर कहा गया कि बजरंग दल तथा अन्य संगठन थियेटर पर प्रदर्शन कर विरोध करेंगे। उन्होंने सिनेमा घरों को चेतावनी दी कि वह इस फिल्म को न दिखायें अन्यथा विरोध के लिए तैयार रहें। फिल्म आदिपुरुष 16 जून को रिलीज हो चुकी है। ओम राउत द्वारा बनाई गई इस फिल्म का रिलीज होते ही ज्यादातर विरोध हो रहा है। इस फिल्म में रामायण जैसा कुछ भी नहीं है। इस फिल्म में हिन्दुओं के भगवान श्री राम और भगवान हनुमान का मजाक बनाया गया है। इस फिल्म में भगवान के पहनावे और भाषा, डायलॉग भी आपत्तिजनक हैं, जिससे हिन्दू अपने आपको अपमानित महसूस कर रहे हैं। इसमें महिलाओं का भी अपमानजनक अभिनय



दिखाया गया है। सभी कार्यकताओं ने यह मांग की है कि हिंदू धर्म की आस्था को देखते हुए इस फिल्म को तुरंत प्रभाव से बैन किया जाए।
कार्यकताओं का कहना है कि यह फिल्म हिन्दुओं के खिलाफ बहुत बड़ी साजिश लग रही है। इस फिल्म में जो दिखाया गया है, वह हमारे भगवान के चरित्रों के एकदम उलट है, अपमानजनक है और हमारी संस्कृति का मजाक है। इस फिल्म ने गलत तरह से पात्रों को दिखाकर हिंदू समुदाय की भावनाओं को आहत किया है। हमारे धार्मिक ग्रंथ रामायण में जिस तरह से भगवान के सभी पात्रों को दिखाया गया है, उससे फिल्म के सभी अभिनय मेल नहीं खाते हैं। इतना ही नहीं, इसमें जिस तरह की भाषा बोली गई है, वह किसी भी धार्मिक ग्रंथ में कभी इस्तेमाल नहीं की गई है।
कार्यकताओं का कहना है कि यह फिल्म हिन्दुओं के खिलाफ बहुत बड़ी साजिश

> 8 बजरंग दल तथा अन्य संगठन थियेटर पर प्रदर्शन कर विरोध करेंगे। उन्होंने सिनेमा घरों को चेतावनी दी कि वह इस फिल्म को न दिखायें अन्यथा विरोध के लिए तैयार रहें

लग रही है। इस फिल्म के पात्र ऐसे दिखाए गए हैं जो वेशभूषा, भाषा से हिन्दू धर्म की संस्कृति से कहीं भी मेल नहीं खाते हैं। ऐसा खिलवाड़ किसी दूसरे धर्म के साथ करने की कोई हिम्मत भी नहीं कर सकता था।
बजरंग दल के महामंत्री संदीप राणा ने फिल्म का विरोध करते हुए कहा कि ये फिल्म यहां चलने नहीं दी जाएगी अन्यथा हम जोरदार विरोध प्रदर्शन करेंगे। सुख-दुख के साथी संस्था से सुखबीर त्यागी ने फिल्म का विरोध करते हुए कहा कि पिछले 70 सालों से हम देख रहे हैं कि बॉलीवुड की फिल्मों में हिन्दू धर्म की भावनाओं को आहत किया जा रहा है। आज भी प्रशासन और सरकार नहीं जागी और सख्त कार्यवाही नहीं की तो आने वाली नस्लें हमें कभी माफ नहीं करेंगी। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया कि फिल्म बनाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही कर फिल्म को बैन किया जाए।
सार्थक सांस्कृतिक संघ और स्वामी विवेकानंद मंच के अध्यक्ष संजीव लखनपाल ने कहा कि इस फिल्म पर बैन लगाना अति आवश्यक है, क्योंकि फिल्म उद्योग वाले ऐसी फिल्में बना रहें हैं, जिनमें वह हिन्दू मान्यताओं को नष्ट कर रहे हैं। सबसे पहले तो इस फिल्म के नाम पर ही मसला है कि राम आदिपुरुष नहीं थे। इसमें हमारे भगवान हनुमान का संवाद मूर्ख राक्षस जैसा दिखाया गया है। इतने भद्दे संवाद लिखे हैं कि लग रहा है फिल्म बनाने वालों को बिल्कुल शर्म नहीं है और ऊपर से बार-बार अपना नाम बदलने वाला मनोज मुंतशिर अपना बचाव कर रहा है। इसके निमार्ता पर सख्त कार्यवाही होनी चाहिए, नहीं तो ये हमारे भगवान राम, हनुमान और कृष्ण को पैसे के लिए न जाने कब तक बेचते रहेंगे।
सुशांत, स्वामी विवेकानंद मंच से विकास नागपाल, बजरंग दल से संदीप राणा, उज्जवल राणा, शिवानंद, अभिषेक, युवराज प्रताप, विशु शर्मा, शिवकुमार, भव्य दीप सिंह, रणधीर राणा, विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सादगी की मिशाल मनोहर लाल

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने एक बार फिर सादगी की मिशाल पेश करते हुए भारतीय रेल में सफर किया। मुख्यमंत्री ने चंडीगढ़ से सोनीपत तक जन शताब्दी में सफर किया। करनाल स्टेशन पर उन्होंने आम लोगों का अभिवादन भी स्वीकार किया। मुख्यमंत्री ने सफर के दौरान अपने दफ्तर से जुड़े फाइल संबंधी कार्य भी रेल में ही निपटाए। इस दौरान उन्होंने कहा कि रेल का सफर करने में बेहद आनंद आ रहा है, इससे सरल, इससे सुगम, आरामदायक सफर नहीं होता है। सडक मार्ग और हवाई मार्ग से अच्छा रेल मार्ग होता है। रेलवे की यात्रा के दौरान व्यक्ति को काफी समय मिल जाता है। इस दौरान लोगों से



बातचीत की जा सकती है। फाइल संबंधी कार्य निपटाए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि रेलवे में यात्रा करने का उनका पुराना अनुभव रहा है। आज जन शताब्दी में यात्रा करके अच्छा अनुभव हो रहा है।
करनाल स्टेशन पर मुख्यमंत्री के मीडिया कॉर्डिनेटर जगमोहन आनंद ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उनसे मंत्रणा की।

## जानलेवा हमला करने वाले दो आरोपी भाई काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**थाना सदर** की टीम द्वारा दो मुख्य आरोपी भाईयों को गिरफ्तार किया गया है, जिन्होंने दुकान के बिजली बिल के विवाद के कारण दुकानदार व उसके दोस्त पर अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर जानलेवा हमला करने की वारदात को अंजाम दिया था।
पुलिस टीम द्वारा आरोपी राजेश कुमार व विकास उर्फ तोती पुत्रान उमेश प्रसाद वासियान शिव कालोनी करनाल को शिव कालोनी से गिरफ्तार किया गया। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपियों ने करीब तीन महिने पहले संग्राम उर्फ शानू वासी आनंद विहार को आनंद विहार के पास अपनी दुकान किराए पर दी हुई थी। इस दुकान में बिजली का मीटर नहीं लगा



था। दोनों आरोपी अपनी इसी दुकान का बिल लेने के लिए दुकान पर आए थे। बिजली बिल के कारण दोनों पक्षों में विवाद हो गया। विवाद बढ़ता देख संग्राम उर्फ शानू व उसका दोस्त गौरव पास में ही अपने चाचा की दुकान पर जाकर बैठ गए। लेकिन विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने अपने अन्य साथियों को बुलाया और उनके चाचा की ही दुकान पर उनके ऊपर हमला कर दिया और आरोपियों ने उनको लाठी, डण्डे, चाकू व तलवार आदि से चोटें मारी और जान से मारने की धमकी देते हुए मौका से फरार हो गए। इसके बाद संग्राम उर्फ शानू व गौरव को ईलाज के लिए अस्पताल में दाखिल करवाया गया, जो अभी उपचाराधीन हैं। इस संबंध में पीड़ित संग्राम उर्फ शानू के पिता सतीश कुमार के ब्यान पर आरोपी विकास, राजेश उपरोक्त के खिलाफ नामजद व अन्य आरोपियों के खिलाफ थाना सदर में भादंसं की धारा 148, 149, 307, 323, 324, 427, 452, 506 व शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

## वृद्धों की जन्मतिथि वैरिफीकेशन के लिए प्रत्येक ब्लाक में 21, 22 व 23 जून को होगा कैम्पों का आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**अतिरिक्त** उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि वृद्धजनों की सुविधा के लिए प्रशासन की ओर से प्रत्येक ब्लाक में 21, 22 व 23 जून को संबंधित खण्ड विकास व पंचायत अधिकारी कार्यालय, नगर पालिका कार्यालय तथा नगर निगम करनाल कार्यालय में स्थापित सरल केन्द्र में कैम्प आयोजित किए जाएंगे, ताकि परिवार पहचान पत्र में जिनकी बुढापा पैंशन नहीं बनी है वह अपनी जन्म तिथि वैरिफीकेशन करवा सकें। इसके



अलावा जिन बुर्जगों की पैंशन कट गयी है वह भी उपरोक्त तिथियों में संबंधित कार्यालयों में जाकर सम्पर्क कर सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि निसिंग नगर पालिका क्षेत्र के वृद्धजनों के लिए राजकीय प्राथमिक स्कूल निसिंग में कैम्प आयोजित किया जाएगा।

## मंदिर का दानपात्र तोडकर चोरी करने वाले दोनों आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला** पुलिस की स्पेशल यूनिट असंध की टीम द्वारा दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने गांव सालवन के मनसा देवी मंदिर के दानपात्र में से पैसे चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।
पुलिस टीम द्वारा आरोपी संदीप पुत्र प्रताप सिंह व सन्नी राम पुत्र सत्यवान वासियान गांव फफडाना जिला करनाल को विश्वसनीय सूचना पर असंध से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों द्वारा खुलासा किया कि वह नशा करने के आदी हैं और नशा पूर्ति के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देते हैं।

## स्वास्थ्य ही मनुष्य के लिए अमूल्य उपहार: डा. वैशाली



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मेरा मिशन** स्वस्थ भारत के अंतर्गत फव्वारा पार्क सेक्टर-12 में आयोजित चार दिवसीय विशेष योग शिविर के तीसरे दिन शहर की अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत की। मुख्य संचालक दिनेश गुलाटी और मिशन की शिक्षक टीम ने उनका फूलों के गुलदस्ते से स्वागत किया।
डॉ. वैशाली शर्मा ने मिशन के ढाई लाख सूर्य नमस्कार अभियान में हिस्सा लेते हुए सूर्य नमस्कार का अभ्यास भी किया। उन्होंने कहा कि मिशन के इस सराहनीय कार्य के लिए दिनेश गुलाटी सराहना के पात्र हैं, क्योंकि स्वास्थ्य ही मनुष्य के लिए अमूल्य उपहार है और स्वस्थ रहने के लिए योग सबसे बेहतर है। विशिष्ट अतिथि के रूप में राधेश्याम शर्मा और मनस्वी शर्मा मौजूद रहे।
कार्यक्रम में विशेष रूप से 94.5 एफएम के आरजे चक्षु और आरजे दिव्या मौजूद रहे। एफएम की टीम द्वारा चलाए गए अभियान हर घर हेल्थी के अंतर्गत उन्होंने लोगों को स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित किया। इस विशेष शिविर में प्रतिदिन विशिष्ट अतिथि पहुंचकर लोगों को योग के लिए प्रेरित कर रहे हैं। दिनेश गुलाटी ने बताया कि प्रतिदिन योग करना स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, क्योंकि लोग आजकल दवाइयों पर निर्भर है और शारीरिक श्रम करने की जरूरत नहीं समझते। बीमार होने के पश्चात योग से जोड़ते हैं, परंतु योग के लिए प्रारंभ से ही समय निकालना चाहिए। आज की खराब जीवनशैली में योग ही स्वस्थ रहने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने बताया कि मिशन के अंतर्गत लगभग 20 योग कक्षाएं चलाई जा रही हैं, जिसमें निरंतर नित्य प्रति सैकड़ों लोग योगाभ्यास कर रहे हैं और एक स्वस्थ जीवन शैली की ओर अग्रसर हो रहे हैं। उन्होंने लोगों को बहुत ही प्रभाव कारी सूक्ष्म व्यायाम और आसन का अभ्यास करवाया।
कार्यक्रम में शिक्षिका नीरज गुप्ता, मंजू शर्मा और उनकी टीम के सदस्यों ने योग पर एक सराहनीय प्रस्तुति दी।

## शराब के ठेके से 31 पेटियां चोरी करने वाला काबू

### चोरी, लूट, डकैती आदि के 100 से ज्यादा मामले हैं दर्ज आठ हजार की नगदी बरामद

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**डिटेक्टिव स्टाफ** की टीम द्वारा एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जिसने अपने चाचा के साथ मिलकर पुलिस चौकी सदर बाजार के एरिया के एक शराब ठेके से शराब की करीब 31 पेटियां चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।
पुलिस टीम द्वारा आरोपी जगमाल उर्फ पलटू पुत्र हुक्मी वासी गांव कालखी थाना इसराना जिला पानीपत को न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया गया और एक दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया। आरोपी फिलहाल जिला

> 8 थाना शहर में चोरी का मामला दर्ज किया गया था। आरोपी को आज अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया

कारागार कैथल में एक मामले में सजा काट रहा था। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी एक आदतन अपराधी है। आरोपी नशा करने व अय्याशी करने के लिए चोरी व लूट जैसी वारदातों को अंजाम देता है। आरोपी ने अपने चाचा वेदपाल वासी गन्नौर के साथ मिलकर चोरी की एक गाड़ी में उक्त शराब ठेके से शराब चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी पिछले करीब 17 साल से चोरी, लूट, डकैती, ट्रांसफार्मर चोरी जैसी वारदातों को अंजाम दे रहा है। आरोपी के खिलाफ हरियाणा के विभिन्न जिलों में 100 से भी ज्यादा मामले चोरी, लूट, डकैती, ट्रांसफार्मर चोरी व भगौड़ा घोषित होने के दर्ज हैं। इनमें से कई मामलों में आरोपी फिलहाल जेल में सजा काट रहा था। आरोपी के कब्जे से आठ हजार रुपए की नगदी बरामद की गई है। पुलिस चौकी सदर बाजार के एरिया के शराब ठेके से शराब चोरी के मामले में शिकायतकर्ता अर्जुन सिंह वासी सेलमेन शराब ठेका नवल्टी रोड करनाल ने 26 फरवरी को शिकायत दी थी, जिसमें उसने बताया था कि 25 फरवरी की रात को गाड़ी में सवार दो अज्ञात व्यक्ति उक्त ठेके में से ठेके का ताला तोडकर 11 पेटी देशी व 20 पेटी अंग्रेजी शराब चोरी करके ले गए थे। इस संबंध में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ थाना शहर में चोरी का मामला दर्ज किया गया था। आरोपी को आज अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## 'योग स्वस्थ जीवन व्यतीत करने की कला तथा विज्ञान है योग'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**सेवा समिति** अर्जुन गेट में आयोजित दिव्य योग कक्षा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें साधकों को योग की विभिन्न क्रियाएं करवाई गई। इस अवसर पर प्रतिभागियों को उपहार वितरित किए गए। योग शिक्षक शमशेर नैन ने कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक सुख व आध्यात्मिक प्रगति के लिए योग महत्वपूर्ण है। योग से बीमारियों को दूर कर खुद को स्वस्थ रख सकते हैं। योग से नैतिकता का विकास होता है और शाश्वत मूल्यों को विकसित किया जा सकता है। यदि शरीर और मन को स्वस्थ रखना है तो हमें योग की शरण में जाना होगा। योग से आत्म शुद्धि होती है। उन्होंने कहा कि कई प्रकार के विकार और रोग शरीर में उत्पन्न हो सकते हैं इसे हम योग के माध्यम से दूर कर सकते हैं। 72 हजार नाडियों को संतुलित करने के लिए योग को विज्ञान से जोड़ा गया है। योग से केवल शारीरिक व्यायाम नहीं होता, बल्कि योग इससे भी ऊपर है। मन के विकारों को दूर करने का योग महत्वपूर्ण साधन है। इस अवसर पर रिंपी खरबंदा, सुरेंद्र नारंग, जितेंद्र गुप्ता, लक्ष्मी चोपड़ा, रिंपी खरबंदा, अशोक नारंग, सविता नारंग, बलदेव राणा, कमल चोपड़ा, पूर्ण चंद, अंजू अरोड़ा, दया, दविंद्र चौधरी, पूनम निझावन, नीरू गुप्ता, गुरदयाल सिंह, वंशिका, भारती आदि मौजूद रहे।

## स्कूटनी कमेटी में 17 कॉलोनियों पर हुई चर्चा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**म्यूनिसिपल** एरिया से बाहर अवैध कॉलोनियों को नियमित करने के मामलों पर मंगलवार को उपायुक्त एवं जिला स्तरीय स्कूटनी कमेटी के अध्यक्ष अनीश यादव की अध्यक्षता में मीटिंग हुई। इसमें डीटीपी की ओर से प्रस्तुत 17 आवेदनों पर चर्चा की गई। चर्चा और अवलोकन के बाद 8 कॉलोनियों को सिद्धांत रूप में मंजूरी दी गई, अब आगामी कार्रवाई के लिए इन कॉलोनियों के मामले सरकार के पास जाएंगे। शेष कॉलोनियों में छोटी-छोटी कमियों के आधार पर उपायुक्त ने डी.टी.पी. एवं कमेटी के सदस्य सचिव ओम प्रकाश को निर्देश दिए गए कि इनके पैरामीटर्स पूरे करवा लें। उसके बाद ही इन्हें मंजूर करने पर विचार किया



जाएगा। गौर हो कि इससे पहले स्कूटनी कमेटी की मीटिंग में भी 3 कॉलोनियों को मंजूरी दी गई थी, जिनके मामले सरकार को भेजे जा चुके हैं। इन कॉलोनियों को मिली मंजूरी- बता दें कि मीटिंग में डीटीपी की ओर से अलग-अलग कॉलोनियों की जो फाईलें डिस्कस के लिए प्रस्तुत की गई थी, उन पर चर्चा के बाद उपायुक्त की ओर से 8 कॉलोनियों को सिद्धांतिक रूप में मंजूरी दी गई। इनमें तरावड़ी की महादेव कॉलोनी, इन्द्री स्थित हाईवे कॉलोनी, मटक माजरी इन्द्री की ही लक्ष्मी सेवा समिति, समर एन्कलेव नेवल एट करनाल, लक्ष्मी एन्कलेव मटक माजरी इन्द्री, गौकुल धाम गुढा (घरौंडा), कोहंड के पास अलीपुर खालसा में एक बेनामी कॉलोनी तथा नेवल एट मंगलपुर की मां भगवती कॉलोनी शामिल हैं।
इन कॉलोनियों को नही मिली मंजूरी- सरकार की ओर से जारी पॉलिसी में दिए गए नियमो और पैरामीटर्स पर खरी न उतरने वाली जिन 9 कॉलोनियों को आज की मीटिंग में मंजूरी नहीं मिली। उनमें शहीद उधम सिंह कॉलोनी-इन्द्री, बालाजी कॉलोनी-कोहंड, वीआईपी कॉलोनी फेज 1 मटक माजरी-इन्द्री, कल्याणा कुंज नेवल-करनाल, राणा एन्कलेव मिरग्याण-करनाल, हरचरण कॉलोनी-जुण्डला, कृष्णा एन्कलेव कोहंड-घरौंडा, बजाज कॉलोनी मटक माजरी-इन्द्री तथा न्यू मॉडल टाऊन कॉलोनी मटक माजरी-इन्द्री शामिल हैं।

## संपादकीय

# योग बना लोककल्याण का जरिया

**आज** पूरी दुनिया योग की महत्ता को स्वीकार और अंगीकार कर रही है। इस स्वीकार्यता के साथ भारतीय मनीषा भी वैश्विक फलक पर प्रतिष्ठित हो रही है। योग निर्विवाद रूप से भारत की थाती है। इसका गौरवशाली इतिहास रहा है। दुनिया के प्राचीनतम ग्रंथ वेद से लेकर उपनिषद, स्मृति, पुराण, रामायण, महाभारत समेत सभी धर्मग्रंथों में योग का उल्लेख है। पर, अमूमन इसका दायरा गुफाओं, कंदराओं और अरण्यों में साधना, सिद्धि और मोक्ष तक ही सीमित था। महर्षि पतंजलि ने योग की अपनी इस समृद्ध परंपरा को एक व्यस्थित और वैज्ञानिक स्वरूप दिया। जबकि गुरु गोरखनाथ ने योग के अंतर्निहित विशेषताओं को जन सामान्य के लिए सुलभ बनाकर इसे लोककल्याण का जरिया बनाया। गुरु गोरखनाथ और उनके बाद के नाथ योगियों, सिद्धों एवं साधकों ने शरीर को स्वस्थ, मन को स्थिर एवं आत्मा को परमात्मा में प्रतिष्ठित करने वाली इस विधा को लोक तक पहुंचाया। फिर तो योग जाति, धर्म, मजहब, लिंग और भौगोलिक सीमाओं से परे सबके लिए उपयोगी होता गया। आज पूरी दुनिया योग को इसी रूप में स्वीकार भी कर रही है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस इसका प्रमाण है। यह सर्वविदित है कि हिंदू धर्म, दर्शन, अध्यात्म और साधना से जुड़े संप्रदायों में नाथ पंथ का महत्वपूर्ण स्थान है। बृहत्तर भारत समेत देश के हर क्षेत्र में नाथ योगियों/सिद्धों की उपस्थिति इस संप्रदाय की व्यापकता और इसी अनुरूप इसके प्रभाव का सबूत है। नाथ संप्रदाय की उत्पत्ति आदिनाथ भगवान शिव से मानी जाती है। आदिनाथ शिव से मिले तत्त्वज्ञान को मत्स्येंद्रनाथ ने अपने शिष्य गोरक्षनाथ को दिया। माना जाता है की गुरु गोरक्षनाथ शिव के ही अवतार थे। गुरु गोरक्षनाथ का अपने समय में भारतवर्ष समेत एशिया के बड़े भूभाग (तिब्बत, मंगोलिया, कंधार, अफगानिस्तान, श्रीलंका आदि) पर व्यापक प्रभाव था। उन्होंने अपने योग ज्ञान से इन सारी जगहों को कृतार्थ किया। जॉर्ज गियर्सन के अनुसार गुरु गोरक्षनाथ ने लोकजीवन का परमार्थिक स्तर पर उत्तरोत्तर उन्नयन और समृद्धि प्रदान कर निष्पक्ष, आध्यात्मिक क्रांति का बीजारोपण कर योग रूपी कल्पतरु की शीतल छाया में त्रयताप से पीड़ित मानवता को सुरक्षित कर जो महनीयता प्राप्त की, वह उनकी अलौकिक सिद्धि का परिचायक है। गोरक्षनाथ का योगमार्ग शुष्क विचारात्मक नहीं वरन साधनापरक है। उनका जोर निर्विकार चिंतन और अंतरंग साधना पर है। इस बाबत उनका कहना है कि "ज्ञान सबसे बड़ा गुरु और चित्त सबसे बड़ा चेला है। इन दोनों का योग सिद्ध कर जीव को जगत में पारमार्थिक स्वरूप शिव में प्रतिष्ठित रहना चाहिए। यही श्रेष्ठ पथ है"। गुरु गोरक्षनाथ द्वारा प्रतिपादित योग का इसलिए भी महत्व है, क्योंकि उन्होंने योग को वामाचार से निकालकर इसे सात्विक, सदाचार और सद्विचार के रूप में प्रतिष्ठित किया। उन्होंने योग के संबंध में अब तक की अतियों से बचने पर जोर दिया। एलपी टेशीटरी के मुताबिक गोरक्षनाथ जी के योग की खूबी इसकी सर्वजनीनता है। मसलन उनके योग का द्वार सबके लिए खुला है। ब्रह्मलीन गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ के मुताबिक योग साधना सम्पूर्ण मानवता के कल्याण के लिए हमारे ऋषियों, महर्षियों और महान योगियों द्वारा प्रचारित खास किस्म के रसायन हैं।

# योग दिवसः 'वसुधैव कुटुम्बकम-एक परिवार, एक-पृथ्वी' का संदेश देगा



सबानंद सोणोवाल

> इसी तरह योग सागरमाला में पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय से जुड़े बंदरगाहों पर योग प्रदर्शन होगा। ग्रामीण विकास मंत्रालय के अमृत सरोवर भी इस वर्ष के समारोह का हिस्सा होंगे। शिक्षा मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय के साथ-साथ भारत सरकार के अन्य प्रमुख मंत्रालय भी इस उत्सव का हिस्सा हैं। यह पूरे सरकार के दृष्टिकोण को भी दशार्ता है। यह विचार स्पष्ट रूप से यह दिखाता है कि आईडीवाई हर किसी के लिए उत्सव है और हम में से प्रत्येक को अपनी भूमिका निभानी है। ग्रामीण स्तर पर सामान्य योग प्रोटोकॉल का पालन किया जाएगा और इसके लिए सामान्य सेवा केन्द्रों को भी जोड़ा गया है

**इस** वर्ष के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का विषय 'वसुधैव कुटुम्बकम के लिए योग' है, और यह विषय समग्र रूप से स्वस्थ, आनंदमय, शांतिपूर्ण और गतिशील दुनिया बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) से जुड़े सभी लोगों के निरंतर, निर्भीक और स्थायी प्रयासों को रेखांकित करता है। योग सकारात्मक ऊर्जा लाता है, और 'वसुधैव कुटुम्बकम' दुनिया को एक बड़े परिवार के रूप में देखना और उसी तरह से जीना है। योग के रूप में भारत की यह पारंपरिक प्रथा 'सर्वे भवन्तु' सुखिन, सर्वे सन्तु निरामय" (सभी सुखी हों और सभी रोगमुक्त हों') की प्राचीन प्रार्थना को साकार करने के लिए एक शक्तिशाली प्रेरणा शक्ति बन जाती है।

सबसे पहले यह रेखांकित करना चाहता हूं कि आयुष मंत्रालय ने पिछले 9 वर्षों में जबरदस्त प्रगति की है। यह हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की दूरदर्शिता और भारत की परंपराओं की उनकी गहरी समझ है जिसने आयुष को बहुत तेजी से आगे बढ़ाया है। जन-साधारण की सेवा के प्रति उनकी अडिग प्रतिबद्धता और भारत को हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते देखने की इच्छा के परिणामस्वरूप हर साल दुनिया भर में आईडीवाई नये जोश से मनाया जाता है। हर वर्ष भाग लेने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। हमारे माननीय प्रधानमंत्री ने 2014 में संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों के समक्ष हर वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव देते हुए वैश्विक कल्याण और समग्र स्वास्थ्य का "मंत्र" दिया था। संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों ने तब सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव को स्वीकार किया और अब दुनिया इस मंत्र को पूरे मन से अपना रही है। 'वसुधैव कुटुम्बकम के लिए योग' एक दिन का विषय नहीं है। यह एक ऐसा मुद्दा है जिस पर अच्छी तरह से विचार किया गया है, चर्चा की गई है, कई लोगों द्वारा इसके अहम पहलुओं को उभारा गया है। इसके पीछे हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की कल्पना रही है। जी-20 राष्ट्रों और एससीओ (शंघाई सहयोग संगठन) के सदस्य देशों के प्रतिनिधि और एससीओ के भागीदार देश भी योग को बेहद सम्मान की दृष्टि से देखते हैं। इस साल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विभिन्न देशों के प्रतिनिधिमंडल भारत में योगाभ्यास करेंगे।

हम देख रहे हैं कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस वैश्विक स्तर पर योग की बढ़ती स्वीकार्यता का स्पष्ट प्रतीक है। समन्वित सरकारी प्रयास के लिहाज से भारत सरकार का प्रत्येक मंत्रालय और सभी हितधारक तालमेल से काम कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम आयोजित करने के लिए भारतीय दूतावासों, विदेशों में भारतीय मिशनों और दुनिया भर में वाणिज्य दूतावासों को प्रोत्साहित करता है। यह वैश्विक समुदाय के बीच योग को बढ़ावा देता है और भारत की सांस्कृतिक कूटनीति को मजबूत करता है अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2023 की विषय वस्तु की व्याप्ति का मतलब है कि इसका संदेश दुनिया के कोने-कोने तक पहुंचे।

इसके लिए स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतराराष्ट्रीय, तीनों स्तरों पर काम करना होता है। पिछले साल हमने इस उद्देश्य के लिए "गार्जियन रिंग ऑफ योग" किया था। इस साल हम "ओशन रिंग" के रूप में, और प्राइम मेरिडियन लाइन पर या उसके पास पड़ने वाले "आर्कटिक से अंटार्कटिका तक के क्षेत्र में आने वाले देशों तक योग प्रदर्शन कर रहे हैं। 21 जून को ये दो विचार न केवल वैश्विक समुदायों की भागीदारी बढ़ाएंगे, बल्कि यह भी प्रदर्शित करेंगे कि योग जीवन को बनाए रखने वाली शक्ति है, चाहे स्थिति या स्थान कोई भी हो। योग उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र, हिमाद्रि- स्वालबार्ड (आर्कटिक में) भारतीय अनुसंधान केन्द्र; और भारती- अंटार्कटिका में तीसरे भारतीय अनुसंधान केन्द्र में भी होगा।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2023 समारोह में हर तबके, वर्ग, समूहों को शामिल करने के लिए हमारे देश में भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। योग भारतमाला बनाई जाएगी, जिसमें भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना, नौसेना, तटरक्षक बल और सीमा सड़क संगठन की भागीदारी देखने को मिलेगी।

इसी तरह योग सागरमाला में पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय से जुड़े बंदरगाहों पर योग प्रदर्शन होगा। ग्रामीण विकास मंत्रालय के अमृत सरोवर भी इस वर्ष के समारोह का हिस्सा होंगे। शिक्षा मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय के साथ-साथ भारत सरकार के अन्य प्रमुख मंत्रालय भी इस उत्सव का हिस्सा हैं। यह पूरे सरकार के दृष्टिकोण को भी दशार्ता है। यह विचार स्पष्ट रूप से यह दिखाता है कि आईडीवाई हर किसी के लिए उत्सव है और हम में से प्रत्येक को अपनी भूमिका निभानी है।

ग्रामीण स्तर पर सामान्य योग प्रोटोकॉल का पालन किया जाएगा और इसके लिए सामान्य सेवा केन्द्रों को भी जोड़ा गया है। राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत आयुष स्वास्थ्य और सम्पूर्ण स्वास्थ्य केन्द्र भी सामान्य योग प्रोटोकॉल का पालन करेंगे। यह भारत के सभी हेल्थ एंड वेलनैस सेंटरों पर होगा। सीवाईपी का अभ्यास सभी आयुष सुविधाओं जैसे शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों आदि में किया जाएगा। प्रत्येक राज्य का एक आयुष ग्राम भी सीवाईपी अभ्यास में भाग लेगा और इसके लिए चिन्हित गाँव में योग प्रशिक्षक नियुक्त किए जा रहे हैं ताकि "सम्पूर्ण योग ग्राम" का दर्जा प्राप्त किया जा सके। इसका अंतिम उद्देश्य ग्रामीण और सुदूरवर्ती इलाकों में "हर आंगन योग" के लक्ष्य को हासिल करना है। इसके लिए भारत में 2 लाख से अधिक गांवों में लोगों को कॉमन योग प्रोटोकॉल (सीवाईपी) में प्रशिक्षित करने का प्रावधान किया गया है।

इस वर्ष, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हमारे माननीय प्रधानमंत्री न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में योग प्रदर्शन की अगुवाई करेंगे। मुझे यकीन है कि इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग को बड़ा समर्थन मिलेगा। साथ ही, इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम 21 जून को मध्य प्रदेश के जबलपुर में होगा। भारत के माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ गैरीसन मैदान, जबलपुर में सामूहिक योग प्रदर्शन की अगुवाई करेंगे। मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, आयुष राज्य मंत्री डॉ. मुंजपारा महेन्द्रभाई, और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इसमें शामिल होंगे। जैसे-जैसे हम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2023 उत्सव की ओर आगे बढ़ रहे हैं, हर मिनट, हर क्षण और योग से जुड़ा हर स्थान उच्च स्तर का महत्व प्राप्त कर रहा है। आईडीवाई 2023 को शानदार तरीके से सफल बनाने के लिए हममें से प्रत्येक को एक भूमिका निभानी है। कुछ समय निकालें और खुद को योग की रोग निवारक और उपचारात्मक शक्ति में तल्लीन कर लें, जैसा कि मैं स्वयं प्रतिदिन करता हूं। मेरा यकीन मानिए, इस वर्ष का आईडीवाई विशेष है क्योंकि 'योग' में "वसुधैव कुटुम्बकम" की शक्ति निहित है।




## कविता

### है पेट की तपिश के आगे सब तपिश फीकी यहाँ

ुश्क गला था, तपीश में शरीर मेरा,
हाय कैसी गर्मी थी,सीना तर बतर हुआ,

पसीना मानों कह रहा हो, आज नहला दूंगा तुझे,
बिन बरसात ही,तन बदन गीला हुआ,

चल रही हर तरफ आज गर्म हवाएं,
मुझे मंजिल पर जाना था, ना कहीं मेरा रुकना हुआ,

ख़्याल मजदूर का लिए, हौसला मेरा बढ़ता गया,
वो उम्र भर चलता रहा, मेरा तो कुछ वक्त चलना हुआ,

है पेट की तपिश के आगे,सब तपिश फीकी यहाँ,
जब पेट की आग बुझी, खूशनुमा चेहरा हुआ,

रामेश्वर देव

# फिर चर्चा में समान नागरिक संहिता

**राजेश माहेश्वरी**

**कॉमन** सिविल कोड यानी समान नागरिक संहिता फिर से चर्चा में है। बीते 14 जून को विधि आयोग ने राजनीतिक रूप से संवेदनशील इस मुद्दे पर एक महत्वपूर्ण पहल की है। 22वें विधि आयोग ने एक बार फिर समान नागरिक संहिता पर जनता और मान्यता प्राप्त धार्मिक संगठनों के विचार मांगे हैं। इस मुद्दे पर रुचि रखने वाले लोग और संगठन 30 दिन के भीतर विधि आयोग से अपने विचार साझा कर सकते हैं। आयोग ने कहा है कि वह जरूरत पड़ने पर चर्चा के लिए किसी व्यक्ति या संगठन को बुला सकता है। जैसे ही समान नागरिक संहिता की चर्चा शुरू हुई, विरोध होने लगा। विश्व हिंदू परिषद ने स्वागत किया तो सपा सांसद डॉ. शफीक उर रहमान बर्क ने कह दिया कि इससे देश में केवल नफरत फैलेगी। सोशल मीडिया और चैक चैराहों पर कॉमन सिविल कोड पर चर्चा सुनाई देने लगी है। भारतीय संविधान में राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों से जुड़े अनुच्छेद 44 में कहा गया है कि राज्य भारत के पूरे क्षेत्र में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता (यूसीसी) सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा। 1985 में चर्चित शाह बानो मामले में शीर्ष अदालत ने कहा कि अनुच्छेद 44 एक मृत पत्र के समान बताया और एक समान नागरिक संहिता की आवश्यकता पर जोर दिया था। भारतीय संविधान की मसौदा समिति के अध्यक्ष डॉ. बीआर अंबेडकर ने कहा था कि हमारे पास पूरे देश में एक समान और पूर्ण आपराधिक संहिता है, जो दंड संहिता और आपराधिक प्रक्रिया संहिता में निहित है। हमारे पास संपत्ति के हस्तांतरण का कानून है, जो संपत्ति और उससे जुड़े मामलों से संबंधित है और पूरे देश में लागू है। फिर नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट हैंरू और मैं कई अधिनियमों का हवाला दे सकता हूं, जो यह साबित करेंगे कि इस देश में व्यावहारिक रूप से एक नागरिक संहिता है, इनके मूल तत्व एक समान हैं और पूरे देश में लागू हैं। चार दशकों से ही समान नागरिक संहिता की बात सड़क से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक हो रही है। 1985 में शाह बानो मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि संसद को सामान नागरिक संहिता पर आगे बढ़ना चाहिए। 2015 में भी सुप्रीम कोर्ट ने इसकी जरूरत को रेखांकित किया था। भारत का संविधान तैयार करने की प्रक्रिया के दौरान भी समान नागरिक संहिता का मुद्दा खासी चर्चा में रहा था। तब भरोसा जताया गया था कि इस लोकतांत्रिक देश में कालांतर में समान नागरिक संहिता लागू करने को मूर्त रूप देने का अवसर आएगा। दरअसल, तब संविधान सभा के कई दिग्गज इसके पक्ष में थे, लेकिन भारतीय समाज की जटिलता और तत्कालीन संवेदनशील स्थिति के चलते इस पर निर्णायक फैसला नहीं हो सका था। बाद में स्वतंत्र भारत में कई बार संसद व विधानसभाओं में इस मुद्दे पर खूब चर्चा होती रही।

## विचार

# योग और ध्यान-अभ्यास

संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

योग सृष्टि की शुरूआत से ही भारत की प्राचीन संस्कृति का एक अहम हिस्सा रहा है। प्राचीन काल के ऋषि-मुनियों ने योग के महत्त्व का जिक्र अनेक धर्मग्रंथों में किया है। ऋग्वेद में कई जगहों पर यौगिक क्रियाओं के विषय में जानकारी मिलती है। महर्षि पतंजलि ने योग की परिभाषा देते हुए कहा है कि श्योगश्चित्तवृत्तिनिरोधःश अर्थात योग के द्वारा हम अपने चंचल मन को भी काबू में कर सकते हैं। मनुष्य को जब भी कोई शारीरिक अथवा मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ा है तो अपने शरीर को रोग मुक्त करने के लिए उसने किसी न किसी तरीके से योग द्वारा शरीर को स्वस्थ किया है और साथ ही साथ मानसिक शांति भी प्राप्त की है लेकिन आज के आधुनिक युग की इस भाग-दौड़ भरी जिंदगी में हमारे खान-पान व रहन-सहन में कई बदलाव आए हैं जिनके कारण हमें चिंता, तनाव, थकान और चिड़चिड़ापन जैसी अन्य कई बीमारियां घेर लेती हैं। शुरू-शुरू में तो हम अपने स्वास्थ्य की बिल्कुल भी परवाह नहीं करते क्योंकि आजकल की व्यस्त जिंदगी में किसी के पास इतना भी वक्त नहीं है कि वो अपने शरीर की ओर ध्यान दे लेकिन धीरे-धीरे यह छोटी-छोटी बीमारियाँ हमारे शरीर में ब्लड प्रेशर, शुगर, गठिया, मोटापा और माईग्रेन जैसी अनेक गंभीर रोगों को जन्म देती हैं। तब हम थोड़ा जागरूक होते हैं और हमारा ध्यान किसी योग की ओर जाता है क्योंकि केवल योग ही है जो इस प्रकार के रोगों को जड़ से खत्म कर सकता है। सिर्फ प्राचीन काल के योगियों ने ही नहीं बल्कि आज के आधुनिक युग के डॉक्टर्स ने भी इस बात को पूरी तरह साबित करके दिखाया है कि सिर्फ योग ही ऐसी रामबाण दवा है जिसके द्वारा हम शारीरिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं और यह हमें इस हलचल भरी दुनिया में मानसिक शांति भी प्रदान कर सकता है। अगर हम योग के फायदों का जिक्र करें तो हम पाएंगे कि योग के फायदों की सूची कभी न खत्म होने वाली है। जैसे प्रतिदिन योग करने से शारीरिक तंदुरुस्ती तो आती ही है, इसके अलावा इसके द्वारा सबसे ज्यादा मानसिक शांति मिलती है, जिससे कि हमारे अंदर का तनाव खत्म होता है बल्कि इसके द्वारा हमारा मन भी शांत रहता है। इसके साथ-साथ बड़ी से बड़ी बीमारी से लड़ने के लिए हमारे शरीर में रक्त का संचार सुचारू रूप से होता है, जिससे कि हमारे अंदर रोगों से लड़ने की ताकत बढ़ जाती है। योग से हमारी पाचन क्रिया भी दुरूस्त होती है, जिसके कारण हमारे अंदर ऊर्जा का विकास होता है और हमारा शरीर लचीला बनता है। नियमित योग करने से जीवन के प्रति उत्साह बढ़ता है और हमारे अंदर मनोबल की भी वृद्धि होती है। इस प्रकार योग के द्वारा हम अपने तन को ही नहीं बल्कि मन को भी स्वस्थ रख सकते हैं।

योग के कई प्रकार हैं जैसे, हठ योग, प्राण योग, राज योग, कुंभक और ज्ञान योग आदि। जितने भी प्रकार के ये योग हैं इन्हें करने के लिए एक तो इनमें समय बहुत ज्यादा देना पड़ता है जोकि आजकल की व्यस्त दिनचर्या में मुमकिन ही नहीं है। दूसरे इन्हें करने के लिए शरीर का पूरी तरह से स्वस्थ होने के साथ-साथ लंबी उम्र का होना भी बहुत ही जरूरी है जोकि आज के युग में संभव नहीं है। ये सभी यौगिक क्रियाएं सिर्फ हमारे शरीर को स्वस्थ रखती हैं लेकिन सुरत शब्द योग एक ऐसी विधि है जोकि पूर्णतया आध्यात्मिक है और यह न सिर्फ हमारे तन व मन को बल्कि हमारी आत्मा को भी तंदुरुस्त रखता है। परम संत कृपाल सिंह जी महाराज ने इस सुरत शब्द योग के बारे में कहा है कि, अगर हमारी आत्मा तंदुरुस्त होगी तो हमारा मन और शरीर खुद-ब-खुद तंदुरुस्त हो जाएगा।

सुरत-शब्द योग हमें समझाता है कि सुरत जो हमारी आत्मा का बाहरी रूप है जब वो प्रभु के शब्द के साथ जुड़ती है तो फिर जहाँ से हम आए हैं, पिता-परमेश्वर के घर वहाँ हम वापिस जा सकते हैं। जब हम प्रभु के शब्द के साथ जुड़ते हैं तो हम अंदर की दुनिया में जाने के लायक होते हैं और हमारी आत्मा का मिलाप परमात्मा से हो सकता है।

# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादकः राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# जाने योग आधुनिक जीवन में क्यों है महत्वपूर्ण

**अलका सिंह**
**योग विशेषज्ञ**

मानवता के लिए योग का सहारा लिया जाना बेहद जरूरी है क्योंकि आधुनिक जीवन शैली ने मन-शरीर के संबंधों में सामजंस्य खो दिया है जिससे उच्च रक्तचाप, कोरोनरी हृदय रोग और कैंसर जैसी कई तनाव-आधारित बीमारियां हो गई हैं। इन बीमारियों को रोकने और उनका इलाज करने के प्रयास ने बेहतर जीवन शैली और बेहतर रणनीतियों की खोज को गति दी, जो कि योग जैसे प्राचीन विषयों की पनुर्खोज में परिवर्तित हो गए, जीवन शैली को स्थायी मानसिक शांति के लिए शक्तिशाली अचकू नुस्खे के साथ जोड़ना जैसा कि नैदानिक अध्ययनों द्वारा पुष्टि की गई है। योग आधुनिक जीवन जीने का, सही जीवन जीने का विज्ञान है और इसे हमारे दैनिक जीवन में शामिल किया जाना चाहिए। यह सप्ताह में एक बार सिर्फ दो घंटे की हॉबी क्लास नहीं है। योग में दिमाग को शांत करने, लचीलापन बनाए रखने, शारीरिक और मानसिक ऊर्जा का दोहन करने और एक एकीकृत व्यक्तित्व विकसित करने में मदद करने के लिए तकनीकी प्रणालियां हैं। यह भावनाओं को संतुलित करने और मन और शरीर के बीच सामंजस्य स्थापित करने का एक तरीका है। एक व्यक्ति अपनी जीवन शैली के अनुसार योग के कई मार्गोंझ हठ, भक्ति, राज, ज्ञान और कर्म योग में से एक या दो या अधिक के संयोजन को चुन सकता है। व्यक्ति प्राणायाम, आसन, विश्राम, ध्यान और प्रत्याहार तकनीकों का अभ्यास कर सकता है, साथ ही जहां संभव हो व्यक्तिगत और सामाजिक विषयों का पालन कर सकता है। यह व्यक्ति पर निर्भर करता है कि वह यह पता करे कि उसकी आवश्यकताओं, जीवन शैली और व्यक्तित्व के लिए कौन सा मार्ग सबसे उपयुक्त है। एक सामान्य जीवन शैली का नेतृत्व करते हुए योग का अभ्यास किया जा सकता है, लेकिन विभिन्न आकांक्षाओं, मानसिकता और स्वयं के प्रति दृष्टिकोण और जीवन में बातचीत के साथ। योग का अभ्यास करने की कला व्यक्ति के मन, शरीर और आत्मा को नियंत्रित करने में मदद करती है। यह एक शांतिपूर्ण शरीर और मन को प्राप्त करने के लिए शारीरिक और मानसिक विषयों को एक साथ लाता है, तनाव और चिंता को प्रबंधित करने में मदद करता है और आपको तनावमुक्त रखता है।

## साथ कौन चलें

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**कल** रात को हरिवंशराय बच्चन सपने में आए थे। पूछा झ बेटा तुम्हें हिंदी साहित्य में कोई रुचि है भी या नहीं या यूँ ही लिखते चले जा रहे हो। मैंने कहा झ आपने हिंदी साहित्य तो जरूर रचा लेकिन बेरोजगारी का मजा नहीं चखा। अब चूंकि हमारे पास नौकरी नहीं है इसलिए कोरा कागज काला कर डालने वाला टाइमपास करते हैं। हर कोई यहाँ कोरे को काला करने में लगा है। हम भी भीड़ में शामिल हो गए। इन्हीं काला करने वालों में किसी एकाध को रोजगार न सही गोरा-चिट्टा पुरस्कार तो मिल जाता है। हम भी उसी आस में है। मेरी बातें सुन उन्होंने कहा - बेटा इस तरह टाइमपास करोगे तो काम नहीं बनेगा। जानते नहीं मैंने हिंदी साहित्य को एक से बढ़कर एक रचना दी हैं। कम से कम उसका तो अध्ययन करो। मैंने कान पकड़ते हुए कहा झ बच्चन जी, आप ऐसा न कहें। मैं आपका बड़ा प्रशंसक हूँ। आपका लिखा गीत झ मेरे अंगने में तुम्हारा क्या काम है, मेरा सबसे पसंदीदा गीत है। मैं आपकी साहित्य साधना को ऐसे-कैसे अनदेखा कर सकता हूँ। न जाने बच्चन जी को क्या हुआ पता नहीं, वे एकदम से उखड़ गए। उन्होंने कहा झ बेटा! मैंने कुछ फिल्मी गीत जरूर लिखे थे, लेकिन वे साहित्य के लिए नहीं रोजी रोटी कमाने के लिए थे। तुमने कभी मधुशाला के बारे में सुना है। वह होता है सच्चा साहित्य। उसे पढ़ते तो मुझे बड़ी प्रसन्नता होती। मैंने आश्चर्य से कहा झ मधुशाला! उसे तो मैं क्या आज की सभी पीढ़ी पसंद करती है। उसकी बढ़ती कीमतों की परवाह किए बिना उसे खरीदने के लिए हम मरे जाते हैं। बच्चन जी ने कहा झ मेरा पाला भी कैसे मूर्ख से पड़ गया समझ नहीं आता। मैं आन कह रहा हूँ तो तुम कान सुन रहे हो। मैं मधुशाला पुस्तक की बात कर रहा हूँ। जिसके लिए मैं दुनिया भर में जाना जाता हूँ। मैंने स्वयं की गलती सुधारी और कहा झ क्षमा चाहता हूँ। मधुशाला का मतलब पीने वाली जगह से लगा बैठा।

मैंने उसे ठीक से नहीं पढ़ा है, लेकिन घर के पास शराब का एक ठेका है, उसका नजारा मेरी आँखों में अभी भी समाया हुआ है। मैं समझता हूँ आपने उसमें जो बातें लिखी होंगी उसी को मैंने ठेके पास ठहरकर व्यवहार में प्राप्त किया है।

# गडकरी परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**

**परिवहन एवं** राजमार्ग मंत्री भारत सरकार नितिन गडकरी मोहड़ा अनाजमंडी के नजदीक अम्बाला ग्रीन फिल्ड 6 लेन रिंग रोड परियोजना का शिलान्यास एवं अंबाला से साहा तक 4 लेन एनएच 444 ए का लोकार्पण करेगें। इस कार्यक्रम को लेकर हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का दौरा किया। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री के कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है अंबाला के साथ.साथ प्रदेश के विकास में भी यह परियोजनाएं काफी कारगर सिद्ध होंगी पिछले कई महीनों पर इस पॉजेक्ट पर काम चल रहा था। रिंग रोड़ बनने से लाखों लोगों को फायदा होगा तथा लोगों का बहुत सा धन भी बचेगा। वाहन चालकों को अपने वाहन अंबाला छावनी क्षेत्र में नहीं लाने होंगे। रिंग रोड़ के रास्ते बाहर से ही तेल व समय को बचाते हुए अपने स्थान पर पहुंच सकेंगे। आज अंबाला आने से पहले गडकरी ने सोनीपत में थे । गडकरी व सीएम ने राई में 890 करोड़ रुपए की लागत से बने 11 फ्लाई ओवरों और नेशनल हाईवे 44 के 30 किलोमीटर लंबाई की सड़क परियोजना का लोकार्पण किया। इस दौरान डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला भी उपस्थित रहे। इसके बाद नितिन गडकरी व सीएम सोनीपत अनाजमंडी में भारत गौरव रैली में पहुंचे। यहां उन्होंने मंच से सभी कार्यकताओं का अभिवादन किया। इसके बाद दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि देश में कांग्रेस ने 60 साल राज किया और लोगों को गरीबी हटाने का झांसा दिया। 60 साल कांग्रेस वाले नेताओं की गरीबी जरूर दूर हो गई। 60 साल में जो कांग्रेस नहीं कर पायी। वे केवल 9 साल में मोदी के नेतृत्व में हमने कर दिखाया है। यह हमारी सरकार की विशेषता है।

**8 ग्रीन एक्सप्रेस.वे बन रहे हैं। अंबाला से कोट पुतली तक 313 किलोमीटर का काम पूरा किया है**

गड़करी ने कहा कि हरियाणा का संपर्क अब दिल्ली से है। बहुत से एक्सप्रेस वे बना रहे हैं। हरियाणा में राजमार्गों के निर्माण से समृद्धि के नए द्वार खोलते हुए आज सोनीपत में दिल्ली से पानीपत 8.लेन एनएच. 44 पर 890 करोड़ रुपए की लागत से 11 फ्लाई ओवर लोकार्पण किया। हरियाणा में राजमार्गों के निर्माण से समृद्धि के नए द्वार खोलते हुए आज सोनीपत में दिल्ली से पानीपत 8.लेन एनएच. 44 पर 890 करोड़ रुपए की लागत से 11 फ्लाई ओवर लोकार्पण किया।

केंद्रीय मंत्री ने सड़कों के निर्माण को लेकर हरियाणा में हुए कामों को गिनाया। उन्होंने कहा कि हरियाणा में 100 के करीब प्रोजेक्ट उनके चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब सोनीपत से मुंबई तक साढ़े 12 घंटे में पहुंच जाएंगे।

हरियाणा में 6 हजार करोड़ का काम हमने पूरा किया है। ग्रीन एक्सप्रेस.वे बन रहे हैं। अंबाला से कोट पुतली तक 313 किलोमीटर का काम पूरा किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका उद्घाटन करेंए ऐसी उनकी इच्छा है। इसके लिए सीएम मनोहर लाल से उन्होंने आग्रह किया है। दिल्ली अमृतसर कटरा हरियाणा के लिए महत्वपूर्ण है।

# 300 विद्यार्थियों को करवाया कॉमन योग प्रोटोकॉल अभ्यास



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) हरियाणा** योग आयोग की प्रेरणा से भारतीय योग संस्थान के ब्रह्मसरोवर योग जिला के जोन प्रधान डॉ ओम प्रकाश शर्मा द्वारा राजकीय संस्कृति मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र में देश के विभिन्न प्रांतों से आए एनएसएस के 200 स्वयंसेवकों व उनके प्रोग्राम अधिकारियों को सात दिवसीय शिविर के अंतिम दिन अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कॉमन योग प्रोटोकॉल अभ्यास करवाया गया । डॉ ओम प्रकाश 6 दिन पहले शिविर के प्रारंभ से ही स्वयंसेवकों को प्रतिदिन प्रातः योगाभ्यास करवा रहे हैं । ओम ध्वनि, प्रार्थना व संचालन क्रियाओं के पश्चात स्वयंसेवकों को खड़े होकर, बैठ कर, पेट के बल व पीठ के बल लेट कर किए जाने वाले योगासनों का अभ्यास करवाया गया । शवासन के पश्चात सुंदर हंसी क्रिया करवाई गई । इस अवसर पर संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर भी उपस्थित रहे । उन्होंने स्वयंसेवकों को योग आसन व प्राणायाम करने तथा बुद्धि तेज करने के टिप्स दिये और साथ ही तनाव प्रबंधन बारे बताया ।अर्जुन जिला प्रधान मनीराम सैनी ने योगासन व प्राणायाम का सुंदर प्रदर्शन किया । विद्यालय के प्रिंसिपल सचिंद्र कुमार ने भारतीय योग संस्थान व इसके अधिकारियों डॉ ओम प्रकाश, गुलशन ग्रोवर व मनीराम सैनी का धन्यवाद करते हुए स्वयंसेवकों को प्रतिदिन योगाभ्यास करने की प्रेरणा दी । संकल्प व शांति पाठ के साथ शिविर विधि पूर्वक संपन्न हुआ ।इसके अतिरिक्त भारतीय योग संस्थान, कुरुक्षेत्र के कर्ण योग जिला प्रधान के के कौशल ने बताया कि आज कर्ण योग जिला की केंद्र प्रमुखों व साधिकाओं ने अधिकारी निशा के नेतृत्व में केंद्रीय विद्यालय, मथाना में लगभग 300 विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कॉमन योग प्रोटोकॉल अभ्यास करवाया । ओम ध्वनि व प्रार्थना के पश्चात कॉमन योग प्रोटोकॉल का पूरा अभ्यास करवाया गया । अधिकारियों द्वारा करवाई गई सभी क्रियाओं के निषेध, सावधानियां, विधि व लाभों के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार से बताया गया । संकल्प व प्रार्थना के साथ अभ्यासक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ । विद्यालय प्रिंसिपल ने संस्थान व कर्ण योग जिला के अधिकारियों को साधुवाद देते हुए भविष्य में भी यह क्रम जारी रखने का अनुरोध किया।

## न्यूज फ्लैश

### जल ही जीवन है, इसका संरक्षण करने का सभी करें प्रयास

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डा. नरेंद्र सिंह ने कहा कि सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के भजन पार्टी कलाकार हरियाणवी कला एवं लोक संस्कृति को जीवित रखते हुए आमजन को भजनों व लोक गीतों माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व नीतियों से रूबरू करा रहे हैं। विभाग के भजन पार्टी कलाकारों द्वारा ग्रामीणों को सरकार द्वारा क्रियान्वित की गई योजनाओं की जानकारी लोक गायन शैली में दी जा रही हैं। डीआईपीआरओ डा. नरेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि हर पात्र व्यक्ति या परिवार तक योजनाओं का लाभ पंहुचे। केंद्र व प्रदेश सरकार की अंत्योदय उत्थान, जनकल्याणकारी व लोक हितैषी नीतियों से आमजन को अपडेट करने के लिए विभाग की प्रचार मंडलियां गांव-गांव जाकर ग्रामीणों को जागरूक करते हुए जनकल्याणकारी नीतियों का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान कर रही है। कलाकारों द्वारा ग्रामीणों को चिरायु कार्ड, जल संरक्षण, बीमारी से बचाव, जल शक्ति अभियान सहित हरियाणा सरकार की मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना, अंत्योदय सरल पोर्टल, परिवार पहचान पत्र, जल शक्ति अभियान, भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन, सीएम विंडो, ई-रजिस्ट्रेशन, जमाबंदी-इंतकाल, कॉमन सर्विस सेंटर आदि के बारे में सरल भाषा में जागरूक एवं रूबरू कराया जा रहा है।

### नारायणगढ़ में आयोजित होगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**अंतर्राष्ट्रीय** योग दिवस पर 21 जून को कोर्ट काम्पलैक्स नारायणगढ़ में प्रातः 7 बजे कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरपर्सन डीएलएसए अम्बाला के निदेशार्नुसार आयोजित इस अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारियों, बार के सदस्यों, पैनल अधिवक्ताओं, पैरा लीगल वालंटियर्स और कोर्ट स्टाफ द्वारा भाग लिया जाएगा। इस बारे में जानकारी देते हुए सब डिवीजनल लीगल सर्विस कमेटी (एसडीएलएससी) नारायणगढ़ की चेयरपर्सन माननीया सुमित्रा कादियान ने बताया कि योग दिवस कार्यक्रम प्रातः 7 बजे से 7.45 बजे तक आयोजित होगा। पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय, चंडीगढ़ के निदेर्शों के अनुसार, एक समान ड्रेस कोड में कार्यक्रम आयोजित होगा। इसलिए, योग के लिए उपयुक्त सफेद कपड़ों का ड्रेस कोड तय किया गया है।

### पानीपत के आकाश बायजू के सात्विक राज वाधवा ने जेईई एडवांस्ड 2023 में एआईआर 197 हासिल की

**पानीपत।** पानीपत के आकाश बायजू'स के छात्र सात्विक राज वाधवा, परीक्षा तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी, ने प्रतिष्ठित संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) एडवांस्ड 2023 में प्रभावशाली परिणाम हासिल करके उनके माता-पिता और संस्थान को



गौरवान्वित किया है। सात्विक ने जेईई एडवांस्ड 2023 में एआईआर 197 प्राप्त किया। आईआईटी गुवाहाटी ने आज परिणामों की घोषणा की। जेईई क्रैक करने के लिए छात्र आकाश के क्लासरूम प्रोग्राम में शामिल हुए थे। उन्होंने जेईई में टॉप पर्सेंटाइल की एलीट लिस्ट में अपने प्रवेश का श्रेय अवधारणाओं को समझने, आकाश से पाठ्यक्रम सामग्री और कोचिंग को दिया। मैँ आभारी हूँ, वरना मैँ बहुत कम समय में विभिन्न विषयों में कई अवधारणाओं को नहीं समझ पाता," उन्होंने कहा। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के रीजनल डायरेक्टर परमेश्वर झा ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा, हम छात्रों को उनके अनुकरणीय उपलब्धि के लिए बधाई देते हैं। देश भर से कुल 1.8 लाख से अधिक छात्र जेईई (एडवांस्ड) 2023 के लिए उपस्थित हुए। उनकी उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ-साथ उनके माता-पिता के समर्थन की बात करती है। हम उनके भविष्य के प्रयासों के लिए उन्हें शुभकामनाएं देते हैं। आकाश हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों के लिए कई पाठ्यक्रम प्रारूपों में जेईई कोचिंग प्रदान करता है। हाल के दिनों में, आकाश ने कंप्यूटर आधारित प्रशिक्षण विकसित करने पर अपना ध्यान बढ़ाया है।

# सिखों के धार्मिक मामलों में सरकार की दखलंदाजी बर्दाश्त नहीं: मच्छौंडा



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) पंजाब सरकार द्वारा** 1925 में पारित गुरूद्वारा एक्ट से छेड़छाड़ अथवा किसी प्रकार का हस्तक्षेप कदाचित बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी चैनलों को गुरबाणी प्रसारण का अधिकार देना सरासर गलत है क्योंकि अन्य चैनल अपनी मनमानी व अपने अपने विविध प्रकार के त्रुटिपूर्ण प्रसारण करेंगे जिससे गुरबाणी की बेअदबी होने का भय अवश्यमेव होगा ही। यह जिम्मेवारी शिरोमणि गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी की ही है, वह ही निर्णय लेने के सक्षम हैं। पंजाब सरकार अपनी सस्ती लोकप्रियता के लिए सिखों के धार्मिक कार्यों में हस्तक्षेप करने से बाज आए, बल्कि सकारात्मक कार्य समाज कल्याण व अनेकों अनेक ज्वलंत समस्याओं का निवारण पहले के आधार में करते हुए प्रजा को राहत प्रदान करे। उपरोक्त विचार ज. हरपाल सिंह मच्छौंडा मैंबर एसजीपीसी ने आयोजित प्रैस कॉन्फ्रेंस में किए व मांग की विधानसभा में पारित बिल शीघ्रातिशीघ्र वापस लिए जाए। ज. रणबीर सिंह फौजी मुख्य महासचिव शि.अ.द. ने पुरजोर मांग की कि पंजाब सरकार नकारात्मक सोच से बाज आए अन्यथा सम्पूर्ण सिख जगत सड़कों पर उतरने, धरने प्रदर्शन, विरोध कर तब तक नहीं रुकेगा जब तक बिल वापस नहीं लिया जाता। इस अवसर पर विशेष रूप से ज. कुलवंत सिंह सी.एच., ज. सुरेन्द्र पाल सिंह सिद्धढ़, ज. एम मौजूद रहे।

# रेहड़ी-फड़ी संचालकों के सहयोग में उतरी कई संस्थाएं



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) अंबाला सिटी** की कपड़ा मार्केट में रेहड़ी.फड़ी लगाने वालों की प्रशासन ने मुश्किलें बढ़ा दी हैं। प्रशासन ने अभी तक कोई निर्धारित जगह नहीं दी है। कपड़ा मार्केट से भी रेहड़ी वालों को उठा दिया है। कहीं जगह नहीं मिलने के कारण रेहड़ी फड़ी वालों ने प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया।

सिटी बस स्टैंड के बाहर रेहड़ी-फड़ी संचालकों का धरना चौथे दिन में प्रवेश कर गया। रेहड़ी-फड़ी संचालक मांगों को लेकर नारेबाजी करते रहे। हालांकि, सोमवार को भूख हड़ताल का निर्णय नहीं लिया। करीब डेढ़ महीने पहले रेहड़ी-फड़ी संचालकों को बस स्टैंड के बाहर से प्रशासन ने उठा दिया था। तब से वह प्रशासनिक अधिकारियों के चक्कर काट रहे थे।

# '10वें राष्ट्रीय जाट अधिवेशन" में पहुँचे जाट समाज के लोगों ने दिया एकता का परिचय'



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत अंतरराष्ट्रीय** जाट संसद के हरियाणा प्रतिनिधि डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि अबकी बार राष्ट्रीय जाट अधिवेशन अहमदाबाद गुजरात में मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि गुजरात के महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत जी पहुँचे व हरियाणा, उत्तर प्रदेश,पंजाब, मध्यप्रदेश आदि से भी बहुत ज्यादा संख्या में समाज के लोगों ने पहुँच कर जाट एकता का परिचय दिया। इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि आज के समय अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के प्लेटफॉर्म के माध्यम से 150 देशों में बसे समाज के लोगों से सम्पर्क स्थापित हो चुका है,इस प्लेटफार्म से कला, शिक्षा, साहित्य, रोजगार, व्यापार, राजनीतिक व सामाजिक तौर पर समाज को जोड़ने का मंच तैयार किया है। इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि इस प्लेटफार्म के माध्यम से बहुत से लोगों को ऐसा सुअवसर प्राप्त हो जाता है जिससे ऐसे सम्बन्ध स्थापित हो जाते है जिससे उसको कहीं व्यापार, नौकरी, राजनीति, विदेश जाने व बिजनेसमैन के रूप पहुँचे हुए व्यक्ति से सम्पर्क हो जाता है।

# चेतावनी के बाद भी बस स्टैंड में खड़े सैकड़ों वाहन

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) अम्बाला** शहर के बस स्टैंड परिसर में नो पार्किंग का बोर्ड लगाने के बाद भी लोग प्रशासन की आंखों में धूल झोंक कर मोटरसाइकिल व अन्य वाहन खड़े कर रहे है। तो वहीं बस स्टैंड प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। इसी के चलते आज जजपा नेता विवेक ललाना ने शिकायत देते हुए जीएम को कहा कि नो पार्किंग जोन में कपड़ा मार्केट की मोटरसाइकिलें यहां पर खड़ी होती है। उन्होनें कहा कि प्रशासन ने गरीब रेहड़ी वालों को वहां से हटा कर कपड़ा मार्केट के दुकान अपनी व स्टाफ की मोटरसाइकिल यहां पर खड़ी करवा रहें है।

# राजीव जैन ने सीएम-कृषि मंत्री का आभार व्यक्त किया



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़ प्रदेश की** अनाज मंडियों में एक दुकान पर दो आढ़ती लाइसेंस देने की योजना पुनः शुरू करने के लिए भारतीय व्यापार मंडल ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल एवं कृषि मंत्री जे.पी दलाल का आभार व्यक्त किया है। दो लाइसेंस मिलने से मंडियों में जहां किसानों को फसलें बेचने में आसानी होगी वहां व्यापार भी बढ़ेगा। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन, व्यापार मंडल के अध्यक्ष रामअवतार तायल, महासचिव विकास अग्रवाल तथा अन्य पदाधिकारियों ने धन्यवाद पत्र में लिखा है कि व्यापार मंडल की मांग पर मार्केटिंग बोर्ड ने 16 जून 2023 को बोर्ड के मुख्य प्रशासक ने बोर्ड के सभी सचिवों को भेजे पत्र में लिखा है कि 16 दिसंबर 2022 का पत्र वापस ले लिया है जिसमें एक दुकान पर दो लाइसेंस देने पर रोक लगा दी गई थी। इसके साथ ही लाइसेंस रिन्यूअल के लिए एक महीने का अतिरिक्त समय देकर व्यापारियों को राहत दी है।

व्यापारी नेताओं ने कहा कि बोर्ड की एक दुकान पर दो लाइसेंस देने से जिन आढ़ती भाइयों का आपस में भाइयों का बटवारा हो गया था या फिर आर्थिक तंगी के चलते आढ़ती अपनी दुकान का आधा हिस्सा किसी को बेचना चाहता हों उनको भी आधी दुकान बेचने का अधिकार देने की मांग जोर पकड़ रही है। जिन की दुकानों पर पहले से ही दो लाइसेंस चल रहे थे उनका रिन्यूअल नहीं हो रहा था ऐसे आढ़तियों के पास कारोबार बंद करने के अलावा कोई चारा नहीं बचा था पर अब वो अपना व्यापार सुचारू रूप से कर सकेंगे।

हमारा प्रतिनिधिमंडल इस मांग समेत अनेक मांगों को लेकर मुख्यमंत्री कृषि मंत्री जे.पी दलाल से मिले और कई दौर की बैठक मार्केटिंग बोर्ड के अधिकारियों के साथ हुई तब जाकर प्रयास सिरे चढ़े। उन्होंने बताया कि भारतीय व्यापार मंडल के प्रयासों से सरकार में बिनोला मिलो पर वन टाईम टैक्स का प्रावधान किया था, जिससे इंस्पेक्ट्री राज कम करने में मदद मिली।

# जोगेंद्र ने टीम के साथ हुडा कार्यालय पर प्रदर्शन करके सौंपा ज्ञापन

## सामाजिक कार्यकर्ता जोगेंद्र स्वामी ने लगाया अवैध रूप से एचएसवीपी की जमीन कुछ लोगों के नाम करने का आरोप



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत पानीपत** के सामाजिक कार्यकर्ता एवं पूर्व जिला पार्षद जोगेंद्र स्वामी ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की करोड़ों रूपए की जमीन को कुछ लोगों के नाम करवाने के विरोध में मंगलवार को अपनी टीम के साथ सेक्टर 18 स्थित हुडा कार्यालय पर रोष प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपा गया। जोगेंद्र स्वामी ने आरोप लगाया कि हरियाणा सरकार जहां जीरो टोलरेंस की बात करती है वही मुख्यमंत्री के विभाग हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की करोड़ों की बेशकीमती जमीन को भू माफिया ,तहसील कार्यालय और हुड्डा विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से कई लोगों के नाम कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि 15 जून 2023 को भूमि अर्जन अधिकारी से मांगी गई आरटीआई में मिले जवाब मे लिखा हुआ है कि सेक्टर 6 जीटी रोड पर खसरा नंबर 720 के अंदर केवल 12 बिस्वा भूमि ही अनअर्जित बाकी कोई भी जमीन किसी को अनअर्जित या रिलीज नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस सैकड़ों करोड़ के फर्जी रजिस्ट्री घोटाले में धोखाधड़ी, जालसाजी और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर सरकारी भूमि की रजिस्ट्री करवाने वालों के साथ पटवारी, कानूनगो और तहसीलदार के खिलाफ मामला दर्ज किया जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि यदि इस मामले की पूरी निष्पक्षता से जांच करवाई जाये तो सैकड़ों करोड़ रूपए का घोटाला सामने आयेगा। उन्होंने कहा कि वे इस मामले में 26 जून को उपायुक्त कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करके ज्ञापन देंगे और उसके बाद 3 जुलाई को प्रशासक रोहतक के यहां प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर रणजीत भोला ,डीपी ग्रोवर, कवलजीत सिंह, ईश्वर बैरागी, सोनू पंडित, प्रतीक यादव ,कुलदीप शर्मा, नरेंद्र बैरागी ,अमित श्रीवास्तव, बलराम कौशिक, जगदीश कालड़ा , परमजीत कुंडू, विनोद कुमार, वीरेंद्र शर्मा , रवि भोरिया, बलबीर सिंह व कुणाल कपूर आदि मौजूद रहे।

# सनौली रोड को फोरलेन बनाने की कागजी कार्रवाई पूरी

## जुलाई के पहले सप्ताह में लगेगा टेंडर: प्रमोद विज



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत** पानीपत में उग्राखेड़ी की मारबल मार्केट के पास पिछले कई सालों से बदहाल सनौली रोड के हालात अब सुधरने वाले है। विधायक प्रमोद विज ने बताया कि पानीपत शहर के इस मुख्य मार्ग सनौली रोड के निर्माण कार्य की कागजी कार्रवाई पूरी हो चुकी है। इस सडक को पानीपत शहर के वंदे मातरम चौक से लेकर कुराड़ फार्म तक करीब 10 किमी के एरिया को एचएसआरडीसी द्वारा अगस्त माह में फोर लेन बनाने का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। इसके लिये जुलाई माह के पहले सप्ताह में फोर लेनिंग का टेंडर लगा दिया जाएगा और 75 करोड़ रूपए की लागत से इसको फोर लेन बनाया जाएगा। इस सडक के बनने से पानीपत जिला वासियों सहित यूपी जाने वाले लोगों को भी इसका फायदा मिलेगा। विधायक प्रमोद विज ने कहा कि इस सडक को पानीपत शहर से लेकर कुराड़ फार्म तक फोर लेन बनवाने का उनका यह ड्रीम प्रोजेक्ट है और मुख्यमंत्री के प्रयासों से इस सडक को फोर लेन बनाने की स्वीकृति मिल गई है। उन्होंने कहा कि इसके लिये वे मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते है और सांसद संजय भाटिया का इस सडक की स्वीकृति दिलवाने में अहम योगदान रहा है। विधायक ने बताया कि कांवड यात्रा शुरू होने से पहले इस बदहाल सडक की अस्थाई तौर पर मरम्मत करने के लिये 5 लाख रूपए का टेंडर लगाया गया है और उसकी मरम्मत पीडब्ल्यूडी द्वारा करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि 15 जुलाई को शिवरात्रि का पर्व है और करीब 10 दिन पहले से ही कांवड यात्रा शुरू हो जाती है। इसलिये कांवड यात्रा से पहले मारबल मार्केट के पास इस टूटी हुई सडक की मरम्मत करवा दी जाएगी ताकि कांवड यात्रियों को किसी परेशानी का सामना न करना पड़े।

# सिविल अस्पताल से बच्ची का अपहरण करने वाली महिला का काबू

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) अंबाला** नागरिक अस्पताल अंबाला सिटी के प्रसूति विभाग से महज 3 दिन की बच्ची के अपहरण की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। गत दिवस हुए अपहरण की सूचना पुलिस को मिली तो महज 5 घंटे के भीतर ही पुलिस ने महिला आरोपी तक पहुंच गई। 3 दिन की बच्ची को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया और महिला से पूछताछ शुरू कर दी। बताया जाता है कि आरोपी महिला दुर्गा नगर में रहने वाली है। उत्तरप्रदेश के बहराइच निवासी बिंदू को 14 जून को उसके पति प्रवीण ने जिला नागरिक अस्पताल में प्रसव पीडा के बाद दाखिल करवाया था। उसके बाद पहले से ही 5 बच्चींया है ।वह कोतवाली सराय में किराये पर कमरा लेकर रह रहे थे। परिजनों ने बताया कि 14 जून को ही बिहार की भाषा बोलने वाली बिंदू नामक महिला उनके संपर्क में आई थी।

वह खुद को गर्भवती बता रही थी और कह रही थी कि वह उसकी डिलीवरी मदद करेगी और उसकी डिलीवरी के वक्त वह उसकी मदद कर दे। इसीलिए 14 जून से ही वह महिला की मदद कर थी। 19 जून को दोपहर को करीब साढ़े तीन बजे महिला कहने लगी कि उसे दवा लेकर आनी है और उसने बच्ची को गोद में लिया था।

# केजरीवाल के बंगले को लेकर 7 अफसरों को नोटिस

## विजिलेंस डिपार्टमेंट ने हिसाब मांगा, भाजपा का दावा- 45 करोड़ खर्च किए

### कसेगा शिकंजा

= केजरीवाल के घर की मरम्मत के खर्च को लेकर यह नोटिस जारी किया गया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**

**दिल्ली** सरकार के विजिलेंस डिपार्टमेंट ने पीडब्ल्यूडी के 7 अफसरों को कारण बताओ नोटिस जारी किया। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर की मरम्मत के खर्च को लेकर यह नोटिस जारी किया गया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह नोटिस भाजपा द्वारा केजरीवाल पर घर की मरम्मत में 45 करोड़ रुपए खर्च करने के आरोप के बाद दिया गया है। आप की प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने ये वीडियो शेयर कर कहा था कि केजरीवाल के पुराने बंगले की छत 3 बार गिर गई थी। इसलिए बंगले का रेनोवेशन जरूरी था।





**किसी भवन योजना की नहीं ली गई मंजूरी, 15 दिन में देना होगा जवाब:** नोटिस के मुताबिक, सीएम केजरीवाल के बंगले के पुराने ढांचे को बिना सर्वे रिपोर्ट के ढहा दिया गया था। पीडब्ल्यूडी ने नए भवन के निर्माण के लिए किसी भवन योजना की मंजूरी भी नहीं ली थी। मुख्यमंत्री के घर का निर्माण उनके अधिकारों का उल्लंघन कर किया गया है। उनका घर मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत तय पैरामीटर से बहुत बड़ा है। इन सभी आरोपों का विस्तार से जवाब देने के लिए पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को 15 दिन का समय दिया गया है।

### भाजपा ने लगाया था गड़बड़ी का आरोप

**भाजपा** ने सीएम आवास के रेनोवेशन में गड़बड़ी होने का आरोप लगाया था। इसके बाद उपराज्यपाल ने अप्रैल में चीफ सेक्रेटरी नरेश कुमार को आदेश दिया था कि मामले से संबंधित फाइलों को सुरक्षित रखा जाए और उन्हें एक फैक्चुअल रिपोर्ट सबमिट की जाए।

**12 मई को विजिलेंस डिपार्टमेंट ने घर के खर्च को लेकर एलजी को रिपोर्ट सौंपी थी:** 12 मई को विजिलेंस डिपार्टमेंट ने केजरीवाल के बंगले और इसके कैम्पस में बने ऑफिस के रेनोवेशन को लेकर उपराज्यपाल विनय सक्सेना को एक रिपोर्ट सौंपी थी। उन्होंने बताया था कि बंगले पर 52.71 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। रिपोर्ट के हवाले से बताया था कि केजरीवाल के घर पर 33.49 करोड़ रुपए खर्च हुए थे, वहीं 19.22 करोड़ रुपए उनके ऑफिस पर खर्च हुए।

### पीडब्ल्यूडी मिनिस्टर ने रखा था बदलाव का प्रस्ताव

**रिपोर्ट्स** के मुताबिक, 2020 में तत्कालीन पीडब्ल्यूडी मिनिस्टर ने केजरीवाल के बंगले (6, फ्लैग स्टाफ रोड) में बदलाव का प्रस्ताव रखा था। उन्होंने कहा था कि बंगले में एक ड्राइंग रूम, दो मीटिंग रूम और 24 लोगों की क्षमता वाला एक डाइनिंग रूम बनना चाहिए। इसके लिए बंगले की दूसरी मंजिल बनाने का प्रस्ताव था। हालांकि, दिल्ली सरकार के पब्लिक वर्क डिपार्टमेंट ने कहा था कि बंगले को तोड़कर उसी परिसर में नया बंगला बनाया जाना चाहिए। पीडब्ल्यूडी ने कहा कि बंगला 1942-43 के दौरान बना था। इसे बने 80 साल हो गए हैं इसलिए इसके ऊपर नई मंजिल बनाना सही नहीं होगा। पीडब्ल्यूडी ने कहा कि उसी परिसर में नया बंगला बनना चाहिए। उसके पूरा बनने के बाद केजरीवाल उसमें शिफ्ट हो जाएंगे और पुराने बंगले को गिरा दिया जाएगा।

# दिल्ली पुलिस ने चलाया 'ऑपरेशन कवच'




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** पुलिस ड्रग माफियाओं की कमर तोड़ने के लिए कई अभियान चला रही है। अब दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने ऑपरेशन कवच के तहत सोमवार की देर रात 100 से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की है। पुलिस ने अपनी इस कार्रवाई के बारे में मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम ने ऑपरेशन कवच के तहत बीती रात यानी सोमवार को 100 से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की है। यह पुलिस द्वारा ड्रग पेडलर्स पर की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है। इससे पहले दक्षिणी-पूर्वी जिला पुलिस की स्पेशल स्टाफ ने नशा तस्करी के आरोप में एक नाइजीरियाई नागरिक को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस उपायुक्त राजेश देव ने बताया कि 15 जून को स्पेशल स्टाफ के इंचार्ज इंस्पेक्टर दिनेश मोराल की टीम को नाइजीरियाई नागरिक के अपने एक खरीदार को मादक पदार्थ की खेप पहुंचाने के लिए गोविंदपुरी एक्सटेंशन इलाके में आने की सूचना मिली थी।

### अभियान

= पुलिस की क्राइम ब्रांच ने ऑपरेशन कवच के तहत सोमवार की देर रात 100 से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की है

# उज्बेकिस्तानी महिला की दिल्ली में मौत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली में** मंगलवार को उज्बेकिस्तान की महिला की मौत का मामला सामने आया है। महिला की मौत की जानकारी मिलते ही पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि 17 जून को सुबह करीब साढ़े आठ बजे साकेत स्थित एम्स अस्पताल सूचना मिली थी कि एक उज्बेकिस्तान की राष्ट्रीय की महिला को बेहोशी की हालत में एम्स अस्पताल में सुबह साढ़े पांच बजे भर्ती कराया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। शुरूआती जांच के आधार पर पुलिस ने बताया कि महिला का अस्पताल में भर्ती कराने वाली दोनों महिलाएं उज्बेकिस्तान की ही नागरिक हैं। उन्होंने मृत महिला की पहचान 30 वर्षीय मुश्तरी पुत्री राजाबोवा के रूप में कराई है।




**महिला का शरीर पर नहीं मिला कोई निशान:** पुलिस ने बताया कि महिला के शरीर पर कोई भी चोट का निशान नहीं मिला है और न ही महिला के मुंह से झाग या कोई अन्य पदार्थ निकल रहा था।

शुरूआती पूछताछ के बाद इस मामले को वसंत कुंज पुलिस स्टेशन ट्रांसफर कर दिया है। शव को एम्स अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। वहीं, महिला की मौत के बारे में उनके परिजनों को सूचित कर दिया है।

# योग दिवस से पहले मुख्यमंत्री ने कसा तंज

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**अंतरराष्ट्रीय** योग दिवस बुधवार को मनाया जाएगा। देश के तमाम बड़े नेताओं के सुबह योग कार्यक्रम के शेड्यूल तय हो गए हैं। इधर, योग दिवस से ठीक पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर भाजपा पर तंज कसा। केजरीवाल ने ट्वीट किया है कि कल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस है। ये दिवस हमें योग करने के लिए प्रेरित करता है। दो वर्ष पहले दिल्ली सरकार ने दिल्ली वालों के लिए फ्री योग क्लासेज शुरू की। लगभग 17,000 लोग प्रतिदिन इनमें योग करने लगे। पिछले वर्ष इन्होंने ये योग क्लासेज बंद करवा दीं। लोग बहुत दुःखी हुए। इससे किसका फायदा हुआ? क्या इस तरह जन हितकारी कार्यक्रम बंद करने चाहिए।

केजरीवाल ने कहा है कि हमारे लिये तो योग दिवस उस दिन होगा जब मैं अपने दिल्लीवालों के लिए फिर से फ्री योग क्लासेज शुरू करूंगा।

### साधा निशाना

= हमारे लिये तो योग दिवस उस दिन होगा जब मैं अपने दिल्लीवालों के लिए फिर से फ्री योग क्लासेज शुरू करूंगा



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर के मॉडल को बीजेपी हर विधानसभा क्षेत्र में लगाएगी और लोगों को आम आदमी पार्टी के भ्रष्टाचार को उजागर करेगी।

# '24 घंटे में हुए चार मर्डर': सीएम केजरीवाल की उपराज्यपाल को चिट्ठी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** की बिगड़ती कानून व्यवस्था पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना को चिट्ठी लिखी है। केजरीवाल ने चिट्ठी में कहा कि दिल्ली की कानून व्यवस्था की हालत बहुत ही चिंताजनक है। पिछले 24 घंटों में 4 हत्याएं हुई हैं। हर नागरिक असुरक्षित महसूस कर रहा है। दिल्ली की कानून व्यवस्था के लिए सीधे उपराज्यपल और गृह मंत्री जिम्मेदार हैं। नागरिकों, विधायकों और आरडब्लयूए के साथ मिलकर कानून व्यवस्था सुधारी जाये। थाना लेवल कमिटी फिर से शुरू की जाये। केजरीवाल ने दिल्ली में बढ़ते अपराधों को लेकर एलजी के साथ दिल्ली कैबिनेट की बैठक का प्रस्ताव रखा है।

### एलजी को घेरा

= केजरीवाल ने चिट्ठी में कहा कि दिल्ली की कानून व्यवस्था की हालत बहुत ही चिंताजनक है। पिछले 24 घंटों में 4 हत्याएं हुई हैं

**केजरीवाल ने भाजपा पर बोला हमला:** अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा दिल्ली में चार चुनाव बुरी तरह से हार गई। अगले कई वर्षों तक दिल्ली जीतने की उनकी कोई उम्मीद नहीं है। तो बीजेपी ने इस अध्यादेश के जरिए दिल्ली को हथियाने की कोशिश की है, कैसे? ये अध्यादेश मंत्रियों, मुख्यमंत्री और कैबिनेट के ऊपर अफसरों को बैठाता है। हर विभाग में अब अंतिम निर्णय मंत्री का नहीं, विभाग सचिव का होगा। सचिव मंत्री के निर्णय को खारिज कर सकता है। कैबिनेट के ऊपर मुख्य सचिव होगा जो तय करेगा कि कैबिनेट का कौन सा निर्णय सही है। अथॉरिटी में सीएम के निर्णय को पलटने के लिए सीएम के ऊपर दो अफसरों को बैठा दिया गया। अफसरों की मर्जी के बिना कोई प्रस्ताव कैबिनेट में नहीं लाया जा सकता। तो सारे निर्णय अब अफसर लेंगे और इन अफसरों पर सीधे केंद्र सरकार का कंट्रोल होगा। इस तरह भाजपा चुनाव हारने के बाद चोरी से दिल्ली सरकार चलाना चाहती है। इससे पहले आप के नेताओं ने सोमवार सुबह ट्वीट करके आरोप लगाया था कि उपराज्यपाल अपना कार्य करने के बजाय दिल्ली सरकार के काम का श्रेय लेने में लगे रहते हैं। पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि उपराज्यपाल से दिल्ली की कानून व्यवस्था संभल नहीं रही है। इसलिए दिल्ली में लगातार आपराधिक घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। कक्कड़ ने कहा कि रविवार शाम को साउथ कैंपस के अंदर घुसकर छात्र निखिल चौहान की हत्या कर दी गई। आप नेता ने कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में उसके पिता को रोते-बिलखते देखकर दिल दहल गया। सिर्फ निखिल को ही नहीं मारा गया, बल्कि उसके पूरे परिवार को मारा गया है। कभी युवती को कार के नीचे 12 किलोमीटर तक घसीटा जाता है तो कभी घर में घुसकर दो युवतियों को गोली मार दी जाती है। इन घटनाओं से पता चलता है कि दिल्ली में लोग सुरक्षित नहीं है। भाजपा की केंद्र सरकार के अधीन दिल्ली की कानून व्यवस्था आती है और वह दिल्ली में लगातार अपराधियों का मनोबल बढ़ा रही है।



# हाईकोर्ट ने 19 साल पुराने मामले में शख्स को किया बरी




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली हाईकोर्ट** ने एक व्यक्ति को 19 साल पुराने मामले में आरोप से बरी कर दिया। कोर्ट ने कहा कि 2004 में एक हत्या के लिए साक्ष्य मिटाने के आरोप लगाए गए, लेकिन उसके खिलाफ कोई साक्ष्य नहीं मिला। फिर भी उसने कई वर्षों तक मुकदमे का सामना किया। दिल्ली हाई कोर्ट ने व्यक्ति को बरी करते हुए कहा, मामला साक्ष्य के कानून के स्थापित सिद्धांतों पर आधारित नहीं था और व्यक्ति ने आपत्तिजनक सुबूत नहीं होने के बावजूद कई वर्षों तक मुकदमे का सामना किया। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ ने कहा कि अभियोजन पक्ष ने शुरू में याचिकाकर्ता के खिलाफ कुछ भी आपत्तिजनक नहीं पाया और यहां तक कि प्राथमिकी या प्रारंभिक आरोप पत्र में भी उसका नाम भी नहीं लिया।

यह टिप्पणी करते हुए अदालत ने निचली अदालत के वर्ष 2011 के फैसले को चुनौती देने वाली विजय बहादुर की अपील को स्वीकार कर लिया। विजय को आपराधिक साजिश रचने और सुबूतों को नष्ट करने के लिए दोषी ठहराते हुए एक साल की कैद की सजा सुनाई गई थी। अदालत ने कहा कि जब अपीलकर्ता और अन्य सह-आरोपी हत्या के मूल और मुख्य आरोप से बरी हो गए तो फिर उन्हें सुबूत नष्ट करने का दोषी नहीं ठहराया जा सकता था।

### मुकदमा

= कोर्ट ने कहा कि 2004 में एक हत्या के लिए साक्ष्य मिटाने के आरोप लगाए गए, लेकिन उसके खिलाफ कोई साक्ष्य नहीं मिला

# भोपाल में कलयुगी पिता ने नाबालिग बेटी से किया दुष्कर्म



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**मध्य** प्रदेश के भोपाल में रहने वाले एक कलयुगी पिता ने धमाकर अपनी 13 वर्षीय बेटी के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। इतना ही नहीं बेटी को उसने गर्भवती कर दिया। तबीयत बिगड़ने पर जब किशोरी अस्पताल पहुंची तो उसे छह माह की गर्भवती होने का पता चला।

**पुलिस ने करवाया किशोरी का गर्भपातः** भोपाल पुलिस ने भी जीरो एफआईआर पंजीकृत कर उसे दिल्ली के ज्योति नगर में ट्रांसफर कर दिया। पुलिस ने दिल्ली हाईकोर्ट से अनुमति लेकर किशोरी का गर्भपात करवाया। पुलिस भ्रूण के डीएनए की भी जांच करवाएगी। पीड़िता भोपाल में परिवार के साथ रहती है। कुछ दिनों पहले किशोरी अस्पताल में इलाज करवाने के लिए गई थी, जहां डॉक्टरों ने उसे बताया कि वह गर्भवती है। इसके साथ ही डॉक्टरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। आरोप है कि पीड़िता ने पुलिस को बताया था कि वह दिल्ली में अपने रिश्तेदार के घर गई थी, जहां पर एक अंजान युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया था।

**काउंसलिंग में किशोरी ने बताई सच्चाईः** जिसके बाद भोपाल की पुलिस ने दुष्कर्म व पॉक्सो की धारा में प्राथमिकी पंजीकृत कर केस दिल्ली के ज्योति नगर थाने में ट्रांसफर कर दिया।

दिल्ली पुलिस ने पीड़िता की काउंसलिंग की तो उसने बताया कि उसने अपने पिता के डर की वजह से भोपाल पुलिस को गलत बयान दिया था।

### बताई सच्चाई

= बेटी को उसने गर्भवती कर दिया। तबीयत बिगड़ने पर जब किशोरी अस्पताल पहुंची तो उसे छह माह की गर्भवती होने का पता चला


# चाकू दिखाकर नौ वर्षीय मासूम के अपहरण की कोशिश

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**विकासपुरी** थाना क्षेत्र में एक नौ वर्षीय बच्ची को अकेले देखकर उसके अपहरण की कोशिश की गई। आरोपित ने बच्ची के ऊपर कपड़ा डालकर उसे चाकू दिखाया और उठाकर ले जाने लगा, लेकिन बच्ची ने शोर मचा दिया और आरोपित पर पत्थर से हमला कर दिया। हमले में आरोपित घायल हो गया और मौके से फरार हो गया। मामले की सूचना मिलने के बाद पहुंची विकासपुरी थाना पुलिस ने बच्ची को प्राथमिक उपचार के बाद उसकी काउंसलिंग शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारी का कहना है कि काउंसलिंग के बाद बच्ची के बयान पर मामला दर्ज किया जाएगा। पीड़ित बच्ची विकासपुरी इलाके में परिवार के साथ किराए के मकान में रहती है। पीड़िता के पिता सब्जी बेचने का काम करते हैं। पुलिस को दिए बयान में बच्ची ने बताया कि दोपहर करीब एक बजे वह अपने घर के पास ही किसी काम से बाहर आई थी।

### आरोपी फरार

= आरोपित ने बच्ची के ऊपर कपड़ा डालकर उसे चाकू दिखाया और उठाकर ले जाने लगा, लेकिन बच्ची ने शोर मचा दिया



**चाकू दिखाकर अपहरण की कोशिशः** इसी दौरान एक युवक ने उसे पकड़ लिया और उसके ऊपर कपड़ा डाला और फिर चाकू दिखाकर उसे खींचने लगा। पीड़िता ने इस दौरान शोर मचा दिया और सड़क पर पड़े भारी पत्थर से आरोपित पर हमला कर दिया। बच्ची के हमले में आरोपित के सिर में चोट लगी, जिसके बाद आरोपित मौके से फरार हो गया।

# 150 सीसीटीवी... 35 मोबाइल नंबर सर्विलांस पर लगे, लूट का ऐसे हुआ पर्दाफाश

## पुलिस ने इनके पास से लूटे गए 121 हीरे और सोने के आभूषण और एक स्कूटी बरामद की है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**हौज खास** थाना इलाके में हथियार के बल पर 1.17 करोड़ रुपये के सोने और हीरे के आभूषण लूटने की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपित पिंकू कुमार उर्फ पिन्नू, राहुल उर्फ सोनू, रंजन कुमार और अजय कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से लूटे गए 121 हीरे और सोने के आभूषण और एक स्कूटी बरामद की है। पुलिसकर्मियों द्वारा सुलझाए गए इस मामले के बाद पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा सोमवार को हौज खास थाना पहुंचे और उन्होंने पुलिसकर्मियों को बधाई दी।



**10 मई को हुई लूटः** पुलिस उपायुक्त चंदन चौधरी ने बताया कि 10 मई को हौज खास इलाके में तमंचे के बल पर 1.17 करोड़ रुपये के हीरे व सोने के आभूषण लूटने की सूचना मिली। पुलिस को शिकायतकर्ता ने बताया कि वह करोल बाग में एक ज्वैलरी शॉप में सेल्स हेड के रूप में काम करता है।

**स्कूटी सवारों ने लूटाः** वह अपने सहयोगी के साथ करोल बाग से हीरे और सोने के आभूषण लेकर कालकाजी में विभिन्न आभूषण शोरूमों में दिखाने गया। जब वे पंचशील फ्लाईओवर के पास आउटर रिंग रोड पर कालकाजी से मालवीय नगर जा रहे थे, तभी अचानक एक स्कूटी सवार दो लोगों ने उन्हें ओवरटेक कर लिया और तमंचे के बल पर लूट लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

### शिकंजा

= निशानदेही पर दिल्ली के न्यू उस्मानपुर से अजय और बिहार शरीफ से रंजन को भी गिरफ्तार कर लिया

**150 से ज्यादा सीसीटीवी खंगालीः** जांच के दौरान टीम ने 150 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। पुलिस को आरोपितों की स्कूटी वसंत विहार झुग्गियों के पास सड़क के किनारे खड़ी मिली। जांच में पुलिस को पता चला कि स्कूटी कई बार बेची गई है।

**35 से अधिक मोबाइल नंबरों का किया विश्लेषणः** पुलिस को पता चला कि स्कूटी फर्जी आईडी पर खरीदी गई है। पुलिस को दो नंबर मिले, जिसमे से एक नंबर बंद था। दूसरा नंबर आगरा, यूपी के पास दूरदराज के इलाके में बंद पाया गया। आगे पुलिस को 35 से अधिक मोबाइल नंबरों का विश्लेषण करने के बाद तीन संदिग्ध मोबाइल नंबर मिले। उक्त नंबरों की लोकेशन अक्सर नोएडा और करोल बाग इलाके में पाई गई। टेक्निकल सर्विलांस के आधार पर उत्तर प्रदेश के आगरा और बिहार के नालंदा स्थित बिहार शरीफ में कई बार छापेमारी की गई।

इसके बाद पुलिस ने गुप्त सूचना के बाद बिहार से राहुल उर्फ सोनू और पिंकू कुमार को गिरफ्तार किया। बाद में उनकी निशानदेही पर दिल्ली के न्यू उस्मानपुर से अजय और बिहार शरीफ से रंजन को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर 121 हीरे और सोने के आभूषण बरामद किए।

## न्यूज फ्लैश

### सुभाष पार्क में योग शिविर आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा/नारनौल**

केंद्रीय संचार ब्यूरो, भारत सरकार , सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालय नारनौल की ओर से आज सुभाष पार्क में योग शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर आयुष विभाग से डा. भूपेंद्र कुमार ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता व मंच संचालन योगाचार्य बजरंग जांगिड़ ने किया।

डा. भूपेंद्र कुमार ने योग से होने वाले फायदों के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्होंने बीपी, कमर दर्द, गले की समस्याओं व फेफड़ों को सुदृढ़ करने संबंधी आसान व योग के बारे में बताया। उन्होंने कोविड के दौरान सांस की तकलीफ आ रही मरीजों की मदद में योगा के महत्व के बारे में बताया व कहा कि इस महामारी से लोगों की जान बचाने में योग की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

इस मौके पर अधिवक्ता केशव सिंह ने कहा कि 2011 में योग से ही उनके पैरालिसिस का निदान हुआ व अब वह पूर्ण स्वस्थ हैं। एडवांस योगा ग्रुप प्रभारी सरोज ने श्रोताओं को संबोधित करते हुए बताया कि हम सभी को योग अवश्य करना चाहिए। इससे कई बीमारियों से निजात मिलती है व अनेक फायदे हैं जो कि हम लाखों रुपए खर्च करके भी प्राप्त नहीं कर सकते।

### अंकुश बड़कोदिया के फ्लाइंग अफसर बनने पर ग्रामीणों ने किया स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**

**नारनौल।** गांव कुतबापुर में जन्में अंकुश बड़कोदिया एयरफोर्स में फ्लाइंग अफसर (पॉयलेट) बने हैं। पॉयलेट बनने पर तीनों सेनाओं की अध्यक्ष एवं देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने उनके कंधों पर एयरफोर्स की विंग लगाकर उन्हें सम्मानित किया। अंकुश को कड़ी मेहनत एवं बुलंद हौसलों के बल पर एयरफोर्स की फाइटर टुकड़ी की प्रथम पंक्ति में शामिल होने का गौरव हासिल हुआ है। राष्ट्रपति से सम्मानित होने के उपरांत जब वह गांव में पहुंचे तो ग्रामीणों में जबरदस्त खुशी की लहर दौड़ गई और उन्होंने अंकुश का गाजे-बाजे से धूमधाम से स्वागत किया। इस मौके पर गांव के स्कूल में उनके सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें गणमान्य लोगों एवं ग्रामीण बड़े-बुजुर्गों ने उन्हें आशीर्वाद दिया। अंकुश के पिता राजपाल सरकारी टीचर हैं। इस मौके पर अंकुश बड़कोदिया ने कहा कि कड़ी मेहनत के बल पर बड़े से बड़े मुकाम हासिल किया जा सकता है। सही मार्ग दर्शन एवं लक्ष्य निर्धारित करके उस पर लगातार मेहनत करने की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि 12वीं करने के बाद वह सोनीपत के राई स्पोर्ट्स स्कूल से जुड़ गए थे तथा वहां उन्होंने स्वीमिंग की। इसी दौरान एनडीए के फार्म निकले तथा उसकी परीक्षा हुई, जिसमें वह सफल रहे। तीन साल तक पुणे में एनडीए की। उसके बाद वह पॉयलेट की ट्रेनिंग के लिए एक साल तक हैदराबाद रहे। वहां से पासआउट होने गत 17 जून को देश की राष्ट्रपति ने एयरफोर्स की विंग लगाकर उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने इस सफलता के पीछे अपने परिवारजनों के आशीर्वाद एवं मार्ग-दर्शन को बताया।

### टाटा एआईए वित्त वर्ष'23 में आईडब्ल्यूएनबीपी में शीर्ष 3 प्राइवेट जीवन बीमाकर्ताओं में शामिल

**गुरुग्राम।** टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (टाटा एआईए) ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में 7,093 करोड़ रुपये की व्यक्तिगत भारित न्यू बिजनेस प्रीमियम आय दर्ज की, जो वित्तीय वर्ष 2021-22 की 4,455 करोड़ रुपये की आय से 59% अधिक है। इस प्रदर्शन ने कंपनी को आईडब्ल्यूएनबीपी आय में निजी जीवन बीमाकताओं के बीच तीसरा स्थान दिलाया है। वित्त वर्ष की कुल प्रीमियम आय 42% बढ़कर 20,503 करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले वर्ष यह 14,445 करोड़ रुपये थी। वर्ष के दौरान, शुद्ध लाभ 615% बढ़कर 506 करोड़ रुपये हो गया जो वित्त वर्ष'22 में 71 करोड़ रुपये था। टाटा एआईए लाइफ द्वारा बीमांकित खुदरा बीमा राशि 3,07,804 करोड़ रुपये से बढ़कर 443,479 करोड़ रुपये हो गई है जो वित्त वर्ष'22 की तुलना में 44.08% अधिक है। निजी जीवन बीमाकताओं के बीच, वित्त वर्ष'23 में खुदरा बीमा राशि के आधार पर टाटा एआईए की बाजार हिस्सेदारी वित्त वर्ष 22 में 21% से बढ़कर 27% हो गई है।

### यूपी सरकार ने खान एकेडमी के साथ नए एमओयू पर हस्ताक्षर किए

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार ने 48,000 सरकारी हिंदी स्कूलों के 500,000 से अधिक छात्रों के लिए गणित की पढ़ाई के परिणाम में सुधार के लिए खान एकेडमी के साथ एक नए एमओयू पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की है। यह साझेदारी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी), माध्यमिक शिक्षा विभाग और समाज कल्याण विभाग सहित बेसिक शिक्षा विभाग की देखरेख वाले स्कूलों में विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए हिंदी में उच्च गुणवत्ता वाली गणित की सामग्री को सुलभ बनाएगी। इस पहल को एचडीएफसी बैंक द्वारा अपने सीएसआर अंब्रेला ब्रांड परिवर्तन का समर्थन दिया गया है। 2021 से, उत्तर प्रदेश सरकार केजीबीवी सरकारी स्कूलों में गणित सीखने के परिणामों में सुधार के लिए खान एकेडमी के साथ मिलकर काम कर रही है। इस पहल के उत्साहजनक परिणामों ने इस साझेदारी के विस्तार को प्रेरित किया है। खान एकेडमी ने शिक्षा प्रदान करने की प्रणाली को नया रूप दिया है और कक्षा के वातावरण में अपने निर्बाध एकीकरण के माध्यम से गणित सिखाने का प्रयास किया है जिसे शिक्षकों और छात्रों दोनों ने सराहा है।

# नपा ने 5 लाख में एंजेसी को किया टैंडर अलॉट

## प्रोपर्टी बिल वितरण का काम एप में प्लाट मालिक के फोटो के साथ होगा

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

**शहर में** प्रापर्टी टैक्स के बिल वितरण का कार्य करने के लिए नगरपालिका ने 5 लाख 50 हजार रुपए में हिसार की एम एस इन्फ्रा सोल्यूशन एजेंसी को टैंडर दिया है। साथ ही एंजेसी को 15 जुलाई तक टैक्स के बिल वितरण करने का समय दिया है। नगरपालिका की प्रापर्टी टैक्स से होने वाली आमदनी हर साल घट रही है। शहर में प्रापर्टी टैक्स के रुपये बकाया हैं। अब नगरपालिका ने प्रापर्टी टैक्स के बिल बांटने का ठेका दिया है। नगरपालिका के टेंडर लगाने के बाद तीन एंजेसियों ने आवेदन किया था। शहर



की सरकार यानि नगर पालिका की आय का प्रापर्टी टैक्स अहम मद है। हर साल नगरपालिका को प्रापर्टी टैक्स के बिल बांटने होते हैं। नगरपालिका हर साल अपने बजट में प्रापर्टी टैक्स से लाखों रुपये आमदनी का लक्ष्य रखती है। लेकिन बिल ना बांटे जाने की वजह से लक्ष्य के अनुसार प्रापर्टी टैक्स नही मिल पाता है। अब सरकार ने रजिस्ट्री के लिए प्रापर्टी आइडी अनिवार्य कर दी है। एनडीसी पोर्टल से बकाया प्रोपर्टी टैक्स जमा होने पर ही प्रापर्टी आइडी बनती है। प्रापर्टी टैक्स की रिकवरी में नगरपालिका को रिकवरी में आसानी होती है।

**शहर की करीब 23 हजार प्रापर्टी हैं:** नगरपालिका के हाऊस ब्रांच इन्चार्ज कंवल सिंह ने बताया कि शहर में सर्वे के अनुसार रिहायशी, कमर्शियल और खाली प्लाट सहित करीब 23 हजार प्रोपर्टी है। जिनमें रिहायशी 9981, व्यवसायिक 2506, औद्योगिक 20, खाली प्लाट 8325, स्पेशल कटेगरी 237, मिस यूज प्रोपर्टी 1139, टावर 3, कृषि 465 प्रोपर्टी है।

**बिल वितरण का काम 15 जुलाई तक हो जाएगा : मोर**

**नगरपालिका** के पालिका अभियंता राहुल मोर ने बताया कि बकाया प्रापर्टी टैक्स की रिकवरी के लिए बिल बांटे जाएंगे। बिल बांटने का ठेका दे दिया है। एजेंसी को 15 जुलाई तक बिल वितरण का काम पूरा करना है। प्रत्येक प्रोपर्टी आईडी में 23 रुपएं के हिसाब से प्रति प्रोपर्टी आई डी के हिसाब से पैमेंट दी जाएगी।

# हरियाणा कला परिषद के कलाकारों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

**हरियाणा** कला परिषद द्वारा आजादी का अमृतमहोत्सव के दौरान विभिन्न अवसरों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करवाकर कला और संस्कृति को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी कड़ी में सैनी समाज धर्मशाला में कला परिषद की ओर से लोक कलाकारों ने हरियाणवी और पंजाबी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर लोगों का मन मोहा। मौका था सिंधु दर्शन यात्रा के शुभारम्भ अवसर का। हिमालय परिवार हरियाणा द्वारा 27वीं सिंधु दर्शन यात्रा लेह लद्दाख का शुभारम्भ कुरुक्षेत्र से किया गया। जिसमें राजस्थान, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, गुजरात सहित विभिन्न प्रांतों के यात्री एकत्रित हुए। इस अवसर पर हरियाणा कला परिषद की ओर से कमल पेगां ने हरियाणवी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, वहीं सिमरनजीत सिम्मी ने पंजाबी लोक गायकी की प्रस्तुतियां दी। हरियाणवी परिधान में सजे कलाकारों ने भांग रगड़ के पिया करुं मैं कुण्डी सोटे आला सूं, बन्ना गिरी छवारे छोले पर बनड़ी ना बोले जैसे गीतों पर धमाल मचाते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

वहीं पंजाबी कलाकार सिम्मी ने जुगनी सुनाकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। एक के बाद एक दमदार प्रस्तुति ने माहौल को खुशनूमां बनाए रखा।

# सेवा साधना एवं ग्राम विकास केन्द्र में रुके मुख्यमंत्री मनोहर लाल और गडकरी



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**सोनीपत** से करनाल एक सडक मार्ग का शिलान्यास करने जाते समय मुख्यमंत्री मनोहरलाल और केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी अचानक पानीपत जिले के पट्टीकल्याणा गांव स्थित सेवा साधना एवं ग्राम विकास केन्द्र में रुके और वहां के प्रकल्पों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, पानीपत ग्रामीण के विधायक महिपाल ढांडा, गन्नौर की विधायक श्रीमति निर्मल चौधरी व पानीपत की भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता भी मौजूद रहे।

सेवा साधना केन्द्र के संरक्षक पवन जिंदल ने मुख्यमंत्री मनोहरलाल, केन्द्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला एवं अन्य का केन्द्र में पंहुचने पर स्वागत किया। समाजसेवी एवं उद्योगपति पवन जिंदल ने मुख्यमंत्री, केन्द्रीय मंत्री, उपमुख्यमंत्री और अन्य लोगों को केन्द्र की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी और परिसर का अवलोकन करवाया।

# एसो. ने बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य का लिया जायजा

**गन्नौर: बड़ी** औद्योगिक क्षेत्र फेज 1 में सड़कों का निर्माण कार्य जोरों पर है। मंगलवार को एमएसएमई औद्योगिक एसोएिसशन बड़ी के पदाधिकारियों ने एचएसआईआईडीसी के अधिकारियों के साथ मिल कर निर्माण कार्य का जायजा लिया। एसोसिएशन के प्रधान नवीन कौशिक ने सड़क निर्माण में प्रयोग में लाई जा रही निर्माण सामग्री की भी जांच की और साथ ही सड़क पर डाली जा रही तारकोल की परत की मोटाई को भी जांचा। हालांकि निरीक्षण दौरान एसोएिसशन को सड़क निर्माण के कार्य में किसी तरह की खामी नहीं मिली, लेकिन एसोसिएशन ने सड़क निर्माण का कार्य कर रहे ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़क निर्माण कार्य में भविष्य में भी किसी तरह की लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए।

# रोग निवारण शिविर में योग व प्राणायाम की क्रियाओं का अभ्यास करवाया

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**

भारतीय योग संस्थान ने शनिवार को लहरी सिंह पार्क में पांच दिवसीय मोटापा ,मधुमेह रोग निवारण शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में योग आचार्य छबील दास ने योग आसन एवं डा. प्रेम ने प्राणायाम का अभ्यास करवाया। शिविर में पहले दिन 103 लोगों ने हिस्सा लिया। भारतीय योग संस्थान के जिला प्रधान मास्टर ओम प्रकाश ने बताया कि योग के द्वारा मोटापा, मधुमेह व तनाव जैसी समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है। शिविर में लोगों को मोटापा, मधुमेह व तनाव से मुक्ति पाने के लिए विभिन्न योग व प्रार्णायाम की क्रियाओं का अभ्यास



करवाया जाएगा। योग आचार्य छबील दास ने कहा कि मोटापा एक भयंकर रूप धारण कर रहा है। गलत खानपान और शारीरिक श्रम का अभाव इस समस्या का मुख्य कारण है। उन्होंने कहा कि मधुमेह से डरने की आवश्यकता नहीं, योग तथा घरेलू उपचार से इसको नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से इस शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने बताया कि शिविर 21 जून तक चलेगा।

# टीम वीरेंद्र गोठड़ी ने की मानवता की मिसाल पेश

## गांव गोलवा में गरीब लड़की के विवाह में की मदद, लोग कर रहे प्रशंसा

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल।**

**'मरहम लगा** सको तो किसी गरीब के जख्मों पर लगा देना' हकीम बहुत है बाजारो में अमीरो के इलाज के खातिर' ये पंक्तियां गांव गोठड़ी के सरपंच वीरेंद्र गोठड़ी टीम के सराहनीय कार्य को चतियार्थ कर रही है। जिन्होंने गांव गोलवा में एक गरीब परिवार की शादी की में आर्थिक मदद की है। गरीब परिवार बिटिया की शादी मे होने वाले खर्चे को उठा नही पा रहा था। इस संबंध मे जैसे ही सरपंच विरेन्द्र गोठड़ी व



उसकी टीम को मिली तो उन्होंने मानवता की मिसाल पेश करते हुए बेटी की शादी में आर्थिक मदद की। इस सराहनीय कार्य को क्षेत्र के लोग वीरेंद्र गोठड़ी व उसकी टीम की प्रशंसा कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार गांव गोलवा के ज्ञानचंद स्वामी की तीन लड़कियो की शादी गांव बड़नगर मे तय हुई थी। पिता की मजदूरी से घर का पालन पोषण तक सीमित रह जाना वही तीन तीन बेटियो का खर्च उठाना ज्ञानचंद के लिए भारी हो गया था। जंहा जानकारी मिलने पर गरीब परिवार मे जन्मी तीन बहनों की शादी के लिए आर्थिक मदद का हाथ विरेंद्र गोठड़ी व उसकी टीम के द्वारा उठाया गया। जंहा टीम के द्वारा तीन जरूरतमंद बेटियों की शादी टीम सरपंच वीरेन्द्र गोठड़ी के द्वारा करवाई गई। साथ ही भातभरा भरकर क्षेत्र मे एक मिशाल कायम की। टीम के द्वारा तीन जोड़ी बेड, तीन टेबल, 6 कुर्सी, तीन चौकी, 71 बर्तनों की तीन जोड़ी व जरूरी सामान साथी संजू ठेकेदार थानवास, दीनाराम पूर्व सरपंच निजामपुर, प्रदीप जिला पार्षद राकेश नीमराना के द्वारा सरपंच विरेन्द्र गोठडी के नेतृत्व में करवाई गई। हांलाकि विरेन्द्र गोठड़ी व उसकी टीम के द्वारा इससे पहले 27 गांवो में गरीब परिवार की लड़कियो की शादी में सहयोग कर चुके है।

# डीसी ने सुनी नागरिकों की समस्याएं



**महेंद्रगढ/दिनेश नौताना**

**उपायुक्त मोनिका** गुप्ता ने आज यहां महेंद्रगढ़ के प्रशासनिक भवन में लगे कैंप कार्यालय में 51 लोगों की समस्या सुनी। इनमें से ज्यादातर का मौके पर ही समाधान किया तथा शेष को अधिकारियों को जल्द से जल्द निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यहां पर मिलने वाली हर शिकायत को अधिकारी व्यक्तिगत रुचि लेकर दूर करें। शिकायतों के बारे में अपने अधीनस्थ कर्मचारियों से जानकारी लेते रहे ताकि अविलंब समस्या का समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि अधिकारी शिकायत का मौका मुआयना करने के बाद उसकी रिपोर्ट मुझे भिजवाना सुनिश्चित करें। राज्य सरकार के निर्देश पर हर मंगलवार को महेंद्रगढ़ के प्रशासनिक भवन में यह कैंप कार्यालय इसी उद्देश्य के लिए लगाया जाता है ताकि लोगों को नारनौल न जाना पड़े। मेरी फसल मेरा ब्योरा के संबंध में आई शिकायतों पर उपायुक्त ने कृषि विभाग व कानूनगो से कहा कि शिकायतकताओं से मिलकर उनकी शिकायतों को दूर करें ताकि आमजन को परेशानी न हो।

उन्होंने कहा कि सामूहिक रूप से कार्य के लिए आने वाले नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए। अगर अधिकारी लोगों के साथ कनेक्ट रहेंगे तो उनकी समस्याओं को जल्द से जल्द दूर कर पाएंगे। अगर हम उनके कार्य जल्द से जल्द करेंगे तो कार्यालयों में भी अनावश्यक भीड़ नहीं आएगी।

# 6 कैटेगरी में की जाएगी एनीमिया की जांचः सिविल सर्जन

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा/नारनौल**

**सिविल** सर्जन डा. रमेश चंद्र आर्य ने गत दिवस नागरिक अस्पताल से गर्भवती महिलाओं को आयरन की गोलियां वितरित कर एनीमिया मुक्त सप्ताह का शुभारंभ किया। सिविल सर्जन डॉक्टर रमेश चंद्र आर्य ने बताया कि एनीमिया मुक्त सप्ताह के तहत 3 टी (परीक्षण, इलाज व बात) कैंप लगाकर सभी 6 कैटेगरी 6 से 59 माह, 5 से 9 वर्ष, 10 से 19 वर्ष, 20 से 24 वर्ष के बच्चों व गर्भवती महिलाओं की एनीमिया की जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि मजबूत शरीर तेज दिमाग के लिए सभी आयु वर्ग के लोगों को आयरन युक्त भोजन का सेवन करना चाहिए। आयरन युक्त भोजन के साथ विटामिन-सी युक्त चीजें खाने से आयरन का बेहतर समावेश होता है। इसलिए खाने में पत्ता गोभी, फूल गोभी, तरबूज, संतरा, नींबू, आंवला व टमाटर आदि खाना चाहिए।

# गौरवशाली भारत रैली में पार्षद के नेतृत्व में कार्यकर्ता पहुंचे

## कार्यकर्ताओं ने पुनीत राई के नेतृत्व में भाजपा हितैषी नारे लगाए

**टीम एक्शन इंडिया/राई**

**केन्द्र सरकार** के 9 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में सोनीपत की अनाज मंडी में आयोजित गौरवशाली भारत रैली में राई हलके से भाजपा के युवा नेता एवं निगम पार्षद पुनीत त्यागी के नेतृत्व में राई हलके से काफी संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे। कार्यकताओं ने पुनीत राई के नेतृत्व में भाजपा हितैषी नारे लगाए। इससे पूर्व कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के



आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए हरियाणा केन्द्र सरकार जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि 890 करोड़ रुपये की दिल्ली से पानीपत तक एनएच-44 पर 8 लेन के 11 फ्लाईओवर्स का लोकार्पण करेंगे। दोनों और 6 लेन की सर्विस रोड़ शामिल है। इन परियोजनाओं से हरियाणा की तस्वीर बदलेगी और हरियाणा के सडक रास्ते अमेरिका के बराबर होंगे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आत्मनिर्भर भारत का सपना निश्चित रूप से पूरा होगा।

इस मौके पर उनके साथ सुंदर जठेड़ी, वेदपाल शास्त्री, प्रदीप आंतिल, संजीत त्यागी, राकेश त्यागी, राकेश कौशिक, राजकुमार कौशिक, नरेश पांचाल, सोनू आंतिल, मोंटी, विनोद चौपड़ा, सौरव, अजय, प्रदीप आदि मौजूद थे।

# सप्त दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का हुआ शानदार समापन

**टीम एक्शन इण्डिया/राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ** माध्यमिक विद्यालय, कुरुक्षेत्र में आजादी के अमृत महोत्सव काल के अंतर्गत आयोजित एनएसएस सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का मंगलवार को शानदार समापन किया गया। विद्यालय के केशव सभागार में आयोजित समापन समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में पधारे राज्य एनएसएस अधिकारी, श्री दिनेश कुमार उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा, राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, खैरी के प्राचार्य दया सिंह स्वामी तथा राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कुरुक्षेत्र के प्राचार्य डॉ. सचिन्द्र कौड़ा द्वारा दीप प्रज्वलन तथा बुद्धि की



अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ। दीप प्रज्वलन के पश्चात विद्यार्थियों ने सरस्वती वन्दना तथा स्वागत गीत की शानदार प्रस्तुतियाँ दी। राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक डॉ. गिरधारी लाल तथा उनकी टीम ने मुख्य अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया। डॉ. गिरधारी लाल शर्मा ने मुख्यातिथि एवम सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुए हरियाणा सरकार एवम उच्चतर शिक्षा का राष्ट्रीय एकता शिविर आंरभ करने एवम पहला राष्ट्रीय एकता शिविर कुरुक्षेत्र को देने पर आभार प्रकट किया । कार्यक्रम एनएसएस के लक्ष्य गीत उठे समाज के लिए उठे-उठे के साथ प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम अधिकारी सुनील पौलस्त्य ने इस सात दिवसीय शिविर के दौरान आयोजित की गई गतिविधियों का सम्पूर्ण लेखा-जोखा अतिथियों के सम्मुख रखा। उन्होंने बताया कि इस शिविर में तेलंगाना, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, चंडीगढ़ तथा हरियाणा के महेंद्रगढ़, नूंह, पलवल, रोहतक, सोनीपत, पानीपत, यमुनानगर, पंचकूला, कुरुक्षेत्र जिलों से 205 स्वयंसेवकों तथा 20 कार्यक्रम अधिकारियों ने हिस्सा लिया। शिविर में स्वयंसेवकों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिदिन विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि श्री दिनेश कुमार जी ने समापन समारोह में बोलते हुए कहा कि यह हरियाणा प्रदेश के लिए सौभाग्य की बात है कि पूरे भारतवर्ष में विद्यालय स्तर की इकाइयों के राष्ट्रीय एकता शिविर आयोजन के लिए हरियाणा से शंखनाद किया गया। कुरुक्षेत्र तो वैसे भी ज्ञान और कर्म की भूमि रही है, सवांद के माध्यम से ही श्रीकृष्ण ने अर्जुन को जो उपदेश दिया वो आज विश्व में भगवतगीता के नाम से विख्यात है। यही संवाद हमें समाज से जोड़ता है, सम्बन्ध बनाता है, सद्भाव पैदा करता है और अंत में राष्ट्रीय एकता की ओर लेकर जाता है।समाज व देश के विकास में योगदान के लिए प्रेरित करता है।

# केंद्रीय विद्यालय ग्रुप केंद्र, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में हुआ आयोजन

**8 राकेश ने ऑनलाइन माध्यम से योग के इतिहास पर सेमिनार और पौष्टिक आहार के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया**

**टीम एक्शन इंडिया/राई।**

**ग्रुप केंद्र** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल खेवड़ा में स्थित केंद्रीय विद्यालय में हर आंगन योग के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। विद्यालय के योग प्रशिक्षक राकेश ने ऑनलाइन माध्यम से योग के इतिहास पर सेमिनार और पौष्टिक आहार के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया।



योगा विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, तनाव मुक्ति के लिए योगा कार्यक्रम का आयोजन तथा विद्यालय में सूर्य नमस्कार का आयोजन हुआ। सभी गतिविधियों में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों एवं स्टाफ ने कहा उत्साह पूर्वक भाग लिया। विद्यालय कार्यवाहक प्राचार्य राकेश कुमार ने बताया कि विद्यालय में संगीत के साथ योग कार्यक्रम एवं 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारत सरकार द्वारा भेजे गए। योग प्रोटोकॉल केअनुसार कार्यक्रम का आयोजन करवाया जाएगा।

# शालीमार गांव में निकाली गई जगन्नाथ रथ यात्रा







**निकाली यात्रा...**

**= इस यात्रा की शुरूआत शालीमार गांव से की गई और यह यात्रा शालीमार बाग से होते हुए वापसी शालीमार गांव पर आकर संपन्न हुई।**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र के शालीमार गांव इलाके में श्री जगन्नाथ यात्रा निकाली गई। इस यात्रा के आयोजक समाजसेवी अशोक कुमार रहे।

इस अवसर पर शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र की विधायक बंदना कुमारी, निगम पार्षद रेखा गुप्ता, निगम पार्षद जलज चौधरी, पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर, पूर्व पार्षद ममता नागपाल, शालामार ग्राम विकास सभा चेयरमैन हरीराम सैनी, वाईस चेयरमैन बालेराम, प्रधान डॉ. आईडी सैनी, ब्राह्मण समाज के चेयरमैन गोविन्द शर्मा, ब्राह्मण समाज के प्रधान एसके मुद्गल, समाजसेवी सूरज सैनी, मंडल महामंत्री विरेन्द्र सिंह पिन्टू, भाजपा नेता विशाल पाण्डेय, जितेन्द्र राजपूत, मामचद तंवर, अमरजीत, बीके सिंह, ज्योति सैनी के अलावा सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे। इस मौके पर शालामार ग्राम विकास सभा के वाईस चेयरमैन बालेराम ने बताया कि आज शालीमार गांव में भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य यात्रा निकाली गई। इसमें सर्व समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। वाईस चेयरमैन बालेराम ने आगे बताया कि शालीमार गांव के शिव मंदिर सैनी धर्मशाला से भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य यात्रा की शुरूआत हुई और यह यात्रा शालीमार बाग के कई ब्लॉको से होते हुए शिव मंदिर शालीमार गांव पर आकर सम्पन्न हुई। इस मौके शालामार ग्राम विकास सभा के प्रधान डॉक्टर आईडी सैनी ने बताया कि भगवान श्री जगन्नाथ सभी की सुनते है, जो व्यक्ति सच्चे मन से प्रभु की भक्ति करता है, उसका अवश्य ही कल्याण होता है।

इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजक अशोक कुमार ने कार्यक्रम में आये हुए सभी भक्तों का धन्यवाद किया।





# पटपड़गंज विधानसभा क्षेत्र में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कांग्रेस के प्रिय नेता राहुल गांधी के जन्मदिन पर पटपड़गंज विधानसभा के खिचड़ीपुर गांव कार्यालय में फ्री आई चेक-अप कैंप आयोजन किया। आई चेक-अप कैम्प में वरिष्ठ डाक्टरों की टीम ने सैंकड़ों गरीब और जरुरतमंद लोगों आंखों की जांच निःशुल्क करके उनको मौके पर ही चश्में व दवाईयां भी दी गई।

प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि मैं अपनी विधानसभा में राहुल के जन्मदिन पर पिछले 9 वर्षों से लगातार आंखों का निःशुल्क जांच शिविर लगाकर अपने नेता का जन्मदिन गरीब और जरुरतमंद लोगों की मदद करके मनाता आ रहा हूं। उन्होंने कहा कि मैं राहुल गांधी के स्वास्थ्य और लम्बी उम्र की कामना करता हूं। प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार की मौजूदगी में राहुल गांधी के जन्मदिन बच्चों द्वारा केक काटकर मनाया गया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कोषाध्यक्ष संदीप गोस्वामी, ब्लाक अध्यक्ष बिजेन्द्र चौधरी सहित क्षेत्रीय लोग भी भारी संख्या में मौजूद थे। अनिल कुमार ने कहा कि आज पूरे देश में कांग्रेस कार्यकर्ता और आम जनमानस राहुल की सोच और संदेश 'हम नफरत के बाजार में मौहब्बत की दुकान खोलने आए है' को जन-जन तक पहुंचाकर उनके जन्मदिन को सेलिब्रेट कर रहे है। उन्होंने कहा कि आदरणीय राहुल गांधी ने 3500 किलोमीटर से अधिक की भारत जोड़ो यात्रा में जो सुख शांति, आपसी भाईचारे, सांप्रदायिक सौहार्द का जो संदेश दिया उसको देश में भर प्रचारित करने की जिम्मेदारी हमारी है। उन्होंने कहा कि 135 करोड़ की जनसंख्या में राहुल गांधी एक ऐसा नाम है जो देशवासियों विशेषकर गरीब, पिछले व निचले स्तर के नागरिक के अधिकारों के लिए भाजपा की निरंकुश मोदी सरकार के खिलाफ अकेला लड़ रहा है।




## आप और भाजपा आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति कर रही: अनिल कुमार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अनिल** कुमार ने दिल्ली में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार और दिल्ली सरकार के बीच आरोप प्रत्यारोप की राजनीति और दिल्ली में सुरक्षा के प्रति असंवेदनशीलता के कारण दिल्ली कानून व्यवस्था का ढांचा ध्वस्त हो चुका है। दिन दहाड़े दो महिलाओं की घर में घुसकर हत्या होना और कॉलेज में छात्र की हत्या होने के बाद दिल्ली वाले डर के साये में जी रहे है।

# दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनिल कुमार का मनाया गया जन्मदिन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार के ढल्लूपुरा गांव स्थित निवास पर भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने उनके निवास पर पहुंचकर उन्हें जन्मदिन की बधाई दीं। जन्मदिन पर शुभकामनाऐं देने वालों में पूर्व विधायक, निगम पार्षद, पूर्व निगम पार्षद, जिला एवं ब्लॉक अध्यक्ष व प्रदेश पदाधिकारी भारी संख्या पटपड़गंज विधानसभा में उनके निवास स्थान पर पहुंचे। अनिल कुमार ने जन्मदिन के मौके पर कांग्रेस नेताओं और श्रमिकों की ओर मिठाई और केक भेंट के रुप उनका अभिवादन स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि वह कांग्रेस कार्यकर्ताओं के प्यार और स्नेह से अभिभूत थे। उन्होंने कांग्रेस को सत्ता में वापस लाने के लिए कार्यकर्ताओं को कड़ी मेहनत करने के लिए निरंतर प्रयास करते रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने उदाहरण पेश करते हुए कहा कि हमारे प्रिय नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ी यात्रा ने सत्ता में कांग्रेस की जबरदस्त वापसी के लिए लोगों के बीच नई आशा और दिशा के साथ नई शक्ति का उत्सर्जन हुआ है।



# 'कोरोना योद्धाओं की जान की कीमत नहीं लगाई जा सकती'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के सीएम अरविंद केजरीवाल के दिशा-निदेशों पर स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को कोरोना महामारी में ड्यूटी के दौरान कोविड-19 की चपेट में आकर अपनी जान गंवाने वाले कोरोना योद्धा स्वर्गीय मोहन सिंह नेगी के परिजनों से मुलाकात की। साथ ही उन्हें केजरीवाल सरकार की तरफ से एक करोड़ रुपए की सम्मान राशि का चेक सौंपा। स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बताया कि लाजपत नगर निवासी स्वर्गीय मोहन सिंह नेगी लाजपत नगर कॉलोनी अस्पताल में ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट के तौर पर कार्यरत थे। ड्यूटी के दौरान लोगों की सेवा करते हुए कोरोना संक्रमित हुए और 2 मई 2021 को उनका स्वर्गवास हो गया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि भले ही अनुग्रह राशि परिवार को हुए नुकसान की भरपाई ना कर पाए, लेकिन मुझे उम्मीद है कि परिजनों को इस आर्थिक मदद से अपना भविष्य संवारने एवं जीवन यापन में थोड़ी सहायता मिलेगी।



**स्वर्गीय मोहन सिंह नेगी ने जीवन के 32 साल लोगों की सेवा में किए थे समर्पित:** इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने स्वर्गीय मोहन सिंह के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और भविष्य में भी जरूरत पड़ने पर हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बताया कि स्वर्गीय मोहन सिंह नेगी ने अपने जीवन के करीब 32 साल लोगों की सेवा को समर्पित किये और साल 2028 में उनकी रिटायरमेंट थी। उनकी जान की कीमत तो नहीं लगाई जा सकती है, लेकिन यह 'सम्मान राशि' केजरीवाल सरकार के लिए कोरोना योद्धाओं द्वारा किए गए बलिदान को श्रद्धांजलि देने का एक तरीका है।



नरेला में भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य यात्रा निकाली गई। रथ यात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और भगवान श्री जगन्नाथ के जयकारे लगाए।

# बांकनेर: श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव व भंडारे का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**श्री** श्याम सेवा दल की ओर से मंगलवार को बांकनेर गांव के सामुदायिक विकास भवन में भव्य श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। महोत्सव में हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने श्याम बाबा के समक्ष माथा टेका और मन्नते मांगी। इस दौरान श्याम बाबा का फूलों से भव्य दरबार सजाया गया।

श्रद्धालुओं ने लंबी कतार में लगकर लखदातार की जय, हारे के सहारे की जय और खाटू नरेश की जय जैसे नारों से वातावरण को भक्तिमय कर दिया। संकीर्तन का शुभारंभ बाबा खाटू श्याम की प्रतिमा के सम्मुख अखंड ज्योति प्रज्वलित कर किया गया। संकीर्तन दौरान श्रद्धालुओं के चेहरे पर भक्ति का गजब उत्साह देखते ही बन रहा था श्री श्याम महोत्सव में विकास पासोरिया, राहुल प्रजापति, एकलव्य शर्मा व सोनम ने श्याम प्रभु खाटू वाले के भजनों की एक से बढ़कर एक सुंदर प्रस्तुति देकर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। सुबह 11 बजे शुरू हुआ संकीर्तन देर शाम तक चलता रहा। वही विशाल भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। इस अवसर पर खाटू श्याम का भव्य दरबार, अखंड ज्योति, अलौकिक श्रृंगार, छप्पन भोग, इत्र वर्षा का भी आयोजन किया गया। संकीर्तन महोत्सव में क्षेत्र की धार्मिक संस्थाओं श्री दादा माईवाला मंदिर (तलाब) धमार्थ सेवा समिती बाकनेर (रजि.) श्री खाटू श्याम भक्त मण्डल (रजि.) श्री श्याम सेवा ट्रस्ट (रजि.) श्री श्याम नवयुवक मण्डल नरेला (रजि.) श्री लखदातार सेवा मण्डल नरेला (रजि.) श्री सांवरिया सेवक मण्डल नरेला (रजि.) श्री श्याम परिवार नरेला (रजि.) श्री श्याम सांवरिया सेवक मित्र मण्डल नरेला (रजि.) श्री बजरंग सेवा संकीर्तन मण्डल नरेला (रजि.) श्री श्याम सेवा परिवार नरेला (रजि.) श्री श्याम संकीर्तन मण्डल भोरगढ़ (रजि.) नरेला आदर्श रामलीला कमेटी (रजि.) श्री श्याम मित्र मण्डल नाहरी (रजि.) हारे का सहारा सेवा समिति बांकनेर (रजि.) श्री श्याम शरणम् मित्र मंडल बांकनेर (रजि.) श्री श्याम युवा मण्डल स्वतंत्र नगर (रजि.) श्री खाटू श्याम मंदिर नरेला (रजि.) श्री श्याम मस्ताना मण्डल नरेला (रजि.) श्री खाटू श्याम सालासर बालाजी बस यात्रा ग्रुप होलम्बी (रजि.) श्री श्याम दीवाने परिवार नरेला (रजि.) श्री खाटू श्याम मित्र मण्डल नरेला (रजि.) श्री खाटू श्याम मंदिर स्वतंत्र नगर (रजि.) श्री श्यामा श्याम सखा मण्डल बुधविहार (रजि.) श्री श्याम प्रचार मण्डल निस्वार्थ चरण पादुका सेवा शास्त्री नगर (रजि.) श्री श्याम नाम परिवार नरेला (रजि.) माँ वैष्णो एकता मण्डल (रजि.) शिव शक्ति संगठन नरेला आदि ने विशेष सेवा सहयोग किया।





# विभिन्न विभागों के अधिकारी आपसी तालमेल करके करें बेहतर क्रियान्वयन : एडीसी अपराजिता

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** एडीसी अपराजिता ने कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले गरीबों को स्वयं रोजगार के लिए प्रेरित कर मिल का पत्थर साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वयं रोजगार मेलों में फरीदाबाद जिला के सैकड़ों गरीब परिवारों के हजारों लोगों को स्वयं रोजगार के लिए सक्षम बनाया है। एडीसी अपराजिता आज मंगलवार को अपने कार्यालय में मुख्यमंत्री अन्तोदय परिवार उत्थान मेलों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर मंत्रणा कर रही थी।



एडीसी अपराजिता ने अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार जिला फरीदाबाद में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत चिन्हित परिवारों की आय बढ़ाने के लिए प्रयास किये जा रहे है। इन मेलों के जरिये ब्लाक स्तर पर एक स्थान पर ही लाभपात्रों को सरकार के अलग अलग विभागों द्वारा क्रियान्वित की जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं का लाभ लाभार्थियों को प्रदान किया जा रहा है। बता दें कि प्रधानमंत्री स्टार्टअप योजना के माध्यम से लघु व्यवसाय शुरू करने के लिए बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराए जाते हैं। इसी तर्ज पर हरियाणा में भी मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में गरीब परिवारों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना लागू की गई है, जिसका मुख्य उद्देश्य अंत्योदय है।

यह योजना गरीब परिवारों के आर्थिक उत्थान में मील का पत्थर साबित हो रही है।

मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना सरकार की बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का मकसद है, कि अति गरीब परिवारों को विशेष अवसर देते हुए उन्हें अपना कारोबार शुरू करने के लिए किसी न किसी एक योजना के साथ जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि स्वरोजगार स्थापित करने के लिए उन्हें विभिन्न योजनाओं के माध्यम से ऋण दिया जा रहा है। यह ऋण बहुत ही आसान किस्तों में उपलब्ध करवाया जा रहा है। हरियाणा कौशल विकास द्वारा कोई भी आवेदक जो किसी भी कारण से अपनी पढ़ाई लगातार नहीं कर पाया है।

# आदिपुरुष फिल्म देश की सांस्कृतिक पर चोट

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के सभी ब्राह्मण** समुदाय के मौजिज लोगों की एक बैठक मंगलवार को श्री ब्राह्मण सभा सेक्टर-7 के कार्यालय नालंदा विद्यालय में सम्पन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रो. वी.के. शर्मा ने की। बैठक में कई प्रस्ताव पारित किए गए और कई मुद्दों पर निर्णय भी लिया गया।
बैठक में हाल ही में रिलीज फिल्म आदिपुरुष में रामायण के चरित्र वर्णन का विरोध करते हुए बताया कि जिससे लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई है।
इस फिल्म ने देश की संस्कृति पर गहरा आघात किया है। बैठक में इस फिल्म के प्रसारण पर तुरंत रोक लगाने और फिल्म निमार्ता एवं कलाकारों की इस औछी हरकत की कड़े शब्दों में निंदा की गई और उन पर न्यायिक प्रक्रिया प्रारंभ करने का सरकार से आह्वान किया।



बैठक में ब्राह्मण समाज को एकजुट करने के अलावा आपसी समन्वयक बनाने हेतु प्राथमिक इकाई विधानसभा व संसदीय क्षेत्र के नाम पर रखने का प्रस्ताव रखा गया, जिसको उपस्थित सभी ने मान्यता प्रदान की। इस संबंध संविधान बनाने हेतु प्रो.वी.के. शर्मा के तत्वाधान में एक संविधान समिति बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में बताया गया कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 11 प्रमोटर सदस्य लिए जाएंगे, जो सभी ब्राह्मण सम्प्रदायों से होंगे और उसी विधानसभा से संबंधित होंगे, जहां वह रहते है और उनका आधारकार्ड भी उसी क्षेत्र का होगा, जो सदस्य बनाए जाएंगे उसमें 30 प्रतिशत सदस्य मध्यम आयु वर्ग के होंगे। 10 प्रमोटर सदस्य अपने साथ-साथ और दस-दस सदस्य जोड़ेंगे, जिसकी विधानसभा में कुल संख्या 110 होगी, यही सभी साथी विधानसभा की कमेटी का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत देश विश्व गुरु बनने की तरफ निरंतर बढ़ रहा है : कृष्ण

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** मोदी जी की स्कीम है हर घर में नल और नल में जल यह कोई छोटी मोटी स्कीम नहीं है और बहुत बड़ी स्कीम है। पानी बहुत कीमती है और यह पानी हमें प्रकृति से मिला है। हमें पानी के दुरुपयोग से बचना है। भारत सरकार के भारी उद्योग एवं ऊर्जा विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने आज मंगलवार को बल्लभगढ़ गांव पन्हैड़ा कला के राजकीय प्राथमिक पाठशाला में जल जीवन मिशन लाभार्थी उत्सव कार्यक्रम में शिरकत की।
केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहाकि केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि हर घर में नल और नल में जल प्रधानमंत्री नरे‍?द्र मोदी ने 15 अगस्त, 2019 को जल जीवन मिशन की घोषणा की थी। इसका उद्देश्य सभी ग्रामीण परिवारों को नियमित और दीर्घकालिक आधार पर पर्याप्त मात्रा में (55 एलपीसीडी) पर्याप्त दबाव के साथ निर्धारित गुणवत्ता का पानी उपलब्ध कराना है। 2019 से 2023 ग्रामीण क्षेत्रों में 12 करोड़ 33 लाख घरों में घर में नल कनेक?शन के माध्यम से स?वच?छ पेयजल उपलब्ध हो रहा है। उन्होंने कहाकि पिछले 70 सालों में देश में सिर्फ 400 मेडिकल कॉलेज थे परंतु प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा सिर्फ 9 सालों में 300 अधिक मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं। पहले मेडिकल सीट की संख्या पूरे देश में सिर्फ 80 हजार थीं। पिछले 9 साल में सरकार द्वारा किए गए प्रयासों से यह संख्या बढ़कर एक लाख 80 हजार हो गई है। पहले भारत 8 लाख करोड़ के मोबाइल अन्य देशों से आयात करता था। परंतु आज भारत 3 लाख करोड़ के मोबाइल अन्य देशों में एक्सपोर्ट कर रहा है जिससे हमारा विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ेगा। भारत 2027 में दुनिया में सबसे बड़ी तीसरी आर्थिक ताकत का देश बनेगा। उन्होंने कहा कि अमृत काल में देश को विकसित दुनिया का सर्वश्रेष्ठ भारत बनाना है ।
दिव्यांगजन शिक्षा और खेलों सहित किसी भी क्षेत्र में आज समाज में पीछे नहीं है। देश की बागडोर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मजबूत हाथों में होने से भारत की सीमाएं,खजाना और नागरिक सुरक्षित हैं। हमारे देश में 15000 कानून जो किसी काम के नहीं थे उन्हें भाजपा सरकार ने खत्म कर दिया। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश को नई दिशा मिली है। उनके द्वारा लिए गए कड़े फैसलों और परिश्रम के कारण ही भारत 2027 तक दुनिया की तीन बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने जा रहा है।
प्रधानमंत्री द्वारा आमजन के लिए चलाई गई विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के कारण ही उन्हें 130 करोड़ लोगों का का आशीर्वाद प्राप्त है। आज भारत का जलवा पूरी दुनिया में कायम है भारत के अध्यक्ष अधिकतर देश भारत के साथ खड़े हैं। आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प मोदी जी ने लिया है पहले सेना का सम्मान किया जाता था 70 परसेंट समान का निर्माण हम स्वयं कर रहे हैं। मोदी जी ना होते धारा 370 न हटती, न राम मंदिर का निर्माण होता और न ही काशी का स्वरूप बदलता। आज देश के सभी तीर्थ स्थलों को नेशनल हाईवे से जोड़ा जा रहा है।
मोदी जी ने कहा था कि हम आंख दिखाकर या झुक कर बात नहीं करेंगे अगर देश हित के लिए बात होती है तो आंखों में आंखे डाल कर बात करेंगे। मोदी जी के रूप में देश को ऐसा महागुरु मिल गया है जिसके नेतृत्व में भारत देश निश्चित तौर विश्व गुरु बनने की तरफ आगे बढ़ रहा है। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने ग्रामवासियों की समस्याओं को सुना और आश्वासन दिया की जल्द से जल्द उनकी समस्याओं का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने पन्हेड़ा कला के विकास के लिए 10 लाख रुपये देने की घोषणा की तथा बारात घर (कम्युनिटी सेंटर) बनाने के लिए 25 लाख रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे भी जल संरक्षण का हिस्सा बनकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। सरकार की कोई भी जन कल्याणकारी योजना आम जन भागीदारी और जागरूकता से ही सही रूप से क्रियान्वित होती है।

# सोनीपत: कांस्य पदक विजेता सौरभ सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल के विद्यार्थी सौरभ ने अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता है। मंगलवार को कुलपति प्रो. राजेंद्र कुमार अनायत ने सौरभ को 11 हजार रुपये देकर सम्मानित किया।
कुलपति प्रो.राजेंद्र कुमार अनायत ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ अन्य सांस्कृतिक व खेलकूद गतिविधियों में भी हिस्सा लेना चाहिए। विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए खेल कूद सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

# फरीदाबादवासी प्रापर्टी आईडी, व पीने के पानी को लेकर परेशान : सुमित गौड़

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** प्रापर्टी आईडी बनवाने हो रहे भ्रष्टाचार, पीने के पानी की किल्लत, टूटी सडकें तथा बरसाती पानी की निकासी जैसे मुद्दों को लेकर कांग्रेसी नेताओं ने मंगलवार को नगर निगम कमिश्नर कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। सरकार विरोधी इस धरने-प्रदर्शन का आयोजन कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सुमित गौड़ व महिला कांग्रेस की नवनियुक्त जिलाध्यक्ष जया शर्मा द्वारा किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से एआईसीसी मेम्बर पराग शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रिंकू चंदीला, प्रदेश प्रवक्ता नीरज गुप्ता, कांग्रेसी नेता अनिल कुमार



नेताजी, युवा समाजसेवी वरुण बंसल, कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता बाबूलाल रवि, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता संजय सोलंकी, युवा कांग्रेसी नेता गौरव, भोला ठाकुर, कृष्णा शर्मा, ओमपाल शर्मा, सरपंच कपिल बघेल अलीपुर, सौरभ, किशन कोहली सहित भारी संख्या में सेक्टरवासी व कालोनीवासी मौजूद रहे। इस दौरान कांग्रेस कांग्रेस कार्यकताओं ने हाथों में तख्तियां व बैनर लिए भाजपा सरकार व नगर निगम अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।
धरने-प्रदर्शन में उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कांग्रेसी नेताओं ने भाजपा सरकार पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार जो जनसंवाद कार्यक्रम चलाए जा रहे है, वह योजनाबद्ध तरीके से चलाए जा रहे है, जहां-जहां यह जाते है, वहां पहले से ही इनके पन्ना प्रमुख व कार्यकर्ता मौजूद होते है और इनकी वाहवाही करते है,अगर इन्हें असली में जनसंवाद करना है तो वह सरकारी कार्यालय के बाहर धक्के खा रहे लोगों से करें तब इन्हें पता चलेगा कि इनकी सरकार कितनी पानी में है। उन्होंने कहा कि नगर निगम में प्रापर्टी आईडी बनवाने के नाम पर बड़ा भ्रष्टाचार चल रहा है, दलाल इस कार्य के लिए सक्रिय है, जो अधिकारियों व कर्मचारियों से काम करवान के लिए सैटिंग करते है, इससे साबित होता है कि आम आदमी के लिए प्रापर्टी आईडी बनवाना कितना कठिन कार्य है। उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकार सभी कार्यो को ऑनलाइन कर रही है, लेकिन सच्चाई यह है कि बिना रिश्वत के इस सरकार में कोई काम नहीं हो रहा। कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि एक दिन की बरसात ने पूरे शहर को जलमग्न कर दिया, जबकि अभी मानसून आना बाकि है। हालात यह है कि शहर में सडकों पर गड्ढे नहीं बल्कि गड्ढों में सडकें है, जिसके चलते लोग दुर्घटनाग्रस्त हो रहे है और उनके वाहन क्षतिग्रस्त हो रहे है, लेकिन सरकार व प्रशासन पूरी तरह से मौन है।

# शाहबाद, साहूपुरा खादर व अगवानपुर में किसानों के लिए जागरूकता कैंप आयोजित: डीसी

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि जिला फरीदाबाद में बागवानी विभाग की ओर से चलाए जा रहे बागवानी जागरूकता अभियान की कड़ी में आज मंगलवार को जिला के गाँव गाँव शाहबाद, साहूपुरा खादर तथा अगवानपुर में जागरूकता अभियान के आयोजन किया गया। इस जागरूकता कैम्प में विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारियों ने बताया कि बागवानी विभाग किसानों के लिए अनेक योजनाएं चला रहा है। जिसमें बाग लगाना, सब्जी उत्पादन, प्लास्टिक मल्चिंग



व टनल, बांस पर सब्जी की खेती, मधुमक्खी पालन, मशरूम उत्पादन, एकल जल तालाब एवं बागवानी यंत्र इत्यादि के बारे मे अनुदान के लिए विस्तार पूर्वक बताया। लूज फूल, कट फूल व बलबस फूल की खेती करने पर 25 प्रतिशत से 40 प्रतिशत तक प्रति एकड़ दिया जाने का प्रावधान है। बागवानी विभाग की योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसानों को ऐसे जागरूकता कैम्पों के माध्यम से निरंतर प्रोत्साहित भी किया जा रहा है।

# यमुनानगर: 6 किलो गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**
पुलिस की अपराध शाखा-1 की टीम ने 6 किलो गांजा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर मंगलवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।
पुलिस टीम के प्रभारी केवल सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति काफी मात्रा में नशीले पदार्थ लेकर टी प्वाइंट पांजुपुर के पास खड़ा हुआ है। इस सूचना के आधार पर टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर वहां घूम रहे व्यक्ति को काबू किया।

# सिलेंडर में गैस भरते समय ब्लास्ट, पांच बच्चे समेत सात झुलसे



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** चावला कॉलोनी में एक घर में बड़े गैस सिलेंडर से दूसरे सिलेंडर में गैस भरते समय हादसा हो गया। गैस सिलेंडर फटने से पांच बच्चे और दो व्यक्ति झुलस गए। इनमें चार बच्चों को गंभीर अवस्था में दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल भेजा गया है। अन्य शहर के निजी अस्पतालों में दाखिल कराए गए हैं।

चावला कॉलोनी के चौकी इंचार्ज चमनलाल ने बताया कि सोनू ठाकुर के घर में ही दुकान है, जिसे राजेश चलाता है। यहां शाम को एक गैस सिलेंडर से दूसरे गैस सिलेंडर में गैस भर रहे थे। इस दौरान अचानक सिलेंडर फट गया।
सिलेंडर फटने पर इसकी चपेट में उमेश पोद्दार(73), अपने पोते मानव और जियाश को खाने का सामान दिलाने के लिए दुकान पर गया था। इसमें वो तीनों व मौके पर दुकानदार राजेश व खेल रहे अन्य बच्चे झुलस गए। हादसा होने पर तुरंत बाद मौके पर समाज सेवी विनोद गोस्वामी, कृष्ण गोस्वामी व अन्य पहुंच गए और झुलसे बच्चों और लोगों को कार से बल्लभगढ़ अस्पताल ले गए। इसके बारे में सूचना मिलने के तुरंत बाद थाना शहर प्रभारी सतीश कुमार और चावला कॉलोनी पुलिस चौकी इंचार्ज चमन लाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस के अनुसार, चार वर्षीय मानव, तीन वर्षीय जियाश, 11 वर्षीय छवि, नौ वर्षीय आमरा को गंभीर अवस्था में दिल्ली सफदरजंग के लिए रैफर कर दिया है। जबकि आठ वर्षीय अब्दुल्ला, 25 वर्षीय राजेश, उमेश पोद्दार को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चौकी इंचार्ज चमनलाल का कहना है कि मामले की जांच शुरू कर दी है। इसमें जो लापरवाही सामने आएगी, उसी अनुसार कार्रवाई होगी।

# केजीपी पर ट्रक की टक्कर से बाइक सवार पत्नी की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
कुंडली-गाजियाबाद-पलवल(केजीपी) एक्सप्रेस-वे पर ट्रक की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार पति-पत्नी घायल हो गए। दोनों को अस्पताल लेकर गए, तो डाक्टरों ने पत्नी को मृत घोषित कर दिया। पति निजी अस्पताल में भर्ती है। जहां पर उसकी स्थिति अभी नाजुक बनी हुई है। गांव कमरावली जिला पलवल के रहने वाले कपिल ने थाना छांयसा पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह दिल्ली पुलिस में सिपाही है। उसे फोन पर किसी से सूचना मिली उसके माता-पिता का केजीपी पर एक्सीडेंट हो गया है




और वे उन्हें अस्पताल लेकर जा रहे हैं। वह बल्लभगढ़ अस्पताल पहुंचा तो डाक्टरों ने उसकी माता 50 वर्षीय मिथलेश को मृत घोषित कर दिया। जबकि उनके पिता जयचंद की हालत को नाजुक देखते हुए मोहना मार्ग स्थित एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया है। उनके माता-पिता केजीपी पर मोटरसाइकिल से अटाली जा रहे थे। पीछे से उनकी मोटरसाइकिल में ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वे सड़क पर गिर गए और दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दुघर्टना के बाद चालक ट्रक को भगाकर ले गया। थाना छांयसा प्रभारी सुरेंद्र कुमार का कहना है कि उन्होंने मृत कमेलश का बादशाह खान अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद शव स्वजन को सौंप दिया है। अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ लापरवाही व तेज गति से वाहन चलाने के आरोप में मुकदमा दर्ज करके तलाश शुरू कर दी है।

# National Highway पर सभी वाहनों पर फास्ट टैग लगाना अनिवार्य होना चाहिए

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** उपायुक्त एवं चेयरमैन विक्रम सिंह के आदेशानुसार व प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण फरीदाबाद जितेंद्र कुमार गहलावत डीटीओ एवं डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन के निर्देशनुसार एवं अउढ फरीदाबाद विनोद कुमार,सरदार देवेंद्र सिंह स्टेट रोड सेफ्टी काउंसिल हरियाणा सरकार & मेंबर ऑफ पार्लिम्नेट भारत सरकार के सदस्य के मार्गदर्शन, टोल आगरा प्राइवेट लिमिटेड ,क्यूब हाईवे ,रोड सेफ्टी ओमनी फाउंडेशन (रजि.) की पूरी टीम ने टोल प्लाजा गदपुरी में सड़क सुरक्षा सभी टोल कर्मिओं ने अपना अपना सदेश सड़क पर



खड़े होकर सड़क सुरक्षा के बोर्ड ,स्लोगन एवं सेल्फी के माध्यम से संदेश दिया गया जिस आप हमेशा ही जेबरा क्रॉसिंग पर ही रुके एवं पैदल सवारियों को समझाया कि आपका जीवन बहुत ही अनमोल है हर एक मिनट में एक एक्सीडेंट व तीन मिनट में मौत हो जाती है इसलिए सड़क हमेशा ध्यान पूर्वक पार करें, उल्टी दिशा में ना चले आप सभी अपने अपने गाड़ी के सभी चार पेपर अपने साथ हमेशा ही रखें इंश्योरेंस, आरसी, पोलूशन , ड्राइविंग लाइसेंस` नेशनल हाईवे पर पैदल यात्री चलते समय सड़क ओवरब्रिज पुल से ही सभी हमेशा पार करें, नेशनल हाईवे पर सभी यात्री ग्रिल से बिल्कुल ना कूदे अगर आपको नेशनल हाईवे पर चलते समय कोई परेशानी आती है तो कृपया आप नेशनल हाईवे का नंबर 1033 डायल करें या हरियाणा पुलिस कंट्रोल रूम 112 पर डायल करें आपको तुरंत सहायता पुलिस से अबश्य ही मिलेगी अउए एंबुलेंस नेशनल हाईवे पर जिला फरीदाबाद एवं पलवल में लगाई गई है आप इस टोल फ्री नंबर 18001800009 पर कभी भी फोन कर सकते हैं यह सुबिधा निःशुलक है, ओवरलोड गाड़ी को लेकर बिलकुल सड़क पर ना चले। सरदार नरेंदर सिंह सीनियर वाईस प्रेजिडेंट रोड सेफ्टी ओमनी फाउंडेशन (रजि.) ने कहा आप सभी टोल कर्मी ज्यादा से ज्यादा टोल प्लाजा पर एवं ज्यादा से ज्यादा लोगों को ट्रैफिक के नियम के बारे में जागरूक करें सड़क सुरक्षा पर सभी टोल प्लाजा कर्मिओ ने मिलकर सड़क सुरक्षा पर रैली निकाली सभी बच्चों एवं बड़े लोगो को बताया गया कि हमेशा अपनी साइड में चले एवं साइकिल भी अपनी साइड में चलाये जिसमें आम जनता को नए मोटर व्हीकल एक्ट 2019 के बारे में बताया गया भारत सरकार के द्वारा 15 फरवरी 2023 से 4 साल के सभी बच्चों को भी हेलमेट पहनना पुरे देश एवं प्रदेश में अनिवार्य कर दिया गया है।

# फरीदाबाद: महिला से सम्बंधित मामलों में पुलिस अधिकारी करे तुरंत कार्यवाही : रेनू

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने मंगलवार को एनआईटी में डीसीपी कार्यालय के पास सेक्टर-4 व 5 चौक पर डीडास बिल्डिंग में फरीदाबाद और पलवल जिला से सम्बंधित महिलाओं से सम्बंधित आठ केसों की सुनवाई की।
उन्होंने बताया कि हम पहले केस को खुद स्टडी करते है। फिर केस से सम्बंधित थानों के अधिकारियों से बात करते है। उसके बाद हम प्रार्थी सहित दोनों पार्टियों को बुलाते है। वहीं अलग-अलग तरह के केसों से सम्बंधित अधिकारियों से राय लेकर ही मामलों का



निपटारा किया जाता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने 2014-15 में प्रदेश में महिला थाने खुलवाए गए हैं। ताकि महिलाएं अपनी बात को खुलकर कह सके। रेनू भाटिया ने कहा कि महिला आयोग का उद्देश्य है, कि महिलाओं से सम्बंधित केसों का निपटारा शांतिपूर्ण तरीके से किया जा सके। उन्होंने कहा कि हम समय-समय पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में जाकर महिलाओं से जुड़ी हुए केसों के निपटारे का कार्यक्रम रखते है। इनमें जितने भी केस सम्बंधित जिला के चौकी, थाने, महिला थाने में महिलाओं से सम्बंधित दर्ज होते हैं। उनमें मामलों के लिए दोनों पार्टियों के लोगों को बुलवाते हैं।
उन्होंने कहा कि हरियाणा महिला आयोग दोनों पार्टियों को समन करते है और थानों के अधिकारियों को बुलाते है। दोनों पार्टियों को आमने सामने बैठाकर दोनों पक्षों की बातों को सुनकर केस का निपटारा कराते है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 21 जून 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# बिपरजॉय: राजस्थान के 5 जिलों में बाढ़

## चक्रवात से किसी की मौत नहीं हुई, नदी-नालों में डूबने से मरे लोग: गहलोत

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
**राजस्थान में** पहली बार मानसून से पहले बाढ़ जैसे हालात हैं। चार दिन में चक्रवात बिपरजॉय से कई इलाकों में इतना पानी बरसा कि मानसून सीजन का कोटा पूरा हो गया। बाड़मेर, पाली, राजसमंद, भीलवाड़ा, अजमेर के कई इलाकों में बाढ़ आ गई है। बीते 24 घंटे में पाली के मुठाना में 530 मिमी यानी 21.3 इंच बारिश हो चुकी है। पाली में भी 12 इंच बारिश हुई। बूंदी, अजमेर, भीलवाड़ा के सैकड़ों गांवों में बिजली गुल है। अब तक राज्य में 8 लोगों की मौत हो चुकी है। अजमेर में बारिश का 100 साल का रिकॉर्ड टूट गया। मौसम विभाग ने कोटा, बारां-सवाई माधेपुर में मंगलवार के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, मंगलवार दोपहर बाद जयपुर में भी तेज बारिश का दौर शुरू हुआ।

**सीएम ने किया हवाई सर्वेक्षण:** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मंगलवार



को बिपरजॉय चक्रवात से हुए नुकसान का जायजा लेने चौहटन और सांचौर पहुंचे। सांचौर में गहलोत ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण किया, जिसके बाद डाक बंगले में बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात करके उनकी समस्याओं को सुना। मुख्यमंत्री ने कहा तूफान और बाढ़ को देखते हुए हमने 25 टीमें एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की लगा रखी है। टीमों ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में बेहतर काम किया।

**सर्वे करवाकर दिया जाएगा मुआवजा:** सीएम ने कहा कि बाढ़ की वजह से कच्चे मकान बहुत ज्यादा टूटे हैं। कई मकान भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। सर्वे करवाकर मुआवजा दिया जाएगा। गहलोत ने कहा कि एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के नियम बने हुए हैं। उसके कारण समय पर मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को पत्र लिखा है कि नियमों को बदला जाए, ताकि सभी को तुरंत मुआवजा मिल सके।

### तूफान से किसी की मौत नहीं हुई: सीएम

**सीएम** ने कहा कि जालोर जिले के राजथल बीसलपुर गांव में सोमवार रात 62 लोगों को रेस्क्यू किया गया। बिपरजॉय चक्रवात से किसी की मौत नहीं हुई है। बरसात के बाद नदी-नालों में उफान आ जाता है। लोग तालाबों और नाड़ियों में तैरने जाते हैं... लापरवाही करते हैं, तब दिक्कत आती है। राजसमंद में 5 लोग मर गए और बाड़मेर जिले में भी डूबने से 5 लोग मरे। लोगों से अपील है कि अभी जो बरसात हुई है वह 6 महीने की एक साथ हो गई है। किसानों को भी आराम हो गया है। नदी-तालाबों में तैरने से दूरी बनाए रखें। चक्रवात से अजमेर में बारिश का 105 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया। यहां 17 जून 1917 में 119.4 मिमी बरसात एक ही दिन में हुई थी, जो अब तक जून में सर्वाधिक बारिश होने का रिकॉर्ड था।

# सीएम धामी ने दून मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण

### मुआयना किया

- मरीजों के तीमारदारों से बातचीत कर अस्पताल में मौजूद संसाधनों, डॉक्टरों की उपलब्धता की जानकारी ली

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**मुख्यमंत्री** ने मंगलवार को राजकीय दून मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने फैली गंदगी पर नाराजगी जाहिर करते हुए अधिकारियों को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के निर्देश दिए। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अस्पताल में आए मरीजों का हालचाल लेते हुए व्यवस्थाओं से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने मरीजों के तीमारदारों से बातचीत कर अस्पताल में मौजूद संसाधनों, डॉक्टरों की उपलब्धता, दवाइयों की उपलब्धता और खाने-पीने की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अस्पताल में



मौजूद मरीजों के लिए बन रहे खाने को स्वयं जाकर देखा। उन्होंने कहा कि मरीजों को मिलने वाले भोजन में किसी तरह की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। सभी तरह के पोषक तत्व भोजन में पाए जाए, इसका भी विशेष ध्यान रखा जाए।

**मरीजों को लंबी लाइन में ना लगाना पड़े:** मुख्यमंत्री ने पंजीकरण डेस्क में जाकर प्रतिदिन आने वाले मरीजों की संख्या के बारे में जाना। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि स्वास्थ्य संबंधित जांच के लिए अस्पताल आए मरीजों को लंबी लाइन में ना लगना पड़े, इसके लिए पंजीकरण डेस्क की संख्या में भी बढ़ोतरी की जाए। मुख्यमंत्री ने इमरजेंसी वार्ड में जाकर वहां मौजूद डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ, से भी वार्ता की। उन्होंने अस्पताल में मौजूद डॉक्टरों की उपस्थिति और उपचार में इस्तेमाल हो रही विभिन्न आधुनिक मशीनों के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अस्पताल में यह व्यवस्था भी सुनिश्चित किया जाए कि मरीजों को बेवजह घूमना ना पड़े।

# बिहार में 74 की मौत: लू से सिर्फ 4 की गई जान:मंत्री



**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
**बिहार में** भीषण गर्मी और लू से हाहाकार मची है। गुरुवार से सोमवार तक अलग-अलग जिलों में 74 लोगों की जान जा चुकी है। सिर्फ सोमवार को 20 से अधिक लोगों की लू और गर्मी से मौत हो गई। हालांकि, बिहार सरकार का कहना है कि लू लगने से अबतक सिर्फ 4 लोगों की मौत हुई है।

बिहार के आपदा प्रबंधन मंत्री शाहनवाज आलम ने कहा कि राज्य में लू लगने से अब तक सिर्फ चार मौतें हुई है। मंत्री ने कहा कि पिछले 48 घंटों के दौरान राज्य में हीट स्ट्रोक से मरनेवालों में जहानाबाद के दो और भोजपुर के दो लोग शामिल हैं। बिहार सरकार के मंत्री ने दावा किया कि अन्य 22 लोगों की मौतें किसी अन्य कारण से हुई है। मंत्री शाहनवाज ने कहा कि पांच लोगों के शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजे गए है। रिपोर्ट मिलने के बाद उनके मौत के पीछे का कारण पता चल पाएगा।

### आंकड़ों में हेर-फेर

- भोजपुर जिला प्रशासन ने पिछले दो दिनों में जिले में हीट स्ट्रोक से पांच लोगों की मौत की पुष्टि की है

हालांकि, मंत्री से पूछा गया कि भोजपुर जिला प्रशासन के आपदा प्रबंधन विभाग (डीएमडी) ने पिछले दो दिनों में जिले में हीट स्ट्रोक से पांच लोगों की मौत की पुष्टि की है। इसपर शाहनवाज ने चुप्पी साध ली।

**शिक्षक, रेलकर्मी सहित तीन पुलिसकर्मियों की मौत:** बता दें कि सोमवार तक लू के कारण मरने वालों में गोपालगंज के एक शिक्षक, सिवान व गया में तैनात एक-एक सिपाही शामिल हैं। नालंदा जिले के इस्लामपुर में ड्यूटी के दौरान एक रेलकर्मी और एएसआइ की जान चली गई। राजगीर में निजी कंपनी के गार्ड की मौत हो गई।

# मॉडल जनपद के रूप में विकसित होगा चंपावत: धामी

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
मुख्यमंत्री ने कहा कि मॉडल जिले के रूप में विकसित किया जा रहा चंपावत न केवल उत्तराखंड के लिए बल्कि सभी हिमालयी राज्यों के लिए एक आदर्श बनेगा। चंपावत के विकास के लिए किए जा रहे इनोवेटिव प्रोजेक्ट्स देश के सभी पर्वतीय राज्यों और जिलों के लिए गाइडलाइन का काम करेंगी। चंपावत जिले को मॉडल जिला के रूप में विकसित करने में लगे जिला प्रशासन के साथ ही सभी सम्बन्धित स्टेकहोल्डर्स को मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इस सम्बन्ध में अभी तक हुए डॉक्यूमेन्टेशन को शत प्रतिशत



धरातल पर उतारा जाए और इसकी निरन्तर निगरानी की जाये। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय में मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार कार्यालय भारत सरकार के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जनपद चम्पावत को "आदर्श जनपद चम्पावत" के रूप में विकसित किये जाने के लिए किये गये कार्यों की समीक्षा और आगामी कार्यक्रमों के संबंध में आयोजित बैठक में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री धामी ने मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार कार्यालय भारत सरकार के प्रतिनिधियों का चंपावत में जाकर तैयार की गई चंपावत के भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप विकास की संभावना, साइंस एवं टेक्नोलॉजी के आधार पर विकास की संरचना पर आधारित क्लाइमेंट एडापटिव एग्रीकल्चर पुस्तिका का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि साइंस एवं टेक्नोलॉजी के माध्यम से जनपद चंपावत के अंदर किस प्रकार विकास को स्थापित कर सकते हैं, इस पर भी योजनाएं बनाई जाएं। उन्होंने कहा कि कृषि, बागवानी, स्वास्थ्य शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं पर भी ध्यान दिया जा रहा है। महानिदेशक यूकॉस्ट प्रो. दुर्गेश पंत ने बताया कि चंपावत जिले में साइंस सेंटर की स्थापना की जाएगी।

### विकास पर फोकस

- कृषि, बागवानी, स्वास्थ्य शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं पर भी ध्यान दिया जा रहा है: सीएम धामी

# कांग्रेस ने हमेशा सनातन धर्म का अपमान किया है : मौर्य

**टीम एक्शन इंडिया/जालौन**
उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने केंद्र में मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण जनसभा को उरई में संबोधित किया। उरई के टाउनहाल मैदान में केशव प्रसाद मौर्य ने जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान वह विपक्ष पर हमलावर हुए। उन्होंने मीडिया को बयान देते हुए बताया कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा सनातन धर्म का अपमान किया है। कांग्रेस को यूपी की जनता ने पहले ही बाहर कर दिया है। गीता प्रेस को लेकर भी केशव बोले। उन्होंने कहा कि गीता प्रेस एक प्रिंटिंग प्रेस ही नहीं बल्कि भारतीय सनातन को बनाए रखने वाली जीवन रेखा है। गीता प्रेस को गांधी शांति पुरस्कार मिलना गौरव की बात है। वह मणिपुर हिंसा को लेकर बोले कि प्रधानमंत्री मणिपुर हिंसा को लेकर बैठक कर रहे हैं।

### कांग्रेस को घेरा

- कांग्रेस पार्टी ने हमेशा सनातन धर्म का अपमान किया है। कांग्रेस को यूपी की जनता ने पहले ही बाहर कर दिया है

# पांच करोड़ टर्नओवर वाले निर्माताओं को मिले छमाही रिटर्न से छूट

**टीम एक्शन इंडिया/मेरठ**
**उद्योग** व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत की जा रही कार्रवाई का विरोध किया है। मंगलवार को जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन भेजकर व्यापारियों ने पांच करोड़ टर्नओवर वाले निर्माताओं से ऑनलाइन सालाना व छमाही रिटर्न की व्यवस्था समाप्त करने की मांग उठाई। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल के नेतृत्व में व्यापारियों ने प्रदेश के खाद्य सुरक्षा व मानक प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय में दिया। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में रजिस्ट्रेशन के लिए 12 लाख तक के टर्नओवर की सीमा तय की गई है।

### व्यवस्था

- पांच करोड़ टर्नओवर वाले निर्माताओं से ऑनलाइन सालाना व छमाही रिटर्न की व्यवस्था समाप्त करने की मांग




# दो वांछित बदमाशों को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**द्वारका के** भाजपा नेता सुरेंद्र मटियाला की हत्या और मोहन गार्डन थाना इलाके में फायरिंग कर-के 50 लाख की फिरौती मांगने के मामले में वांछित दो बदमाशों को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान रोहित शर्मा उर्फ अन्ना उर्फ गोलू और उसके साथी संजू उर्फ सुशांत राणा के रूप में हुई है। अन्ना नंदू गैंग का सदस्य है, जो नंदू की गैर-मौजूदगी में इलाके में हत्या और हमला करने जैसी वारदातों को अंजाम देता है।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को जन्मदिन की बधाई देने पहुंचे बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा।

### उल्लेख किया

स्मारक डाक टिकट का रिमोट दबाकर अनावरण एवं एल्बम के माध्यम से विमोचन किया

# 'डाक विभाग ने ऐतिहासिक विरासतों पर गर्व करना सिखाया'

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को राजभवन स्थित गांधी सभागार में केन्द्रीय संचार राज्यमंत्री देबू सिंह चौहान के साथ राजभवन उत्तर प्रदेश पर जारी स्मारक डाक टिकट का रिमोट दबाकर अनावरण एवं एल्बम के माध्यम से विमोचन किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने केन्द्रीय संचार राज्यमंत्री द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभागी होने का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि राजभवन मंत्रीगणों के लिए भ्रमण और मुलाकात का स्थल रहा है। पहली बार राजभवन में



आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय राज्यमंत्री ने प्रतिभाग किया है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के दायित्वों की चर्चा करते हुए कहा कि सकारात्मक सोच के जनप्रतिनिधि और अधिकारी जनता के कार्यों को आसान कर देते हैं।

जनप्रतिनिधियों को जनहित में नियम और कार्य प्रणाली बनाने एवं अधिकारियों को जनता से संवेदनात्मक स्तर तक जुड़ कर कार्य सम्पादन करने के लिए प्रेरित किया। राज्यपाल ने राजभवन की गतिविधियों का उल्लेख भी किया और कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से राजभवन को आम जनता के लिए भी खोला गया है। यहां के हरे-भरे उद्यान के प्राकृतिक वातावरण में लोग रोजाना सुबह भ्रमण के लिए आते हैं।

उन्होंने राजभवन में प्रतिवर्ष होने वाली अद्वितीय प्रादेशिक शाक-भाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी का विशेष जिक्र अपने सम्बोधन में करते हुए बताया कि इस प्रदर्शनी में दूर दराज से किसानों और बागबानों द्वारा प्रतिभाग किया जाता है।